सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:38

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.0 न्यू | 23.0 अधि |
| धर्मशाला | 6.8 न्यू | 19.3 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79223.11 |
| निफ्टी | 24004.75 |
| सोना | 79,200 |
| चांदी | 92,444 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in




आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 6 जनवरी 2025 | 23 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 19, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### विदेशी स्टूडेंट्स के लिए 2 स्पेशल कैटेगरी वीजा शुरू

**नई दिल्ली।** भारत ने देश के शैक्षणिक संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विदेशी स्टूडेंट्स के लिए दो स्पेशल कैटेगरी वीजा शुरू किए हैं। गृह मंत्रालय की तरफ से पेश किए गए ई-स्टूडेंट वीजा और ई-स्टूडेंट-एक्स वीजा के लिए स्टडी इन इंडिया (एसआईआई) पोर्टल का उपयोग करना होगा। ई-स्टूडेंट वीजा का फायदा पोर्टल पर रजिस्टर्ड स्टूडेंट उठा सकते हैं, जबकि ई-स्टूडेंट-एक्स वीजा, ई-स्टूडेंट वीजा रखने वालों के आश्रितों को दिया जाता है।

### किश्तवाड़ में नदी में गिरी गाड़ी, 4 की मौत



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को एक बोलेरो नदी में गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पद्दार इलाके में हुई दुर्घटना के बाद चालक समेत दो लोग लापता हैं। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान जारी है। उधमपुर से सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया।

### हरियाणा में भूकंप से फिर डोली धरती



**चंडीगढ़।** हरियाणा के सोनीपत में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। 12 दिन में सोनीपत में भूकंप के तीसरी बार झटके लगे हैं। रविवार सुबह 3 बजकर 57 मिनट पर भूकंप के झटके लगे। जमीन की 10 किलोमीटर गहराई तक हलचल महसूस की गई है। भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.0 रही। फिलहाल, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इसके पहले 25 और 26 दिसंबर को भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

### भगदड़ मामले में एक्टर अल्लू अर्जुन पुलिस के समक्ष पेश



**हैदराबाद।** फिल्म पुष्पा-2 के प्रीमियर में भगदड़ के दौरान एक महिला की मौत के मामले में तेलुगू अभिनेता अल्लू अर्जुन रविवार को पुलिस के समक्ष पेश हुए। मामले में आरोपी नंबर 11 के रूप में सूचीबद्ध अर्जुन को 3 जनवरी को अदालत ने नियमित जमानत दी थी। अदालत के निर्देशों के अनुसार अभिनेता को 2 महीने की अवधि के लिए या आरोप पत्र दायर होने तक हर रविवार को जांच अधिकारी के सामने पेश होना है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- भाजपा के 16 में से नौ जिला अध्यक्ष सर्वसम्मति से निर्वाचित -पेज 3
- रिवालसर झील परिक्रमा सड़क मार्ग की हालत खस्ता -पेज 5
- धुंध और घने कोहरे ने रोकी रेलगाड़ियों की रफ्तार -पेज 10
- भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की मांग 4 फीसदी बढ़ने का अनुमान -पेज 13
- अगर टेस्ट क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्धता है तो घरेलू क्रिकेट खेलो: गंभीर -पेज 14


# 'आप-दा' से कम नहीं दिल्ली सरकार भाजपा करेगी सपने साकार : मोदी

## केजरीवाल को प्रदूषण, शराब, स्कूल घोटाले और शीशमहल मुद्दे पर घेरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को राजधानी दिल्ली में 12 हजार 200 करोड़ रुपए से ज्यादा की योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए। उन्होंने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ 'नमो भारत' कॉरिडोर के साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक के सेक्शन का भी उद्घाटन किया।



परिवर्तन रैली

दिल्ली में किए 12 हजार 200 करोड़ की योजनाओं के उद्घाटन शिलान्यास

जापानी पार्क में परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने दिल्ली की 'आप' सरकार पर जमकर निशाना साधा। पीएम ने केजरीवाल को दिल्ली प्रदूषण, शराब घोटाले, स्कूल घोटाले और शीशमहल जैसे मुद्दों पर घेरा। मोदी ने कहा कि दिल्ली की आप-दा सरकार के पास न कोई विजन है, न दिल्ली वालों की परवाह है। उन्होंने हर मौसम को आपदाकाल बना दिया। जब काला चिट्ठा सबके सामने उजागर किया तो मुझ पर भड़कने लगे। दिल्ली सरकार 'आप-दा' से कम नहीं है। भाजपा पार्टी लोगों के सपनों को साकार करेगी। उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मैं आपसे अनुरोध करने आया हूं कि आप भाजपा को एक अवसर प्रदान करें। यह भाजपा ही है जो दिल्ली का विकास कर सकती है।

### सामने आए कारनामे तो बौखला गए

**पीएम** ने कहा कि दिल्ली चुनाव में अपनी हार सामने देखकर 'आप-दा' वाले बौखला गए। दिल्ली को डरा रहे हैं, झूठ फैला रहे हैं कि भाजपा आएगी तो योजनाएं बंद हो जाएगी। मैं भरोसा दिलाने आया हूं कि भाजपा सरकार में दिल्ली में जनहित की कोई योजना बंद नहीं होगी, लेकिन बेईमानों का जो ठेका है, उनको बाहर निकाला जाएगा।

### नमो भारत ट्रेन में की यात्रा, स्कूली बच्चों से की बात

**प्रधानमंत्री** मोदी ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा की। यात्रा के दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों और अन्य लोगों से बातचीत की। वहीं, पीएम ने नई दिल्ली के रोहिणी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) के लिए नए अत्याधुनिक भवन की आधारशिला भी रखी, जिसका निर्माण लगभग 185 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा।

### रचा कीर्तिमान: भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क बना

**'नमो** भारत' कॉरिडोर के साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक के सेक्शन के उद्घाटन के साथ ही मेट्रो रेल नेटवर्क के मामले में भारत ने कीर्तिमान रच दिया है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क बन गया है। पिछले 10 साल में मेट्रो रेल नेटवर्क तीन गुना वृद्धि हुई है। 11 राज्यों के 23 शहरों में मेट्रो रेल नेटवर्क है। 2014 में यह केवल 5 राज्यों के पांच शहरों में था। 10 साल पहले केवल 248 किलोमीटर मेट्रो रेल नेटवर्क था और अब 10 साल बाद यह बढ़कर 1000 किलोमीटर का हो गया। 2014 के 28 लाख यात्रियों की तुलना में 2.5 गुना से अधिक वृद्धि है। मेट्रो ट्रेनें आज हर राज कुल 2.75 लाख किलोमीटर की यात्रा करती हैं, जो एक दशक पहले के दैनिक 86 हजार किलोमीटर का तीन गुना है।

# दिल्ली के लोग भाजपा से बदला लेने को हैं तैयार : केजरीवाल

- बोले- हर रोज दिल्ली के लोगों को गालियां देकर पीएम कर रहे अपमान
- हर पांच साल में झूठ बोलकर करते झूठे वादे करते नहीं कुछ काम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** के पूर्व मुख्यमंत्री और 'आप' संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता भाजपा और केंद्र सरकार से नाराज है। जनता भाजपा से बदला लेने को तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि पीएम हर रोज दिल्ली के लोगों को गालियां देकर उनका अपमान कर रहे हैं। दिल्ली के लोग चुनाव में भाजपा को इस अपमान का जवाब देंगे। लोगों की शिकायत है कि पीएम हर पांच साल में झूठ बोलने आते हैं। पीएम झूठे वादे करते हैं, लेकिन काम कुछ नहीं करते। दरअसल, पीएम मोदी ने रविवार को दिल्ली में कई योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास के बाद कहा कि 'आप-दा' सरकार ने दिल्ली में आपदा लाई है। दिल्ली में सभी बड़े प्रोजेक्ट्स केंद्र की भाजपा सरकार कर रही है। भाजपा ने 'आप' नेताओं को जेल में डाला।

केजरीवाल ने कहा कि हमने दिल्ली को एनसीआर से जोड़ने वाली रैपिड रेल के पहले चरण समेत तीन प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। ये उन लोगों को जवाब है, जो कहते हैं कि आम आदमी पार्टी लड़ती बहुत है। सच यह है कि 'आप' दिल्ली के लोगों के लिए काम करती है। अगर हम अपने ऊपर हुए अत्याचार को मुद्दा बनाते तो आज यह आरआरटीएस की लाइन नहीं बनती।



### हमने दिल्ली के कामों को पार्टी से ऊपर रखा

**केजरीवाल** ने कहा कि हमने दिल्ली के कामों को पार्टी से ऊपर रखा है। जेल से निकलने के बाद हमने कहा कि कुछ भी हो जाए, यह लोग कितना भी अत्याचार कर लें, लेकिन दिल्ली के काम नहीं रुकने चाहिए। बीते 10 साल का 'आप' का सफर यही दिखाता है कि दिल्ली के कामों को, दिल्ली के लोगों के विकास को हमने पार्टी से ऊपर रखा। उन्होंने कहा कि जब भी जरूरत पड़ी, हमने केंद्र सरकार के आगे हाथ जोड़े, पैर पड़े। भाजपा ने मोहल्ला क्लीनिक दो साल के लिए रोके, सीसीटीवी रोके। हमने संघर्ष करके इनकी फाइलें क्लीयर करवाईं।

# पांवटा साहिब में खाई में गिरी पिकअप, दो युवकों की मौत

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

**पांवटा** साहिब एनएच-707 बद्रीपुर-गुम्मा पर बड़वास के कालीढांग के पास एक पिकअप खाई में गिरी गई। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा शनिवार देर रात को हुआ।

हादसे का पता रविवार सुबह चला, जब स्थानीय व्यक्ति ने गाड़ी का मलबा देखा और पुलिस को सूचित किया। खाई की गहराई के कारण शवों को निकालने में बचाव दल को खासी मशक्कत करनी पड़ी। ग्रामीणों की मदद से शवों को खाई से बाहर निकाला, जिसके बाद पुलिस ने शव कब्जे में लिए। मृतकों की पहचान गुड्डू नेगी पुत्र अतर सिंह (25 वर्ष) निवासी ऐराना शिलाई के रूप में हुई है, जबकि दूसरे का पहचान मुकेश के रूप में हुई है। पुलिस जांच में जुट गई है। नायब तहसीलदार कमरऊ ओम प्रकाश ठाकुर ने बताया कि सूचना पर प्रशासन मौके पर पहुंचा और स्थानीय लोगों की मदद से शवों को बाहर निकाला। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि हादसा कब और कैसे हुआ। डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि फिलहाल चालक की शिनाख्त हुई है। पुलिस आगामी कार्रवाई में जुट गई है।



### बीपीएससी विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली।** बिहार लोक सेवा आयोग यानी बीपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा रद्द करने की मांग का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। याचिका में बीपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा रद्द करने का आदेश जारी करने की मांग की है। याचिका में प्रदर्शनकारी छात्रों पर किए गए लाठीचार्ज के लिए जिले के एसपी और डीएम के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने की गुहार भी लगाई गई है। सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका दाखिल की है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में परीक्षा के दौरान व्यापक धांधली का आरोप लगाया है। इस पूरे प्रकरण की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में सीबीआई से कराए जाने का आग्रह किया है।

# पोरबंदर एयरपोर्ट पर हेलिकॉप्टर क्रैश, दो पायलट समेत तीन की मौत

**एजेंसी, पोरबंदर**

**गुजरात** के पोरबंदर एयरपोर्ट पर रविवार दोपहर करीब 12 बजे तटरक्षक बल का एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हादसे में दो पायलट समेत तीन की मौत हुई है।

भारतीय तटरक्षक बल का हेलिकॉप्टर एएलएच (एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर) ध्रुव रुटीन उड़ान पर था, जिस दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। हादसे में क्रू के सदस्यों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। क्रू के सदस्यों को जली हुई हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। यह हादसा हेलिकॉप्टर की लैंडिंग के वक्त हुआ। लैंडिंग के दौरान हेलिकॉप्टर में आग लग गई। हेलिकॉप्टर में दो पायलट समेत कुल तीन लोग थे, जिनकी मौत हो गई। गुजरात के पोरबंदर के एसपी भगीरथ सिंह जडेजा ने बताया कि पुलिस और तटरक्षक बल हादसे की वजह की जांच कर रहे हैं।



# काजा में दो मेगावॉट का सोलर पावर प्लांट स्थापित : सुक्खू

## मुख्यमंत्री बोले- हिमाचल को 'ग्रीन स्टेट' बनाने के लिए प्रयास कर रही प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जनजातीय क्षेत्र काजा में बिजली व्यवस्था को सुनिश्चित और सुचारु बनाने के लिए दो मेगावॉट का सोलर पावर प्लांट स्थापित किया है। कुछ ही महीनों में एक एमडब्ल्यूएच बैटरी स्टोरेज को भी इसमें जोड़कर प्लांट को पूर्ण रूप से स्थापित कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य को 'ग्रीन स्टेट' बनाने के लिए सोलर पावर का अधिक से अधिक दोहन करने का प्रयास कर रही है और मांग के आधार पर अलग-अलग क्षेत्रों में ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिजली बोर्ड के कार्यालयों के आस-पास की खाली जमीन पर 18 मेगावॉट की ग्राउंड माउंटिड तथा रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाने को मंजूरी प्रदान की है।

मांग पर क्षेत्रों में स्थापित किए जा रहे ईवी चार्जिंग स्टेशन

### 50,000 लोगों के घरों पर रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि वर्ष 2026-27 तक प्रदेश में 50,000 उपभोक्ताओं के घरों पर रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए अभी तक 4444 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए खर्चों को नियंत्रित किया जा रहा है, जिसके तहत विद्युत सब्सिडी और स्टाफ का युक्तिकरण किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से बिजली बोर्ड की ओर से किए गए विद्युत परियोजना समझौतों की समीक्षा की जा रही है और बोर्ड की ओर से उच्च दरों पर लिए गए ऋणों की भी समीक्षा की जाएगी, ताकि कम ब्याज दरों पर ऋण भुगतान किया जा सके और हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड को ऋण के बोझ से निकालकर आत्मनिर्भर बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए वचनबद्ध है और सरकार की ओर से उन्हें समय-समय पर वित्तीय लाभ भी प्रदान किए जा रहे हैं।

# पंजाब में कर्मचारी आज करेंगे चक्का जाम, थमेंगे बसों के पहिये

## तीन दिन करेंगे हड़ताल, कल मुख्यमंत्री आवास का घेराव

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**पंजाब** में सोमवार से बसों के पहिए थम जाएंगे। पंजाब रोडवेज, पीआरटीसी और पनबस कर्मियों ने हड़ताल की चेतावनी दी है। पंजाब रोडवेज पनबस/पीआरटीसी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रेशम सिंह गिल बताया कि 6, 7 और 8 जनवरी को पंजाब रोडवेज, पीआरटीसी और पनबस का चक्का जाम रहेगा।

7 जनवरी को सुबह 10 बजे चंडीगढ़ मुख्यमंत्री आवास के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। रोडवेज पनबस, पीआरटीसी के मुलाजिमों की ओर से लंबे समय से मांगों को लेकर संघर्ष चल रहा है। कर्मचारियों की जो मांग थी, वह सरकार ने अभी तक पूरी नहीं की। एक जुलाई 2024 को पंजाब सरकार के संबंधित अधिकारियों के साथ पंजाब रोडवेज, पीआरटीसी, पनबस मुलाजिमों की एक मीटिंग हुई थी, जिसमें हमारे मुख्य मांग थी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करें। ठेकेदारी सिस्टम खत्म करें, विभाग में नई बसें और किलोमीटर स्कीम की बसें बंद करें, ट्रांसपोर्ट माफिया पर रोक लगाए, नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों को शर्तों के साथ बहाल करें और साथ में विभाग को सही ढंग से चलाने की मांग और वेतन बढ़ाने की मांग की गई थी।



**संभावना** प्रदेश में फिर करवट बदलेगा मौसम, सात जिलों में भारी बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी

# हिमाचल में आज से बारिश-बर्फबारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में सोमवार से एक बार फिर मौसम करवट बदलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने 7 जिलों में बारिश-बर्फबारी होने की संभावना जताई है। 4 जिलों चंबा, कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, मंडी और शिमला में कुछ स्थानों पर भारी बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, अन्य जिलों में अच्छी बारिश होने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने 7 जनवरी को चंबा, कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू और लाहौल-स्पीति के कुछ क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। 8 जनवरी से मौसम साफ रहने का अनुमान जताया है।



### ताबो में न्यूनतम तापमान -8.4 डिग्री


**बर्फ** से ढके ताबो के न्यूनतम तापमान में 24 घंटे के दौरान वृद्धि दर्ज की है। ताबो का पारा -8.4 रह गया है। तीन दिन पहले यह -14.7 डिग्री था। समदो के तापमान में भी 24 घंटे के दौरान 1.6 डिग्री की गिरावट के साथ तापमान -4.5 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है और केलांग के तापमान में 2.1 डिग्री की कमी आई है। प्रदेश में रविवार को हवाओं के साथ बदल छाए रहे।

### जनवरी माह में शिमला मनाली में अधिकतम तापमान के टूटे रिकॉर्ड

**शिमला,** मनाली में अधिकतम तापमान के रिकॉर्ड टूट गए हैं। शिमला में अधिकतम तापमान जनवरी महीने से सारे रिकॉर्ड तोड़ चुका है। शिमला का अधिकतम तापमान शुक्रवार को 23.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जबकि सोलन में तापमान 27.5 डिग्री के पार पहुंच गया है। प्रदेशभर में न्यूनतम तापमान में भी भारी उछाल दर्ज किया गया है। प्रदेश का औसत न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.9 डिग्री ज्यादा हो गया है, जिससे शिमला, मनाली, नारकंडा, कुफरी जैसे ठंडे क्षेत्रों में भी ठंड गायब हुई है।

### संभल हिंसा : गोली चलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हुई हिंसा के एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहल्ला नाला निवासी सलीम के रूप में हुई है। आरोप है कि सलीम ने ही हिंसा के दौरान संभल सदर कोतवाली के सीओ अनुज चौधरी पर फायरिंग की थी। एएसपी श्रीशचंद्र ने बताया कि 24 नवंबर को संभल में हुई हिंसा में अब तक 51 अभियुक्तों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। रविवार को संभल के मोहल्ला नाला निवासी अभियुक्त सलीम को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने संभल सीओ पर फायरिंग की थी। उसके पास से लूटे गए पांच कारतूस और एक तमंचा भी बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि अभियुक्त सलीम घटना के बाद नई दिल्ली के सीलमपुर भाग गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### बड़ैहर में मेगा क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत बड़ैहर में 19वीं मेगा लोकल क्रिकेट प्रतियोगिता पवनु, ऊधो राम, संजीव कुमार व प्रवीण कुमार की याद में युवक मंडल बड़ैहर का आगाज हो गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वतन सिंह डोगरा ने की। युवक मंडल के प्रधान पंडित हेमराज शर्मा ने बताया की प्रतियोगिता में 32 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि पूर्व कांग्रेस भोरंज अध्यक्ष वतन सिंह डोगरा ने शिरकत की। डोगरा ने अपनी तरफ से 51 सौ रुपए दिए। उनके साथ पूर्व भारतीय वॉलीबाल कोच विद्या सागर शर्मा, वीसी कौशल, रमेश कौशल, ग्राम पंचायत उपप्रधान हुकम चंद आदि ने शिरकत की। उद्घाटन मैच डायमंड क्लब टीकरी व घनश्याम सैकेंटरी इलैवन तरक्वाड़ी के बीच खेला गया। डायमंड क्लब टीकरी ने पहले बैटिंग करते हुए 10 ओवरों में 5 विकेट पर 88 रन बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए तरक्वाड़ी की टीम ने 2 विकेट पर 83 रन बना सकी। जिससे डायमंड क्लब टीकरी ने 5 रन से मैच जीत लिया।

### बलाहरा स्कूल को सौफा व पंखे किए भेंट

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** शहीद लक्खा सिंह उच्च विद्यालय बलाहरा को दानी सज्जनों ने सौफा सैट और पंखे भेंट किए हैं। मुख्याध्यापक दुनी चंद ने बताया कि स्कूल राकेश राणा ने अपने प्रयासों से स्कूल के लिए यह सब कुछ किया है। उन्होंने पहले बच्चों के लिए खेल का मैदान बनवाया। फिर लोगों से सहयोग की अपील करते हुए 6 पंखे और कुर्सियां स्कूल में लगवाए।



बच्चों के लिए टाई, बेल्ट बैज, आईकार्ड और होमवर्क डायरी अपने पैसों से खरीद कर दी। अब सौफा सैट दिलवाकर स्कूल की शोभा और बढ़ा दी है।

### महिला मंडलों के बीच हुई खेलकूद प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा सुजानपुर के महिला मंडलों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नगर परिषद सुजानपुर के तहत महिला मंडलों ने थ्री लेग रेस, रिले रेस और रस्साकशी जैसे खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह के मुख्यातिथि संस्था के संस्थापक एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने विजेता महिला मंडलों को नकद पुरस्कार और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन महिला सशक्तिकरण और उनकी प्रतिभा को सामने लाने में सहायक होते हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि आने वाले समय में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी जिला परिषद वार्डों में महिला मंडलों की खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। राणा ने बताया कि सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट पहले भी सात बार क्षेत्र के महिला मंडलों को सम्मानित कर चुका है, लेकिन इस बार खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से महिलाओं को एक नए मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया गया। प्रथम स्थान पर रही श्रुति महिला मंडल को 25,000 नकद और मोमेंटो, द्वितीय सरस्वती महिला मंडल को 15,000 नकद और मोमेंटो, तृतीय वार्ड नंबर-3 महिला मंडल को 10,000 नकद और मोमेंटो प्रदान किया। राणा ने कहा कि यह पहल न केवल खेलों तक सीमित है, बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ावा देगी।

### द मैग्नेट पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर में रविवार को 'विरासत संस्कारों की शीर्षक के साथ वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि सुभाष कुमार, नायब तहसीलदार हमीरपुर पत्नी के साथ उपस्थित रहे। साथ ही, विशेष अतिथि टीआर शर्मा और प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौहान सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मोहा मन मोहा। कार्यक्रम में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के छात्रों ने राजस्थानी डांस, लेजी डांस, गरवा, पहाड़ी नाटी, पंजाबी गिद्दा, फनी डांस, लोक नृत्य, माइम डांस और किन्नौरी नाटी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महाभारत पर आधारित एकांकी रहा, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्यातिथि ने बच्चों के उत्साह और प्रदर्शन की सराहना की। प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों को मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देता है।

# समीरपुर के राकेश ठाकुर होंगे हमीरपुर जिला भाजपा के अध्यक्ष

## पद के लिए भरा एकमात्र नामांकन, विधिवत घोषणा आज

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



राकेश ठाकुर

समीरपुर पंचायत के दो मर्तबा प्रधान रह चुके राकेश ठाकुर हमीरपुर जिला भाजपा के अध्यक्ष होंगे। रविवार को जिला अध्यक्ष के लिए उनका इकलौता नामांकन पार्टी कार्यालय में पूर्व मंत्री और चुनाव अधिकारी विक्रम ठाकुर की मौजूदगी में भरा गया। विधिवत घोषणा सोमवार को बसंत रिजॉर्ट में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में की जाएगी।

नामांकन दाखिल करने के मौके पर जिला भाजपा के अध्यक्ष देशराज शर्मा के अलावा पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, विजय अग्निहोत्री और कमलेश कुमारी भी मौजूद रहीं। भाजपा के नेता और अन्य लोग 2 बजे से पहले ही पार्टी कार्यालय में मौजूद थे। हालांकि कार्यकर्ताओं या नेताओं की भीड़ नहीं थी जो लोग बुलाए थे, वही पहुंचे हुए थे। चुनाव अधिकारी जैसे ही पहुंचे, राकेश ठाकुर का नामांकन भरने के लिए पहले से ही माहौल तैयार था। उनके नाम का प्रस्ताव अशोक ठाकुर और मलकीत सिंह ने पेश किया। इस मौके पर हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा और बड़सर के इंद्रदत्त लखनपाल मौजूद नहीं थे। हमीरपुर जिला में अभी पांच अलग-अलग मंडल अध्यक्षों की तैनाती का मामला भी फंसा हुआ है। इसे लेकर ऊहापोह खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही, लेकिन पूर्व मंत्री विक्रम ठाकुर का कहना था कि इसमें अभी ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। मंडलों की जो प्रपोजल हाई कमान को गई हैं। उस पर बहुत जल्दी मोहर लगने वाली है। इन पेंडिंग मंडलों के अध्यक्षों का भी जल्दी ऐलान हो जाएगा। हाई कमान ही तय करेगी, कौन मंडल अध्यक्ष होगा। उनसे जब यह पूछा गया कि क्या प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के बाद मंडल अध्यक्षों का ऐलान होगा? उन्होंने कहा कि नहीं, उससे पहले ही हो जाएगा।

अभी बड़सर का एक, सुजानपुर और हमीरपुर के दो-दो मंडल अध्यक्षों की तैनाती का मामला फंसा हुआ है। बड़सर में तो चुनाव बैठक के दौरान काफी हो हल्ला हो गया था, इसलिए उसे पेंडिंग कर दिया गया था, जबकि हमीरपुर और सुजानपुर मंडल के चुनावों के लिए बैठक ही आयोजित नहीं हो पाई है। (अनंत ज्ञान)



नामांकन दाखिल करने के बाद विक्रम ठाकुर के साथ मौजूद जिला भाजपा के नेता।

### कौन हैं राकेश ठाकुर

**राकेश** ठाकुर समीरपुर ग्राम पंचायत के दो बार प्रधान रह चुके हैं। उसके बाद पार्टी के संगठन में मंडल और जिला स्तर पर उनका महामंत्री के रूप में अच्छा दबदबा रहा है। बमसन मंडल के वह 2003 से 2006 तक सचिव रहे हैं। उसके बाद भोरंज मंडल के भी 2009 से 2010 तक महामंत्री रहे। जिला भाजपा के 2010 से 2012 तक महामंत्री रहे। उसके बाद भी वह दो बार जिला भाजपा के महामंत्री रहे। वर्ष 2019 से 2022 तक प्रदेश भाजपा के डेलीगेट रहे और अभी जिला भाजपा के महामंत्री के पद पर भी मौजूद हैं। राकेश ठाकुर पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के करीबी बताए जाते हैं और उन्हीं के नेतृत्व में उन्होंने पिछले लंबे समय से संगठन में अपना प्रभाव भी छोड़ा है। सिविल इंजीनियर राकेश के अध्यक्ष बनने की संभावनाएं पहले से ही जताई जा रहीं थीं। हालांकि, इस बार जिला भाजपा में ऑपरेशन लोटस के बाद आए तीन नेताओं की वजह से और भी कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन अंततः जीत समीरपुर की ही हुई है।

# पेंशन समय पर न मिलने को लेकर पेंशनर्स ने जताई नाराजगी



**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कल्याण संगठन हमीरपुर की मासिक बैठक रविवार को बस अड्डा हमीरपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य उपाध्यक्ष विक्रम राणा ने की। बैठक में पेंशनरों ने अपनी समस्याओं को लेकर प्रदेश सरकार और निगम प्रबंधन से नाराजगी व्यक्त की।

पेंशनरों ने मांग की कि उनकी पेंशन हर महीने की पहली तारीख को उनके खाते में जमा कराई जाए। जनवरी माह की 5 तारीख गुजरने के बावजूद पेंशन न मिलने से पेंशनर बैंकों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। बैठक में यह भी खुलासा हुआ कि कुछ कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के दो साल बाद भी पेंशन नहीं मिली है, जिससे वे मानसिक तनाव झेल रहे हैं।

पेंशनरों ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी और लीव इन कैश पेमेंट का भुगतान अभी तक लंबित है, जिसे जल्द से जल्द जारी किया जाए।

साथ ही, वर्ष 2016 के स्केल के एरियर का भुगतान भी प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने की मांग की गई। बैठक में जिला प्रधान हुकम चंद, सुनील कुमार, कृष्ण लाल सोनी, कुलदीप कुमार, भक्त राम, पुरुषोत्तम लाल, और सुभाष चंद सहित कई पेंशनर उपस्थित रहे।

विक्रम राणा ने कहा कि पेंशनरों की समस्याएं गंभीर हैं। सरकार और निगम प्रबंधन को इन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# प्रवासी की मौत के मामले का आरोपी चंडीगढ़ में दबोचा

**एसके शर्मा, जाहू**

भोरंज थाने के अंतर्गत शंभू ताल में दो प्रवासी परिवारों में हुई मारपीट में एक की मौत हो गई थी। इस मामले में आरोपी प्रवासी अमरजीत सिंह (30) पुत्र लोहरी राम गांव आरजी समेरी जिला थाना बेलघाट आजमगढ़, उत्तर प्रदेश को भोरंज पुलिस ने चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी 26 दिसंबर से फरार चल रहा था। आरोपी अमरजीत द्वारा संदीप कुमार को बांस के डंडों से पीटा था, जिसकी एम्स बिलासपुर में मौत हो गई थी। भोरंज पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की थी। पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है, ताकि हर पहलू से मामले की जांच की जांच की जा सके। (अनंत ज्ञान)



# भोरंज पुलिस ने अदालत से उद्घोषित अपराधी को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

वर्ष 2011 में थाना सदर हमीरपुर में हत्या के अरोपी मंदीप पुत्र विशंभर दास गांव घुमारवीं तहसील भोरंज अदालत के द्वारा आजीवन कारवास की सजा सुनाई गई थी। आरोपी वर्ष 2014 में जेल से परोल पर आया था, तो उसके द्वारा इसी दौरान भोरंज के ही एक गांव में चोरी को अंजाम दिया। वर्ष 2017 में दोवारा पैरोल पर तथा इस दौरान उसने अपनी मृत्यु की झूठी कहानी रची तथा जाली दस्तावेजों के अधार पर अलग-अलग नाम व पते के साथ चंडीगढ़ में रहने लगा। भोरंज पुलिस ने आरोपी को दबोचने के लिए विशेष पुलिस टीम बनाई और उसे दबोच लिया। थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ने बताया कि अदालत द्वारा उद्घोषित अपराधी मंदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि अरोपी से पूछताछ की जा रही है। उसके खिलाफ केस दर्ज करके अगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



पकड़े गए आरोपी के साथ एसएचओ प्रशांत सिंह ठाकुर व अन्य।

# विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान भी दें शिक्षक : राजेश धर्माणी

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



भोरंज नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी), आवास, तकनीकी शिक्षा, वोकेशनल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने शिक्षकों से अपील की है कि वे बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान भी दें तथा उन्हें समाज के लिए योगदान देने हेतु प्रेरित करें।

रविवार को भोरंज के निकट लक्ष्मी मेमोरियल पब्लिक स्कूल भोटी के वार्षिक उत्सव में मुख्यातिथि के रूप में संबोधित करते हुए राजेश धर्माणी ने कहा कि आज के दौर में बच्चों को प्रकृति के साथ जीने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। अगर हम नई पीढ़ी को इस तरह की भावना के साथ तैयार करेंगे तो हमारे समाज की कई समस्याएं अपने आप ही दूर हो जाएंगी।

उन्होंने कहा कि हमारा देश भारत विविधतताओं से भरा देश है, लेकिन इन विविधतताओं के बावजूद हम एक हैं। देश की इस अद्भुत एकता एवं अखंडता को कायम रखने के लिए हमें जाति, धर्म, लिंग या किसी भी तरह के अन्य भेदभाव से हमेशा दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूली समारोहों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से हमें देश के कई राज्यों एवं समुदायों की समृद्ध संस्कृति के दर्शन होते हैं और कई सामाजिक विषयों पर भी बहुत ही प्रेरणादायक संदेश मिलते हैं। लक्ष्मी मेमोरियल पब्लिक स्कूल भोटी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए धर्माणी ने कहा कि यह संस्थान ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान कर रहा है।

इस अवसर पर उन्होंने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इससे पहले, स्कूल के प्रबंध निदेशक केएस चौहान ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और प्रधानाचार्य शिवानी चौहान ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एक छात्र यशवर्द्धन ने मुख्यातिथि को उनका स्कैच भी भेंट किया। समारोह में हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के समन्वयक अतुल कड़ोहता, एसडीएम शशिपाल शर्मा, डीएसपी लालमन शर्मा, अन्य अधिकारी, कांग्रेस के पदाधिकारी, शिक्षक, पीटीए के पदाधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

# सुजानपुर में 51 बच्चों को दी त्रिशूल दीक्षा

**अनंत ज्ञान सुजानपुर।** विश्व हिंदू परिषद सुजानपुर इकाई के सौजन्य से विराट त्रिशूल दीक्षा एवं शौर्य सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 51 बजरंगी बच्चों को त्रिशूल दीक्षा दी गई। प्रदेश मंत्री तुषार डोगरा और जिला मंत्री शेर सिंह ठाकुर ने बच्चों को शपथ दिलाई और सनातन धर्म की रक्षा करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष सुरेश रांगड़ा, उपाध्यक्ष प्रकाश सडयाल, बजरंग दल अध्यक्ष अमित ठाकुर, प्रखंड मंत्री दिनेश ठाकुर और सत्संग प्रमुख देशराज शर्मा भी उपस्थित रहे। बजरंगी बच्चों को देश, धर्म, समाज और परिवार की रक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के महत्व पर बल देते हुए युवाओं को अपनी संस्कृति और मूल्यों से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम ने युवाओं को धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक करने और उनके भीतर शौर्य और साहस का संचार करने का संदेश दिया।



# पंचायत चुनावों में कांग्रेस को एकजुट होकर उतरना होगा मैदान में



**अनंत ज्ञान सुजानपुर**

कांग्रेस पार्टी के राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन का एकदिवसीय सर्वोदय संकल्प शिविर 2025 का आयोजन सुजानपुर में किया गया। शिविर में आगामी पंचायतीराज चुनावों को लेकर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने और जनता के साथ समन्वय बनाने पर चर्चा हुई।

शिविर में सुजानपुर के विधायक कैप्टन रंजीत सिंह, संगठन के प्रदेश प्रभारी डॉ. सुनील पवार, प्रदेश अध्यक्ष सचिन मिरुपा, सह संयोजक हीरालाल, महासचिव राजेंद्र वर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती, नरेश ठाकुर और ब्लॉक पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा सहित अन्य नेताओं ने विचार रखे।

आगामी पंचायती चुनाव में कांग्रेस को एकजुट होकर मैदान में उतरना होगा। प्रत्येक बूथ स्तर पर 20 कार्यकर्ताओं की टीम गठित की जाएगी, जो उम्मीदवार के चयन और जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करेगी। उन्होंने भाजपा के झूठे प्रचार से जनता को सतर्क करने और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया। जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकारों का महत्व समझाते हुए उन्होंने सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरने का आह्वान किया।

पंचायतीराज संस्थाएं देश और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सही प्रतिनिधियों का चयन पंचायतीराज की सफलता के लिए आवश्यक है। शिविर में कांग्रेस विचारधारा, पंचायतों और नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों के सशक्तिकरण पर भी चर्चा हुई। नेताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से नैतिक मूल्यों और सद्भावना को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

# पूर्व सैनिक कोटे से भरे जाएंगे पुलिस कांस्टेबल के 123 पद

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निदेशालय ने पुलिस कांस्टेबल के 123 पदों को भरने के लिए साक्षात्कार शेड्यूल जारी किया है। साक्षात्कार प्रक्रिया 24 फरवरी से शुरू होकर 20 मार्च 2024 तक चलेगी। यह भर्ती प्रक्रिया विशेष रूप से उन पूर्व सैनिकों के लिए है, जो एक जनवरी 2022 से एक जनवरी 2024 के बीच सेवानिवृत्त हुए हैं।

**24 फरवरी से शुरू होगी कागजातों की जांच**

पुलिस महानिदेशक हिमाचल प्रदेश शिमला से जारी अधिसूचना के अनुसार पुलिस कांस्टेबल के सामान्य श्रेणी के 74, अन्य पिछड़ा वर्ग के 16, अनुसूचित जाति के 24 और अनुसूचित जनजाति के 9 पद रिक्त हैं, यानी कुल 123 पद रिक्त हैं और पुलिस कांस्टेबल पदों के लिए राज्य कैडर कर दिया गया है। जिला बिलासपुर के पूर्व सैनिकों के साक्षात्कार 24 फरवरी, चंबा जिला के पूर्व सैनिकों के साक्षात्कार 25 फरवरी, जिला हमीरपुर के पूर्व सैनिक 27 व 28 फरवरी, मंडी जिला के पूर्व सैनिक 3 और 4 मार्च, जिला सिरमौर के पूर्व सैनिक 5 मार्च, जिला ऊना के पूर्व सैनिक 6 और 7 मार्च, जिला सोलन के पूर्व सैनिक 10 मार्च, जिला कांगड़ा के 11, 12 व 13 मार्च, जिला शिमला के पूर्व सैनिक 17 व 18 मार्च, जिला कुल्लू, किन्नौर और लाहौल-स्पीति के पूर्व सैनिक 19 मार्च को साक्षात्कार में भाग लेंगे। यदि कोई उम्मीदवार सड़क बंद या प्राकृतिक बाधा के चलते निर्धारित तिथियों में साक्षात्कार में भाग नहीं ले सका उनके साक्षात्कार 20 मार्च को लिए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए एसडब्लयूडी.एचपी.जीओवी.इन पर वेबसाइट पर और सैनिक कल्याण विभाग, पूर्व सैनिक रोजगार कक्ष हमीरपुर में संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# हरित कौशल विकास कार्यक्रम के तहत होंगे दो प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद हरित कौशल विकास कार्यक्रम के तहत शिमला में जनवरी माह में दो प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम आयोजित करेगी। इन पाठ्यक्रमों को वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है। यह पाठ्यक्रम मधुमक्खी पालन और प्रकृति संरक्षक व ईको पर्यटन गाइड विषयों पर आधारित होंगे। हिमाचल प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद के सदस्य सचिव डीसी राणा ने बताया कि परिषद द्वारा राज्य में स्कूलों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थानों के माध्यम से विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण संरक्षण के लिए सतत् प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन पाठ्यक्रमों के तहत युवाओं को मधुमक्खी-पालन तकनीक, उनके पर्यावरणीय और व्यावसायिक लाभ और सतत् पर्यटन के विभिन्न आयामों की जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयासरत है। युवाओं को इस कार्यक्रम के दौरान निशुल्क आवास और भोजन इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## सफलता की कहानी — मशरूम प्लांट के जरिए ढूंढा रोजगार का जरिया

# भावना की 'भावना' ने खड़ी की नई मिसाल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

बड़ी-बड़ी डिग्रियां हासिल करने के बाद केवल सरकारी नौकरियों के पीछे भागने या फिर प्राइवेट सैक्टर में जैसे-तैसे नौकरी के लिए मशक्कत करने से कहीं अच्छा है अपना कोई उद्यम स्थापित करना या घर में ही अपने संसाधनों से स्वरोजगार का अवसर तैयार कर लेना। ऐसा जज्बा रखने वाले युवाओं को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए सरकार भी कई सब्सिडी योजनाओं के माध्यमों से भरपूर मदद प्रदान कर रही है। निकटवर्ती गांव भारीं की एक उच्च शिक्षा प्राप्त युवती भावना राणा ने अपने घर में ही मशरूम का प्लांट लगाकर लाखों की आय अर्जित करके सभी युवाओं के लिए एक मिसाल पेश की है।



भावना राणा।

उसने प्लांट लगाकर सिर्फ अपने लिए ही नहीं, बल्कि अन्य 10-12 लोगों को भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रोजगार प्रदान किया है। भावना की उद्यमी बनने की इस 'भावना' को आज हर कोई सलाम कर रहा है। (अनंत ज्ञान)



मशरूम प्लांट में काम करती भावना व अन्य।

### उद्यान विभाग की सब्सिडी योजना से सपना हुआ पूरा

**दरअसल** में, देहरादून से फूड टैक्नोलॉजी में डिग्री पूरी करने के बाद भावना राणा कॉरपोरेट सेक्टर में अच्छी नौकरी की तलाश में थी। कुछ समय तक उसने रियल एस्टेट के कारोबार में भी हाथ अजमाया, लेकिन उन्हें यह कारोबार भी ज्यादा नहीं भाया। इस बीच, उन्हें उद्यान विभाग की एक योजना के बारे में पता चला, जिसमें मशरूम का प्लांट लगाने के लिए 30 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान है। भावना ने उद्यान विभाग से 30 प्रतिशत सब्सिडी और विभागीय अधिकारियों से मार्ग-दर्शन प्राप्त करके घर में ही 200 बैग के साथ मशरूम की खेती आरंभ की। कुछ महीनों में ही उसका यह नया काम ठीक चल पड़ा। इससे उत्साहित होकर उन्होंने मशरूम प्लांट का विस्तार किया तथा लोकल मार्केट में नियमित रूप से सप्लाई आरंभ की। अब पीक सीजन में वह रोजाना मशरूम के 800 से 1000 पैकेट बाजार में भेज रही हैं। भावना ने गांव की 6-7 महिलाओं को भी रोजगार दिया है। प्रदेश सरकार और उद्यान विभाग का आभार व्यक्त करते हुए भावना का कहती हैं कि इन्हीं के कारण आज वह एक सफल उद्यमी एवं प्रगतिशील किसान बनने की ओर अग्रसर हुई हैं।

# ऐतिहासिक भूंडा महायज्ञ संपन्न

## सभी मेहमान देवता व परशुराम मेजबान देवता बकरालू महाराज के साथ देव मिलन के बाद विदा

**दशमी रावत, रोहड़ू**

जिला शिमला के उपमंडल रोहड़ू की स्पैल वैली के दलगांव में 39 साल बाद आयोजित हुए ऐतिहासिक भूंडा महायज्ञ का समापन रविवार को उछड़-पाछड़ के साथ हुआ।

उछड़-पाछड़ के अवसर पर सभी मेहमान देवता जिसमें समरैई क्षेत्र के महेश्वर देवता, मंडलगढ़ क्षेत्र के बौंद्रा देवता, रंटाडी के मोहरिष (महर्षि) देवता एवं मेहमान परशुराम जिसमें छौहारा क्षेत्र के गुम्मा, अंद्रेवठी एवं स्पैल वैली के खशकंडी ने मेजबान देवता बकरालू महाराज से देव मिलन कर अपने-अपने घर को विदा हुए। इस अवसर पर दलगांव में बकरालू देवता महाराज के प्रांगण में मंडप लिखा गया था। ब्राह्मणों के मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ मंडप लिखने की प्रक्रिया पूरी की गई। दोपहर बाद सभी मेहमान देवता एवं परशुराम ऐतिहासिक दलगांव में अपने-अपने डेरों से देवलुओं के साथ नृत्य करते हुए मंदिर प्रांगण तक पहुंचे। उसके बाद मंदिर प्रांगण में धूड़ पीटने की अंतिम रस्म पूरी की गई और मेजबान देवता बकरालू महाराज के साथ मिलन कर सभी देवता, परशुराम व हजारों देवलू अपने अपने घर को विदा हो गए।



**ऐतिहासिक रहा आयोजन।** चार दिन का भूंडा महायज्ञ हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड के आज तक के आयोजनों में ऐतिहासिक रहा। आज तक के इतिहास में दोनों राज्यों में आयोजित हुए भूंडा महायज्ञ में न तो इतने श्रद्धालुओं ने आयोजन में भाग लिया और न ही इतनी अधिक धनराशि खर्च हुई है। स्पैल वैली के आराध्य देव बकरालू देवता महाराज के सानिध्य में यह आयोजन पूरी तरह से सफल हुआ है और किसी तरह की जान एवं माल की अनहोनी नहीं हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### कालकाजी विधानसभा सीट से अलका जनता की नेताः गोयल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** दिल्ली की कालकाजी विधानसभा सीट से अलका लांबा को कांग्रेस की ओर से टिकट मिलने पर पार्टी के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया को-ऑर्डिनेटर अनिल गोयल ने उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अलका लांबा कर्मठ और जनसेवी नेता हैं। वे जनता के मुद्दों को लेकर हमेशा मुखर रही हैं। उनका लंबा राजनीतिक अनुभव रहा है। उनका जनसेवा को लेकर समर्पण कालकाजी की जनता के लिए फायदेमंद साबित होगा। वे जनता की नेता हैं। अनिल गोयल ने कहा कि अलका लांबा ने राजनीतिक जीवन में हमेशा ईमानदारी और निडरता से काम किया है। उनके नेतृत्व में कालकाजी क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। कांग्रेस पार्टी अलका लांबा के नेतृत्व में कालकाजी सीट पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। 9 राज्यों में बतौर कॉर्डिनेटर अपनी सेवाएं दे चुके अनिल गोयल दिल्ली विधान सभा मै भी प्रचार का जिम्मा संभालेंगे व कालकाजी अलका लांबा के लिए प्रचार करेंगे।



### नर्सिंग कॉलेज की छात्रा गर्भवती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के मॉडर्न नर्सिंग कॉलेज की छात्रा के गर्भवती होने का मामला सामने आया है। साल 2023 में नर्सिंग कॉलेज में पढ़ने वाली एक छात्रा ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाए और ये भी आरोप है कि अब वह गर्भवती हो गई। अब उसे युवक चोट पहुंचाने के इरादे से उसके साथ दुर्व्यवहार करता और मारपीट करता है। अंबाला पुलिस में मामला दर्ज करने के बाद अब इस मामले में शिमला के सदर थाना में एफआईआर की गई है। मामले को लेकर पुलिस जांच के रही है।

### चलती बस में युवती से छेड़छाड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लड़कियों से छेड़छाड़ के मामले थम नहीं रहे है। आए दिन थाने में छेड़छाड़ के मामले दर्ज हो रहे है। अब शिमला में चलती बस में एक 63 वर्षीय व्यक्ति द्वारा युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। घटना शाम करीब 7:15 बजे की है। जब पीड़िता शिमला की ओर जा रही एक निजी बस में सफर कर रही थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह एक निजी बस में यात्रा कर रही थी। जैसे ही बस रेलवे स्टेशन के करीब पहुंची तो एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ अनुचित व्यवहार किया। खुद को असुरक्षित महसूस करते हुए युवती ने तुरंत बस से उतरने का निर्णय लिया, लेकिन बस से उतरने के बाद भी आरोपी ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने इस दौरान हिम्मत दिखाते हुए पास में खड़े एक ट्रैफिक कांस्टेबल से मदद मांगी। कांस्टेबल ने तुरंत स्थिति को समझते हुए आरोपी को वहीं रोक लिया और पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने पर बालूगंज पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। जांच में पता चला कि आरोपी एक 63 वर्षीय सेवानिवृत्त कर्मचारी है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### भाजपा के 16 में से नौ जिला अध्यक्ष सर्वसम्मति से निर्वाचित

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल ने कहा कि ने कहा कि भाजपा के 17 संगठनात्मक जिलों में से 16 जिलो में जिला अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया चल रही है, जिसमें से 9 जिला अध्यक्ष सर्वसम्मति से निर्वाचित हो चुके हैं, इनमें जिला चंबा से धीरज नारियाल, पालमपुर से रागिनी रकवाल, देहरा से अजय खट्टा, कुल्लू से अमित सूद, सुंदरनगर से हीरा लाल, मंडी से निहाल चंद शर्मा, सोलन से रतन पाल सिंह, सिरमौर से धीरज गुप्ता एवं लाहौल-स्पीति में रिंगजिंग हरियप्पा जिला अध्यक्ष नियुक्त हुए। 7 जिलो में अध्यक्षों का चुनाव 6 जनवरी को होगा। वहीं भाजपा हिमाचल प्रदेश के मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा 6 जनवरी को भाभानगर में किन्नौर जिला के जिला अध्यक्ष का चुनाव संपन्न करवाएंगे।

## लोअर बाजार में दमकल विभाग के वाहन को देखकर भागे तहबाजारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




राजधानी के लोअर बाजार में रविवार को तहबाजारियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। हुआ यह कि दमकल विभाग का लोअर बाजार में ट्रायल था। ऐसे में जैसे ही दमकल विभाग का वाहन लोअर बाजार होकर गुजरा तो तुरन्त तहबाजारी अपना सामान उठाकर भागने लग गए। दमकल विभाग द्वारा लोअर बाजार में इसलिए ट्रायल किया जाता है कि अगर कोई आगजनी की घटना होती है तो वहां से अग्निशमन का वाहन आसानी से गुजरे और आग पर समय से काबू पाया जा सके। ऐसे में सीटीओ से नाज चौक तक ट्रायल किया गया। लोअर बाजार में तहबाजारियों को बैठने की कोई भी इजाजत नहीं है। ऐसे में नगर निगम भी इन पर रविवार को करवाई करता है, लेकिन करवाई करने के बाद भी तहबाजारी वापस बैठ जाते है।

## नगर परिषद में सम्मिलित करने का बहिष्कार

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** नगर पंचायत सुन्नी को नगर परिषद बनाए जाने और साथ लगती घरयाणा और शकरोड़ी पंचायत के कुछ वार्डों को इसमें सम्मिलित करने पर ग्रामीण ने रोष व्यक्त किया है। रविवार को घरयाणा में पंचायत प्रधान संजय भारद्वाज और शकरोड़ी पंचायत में यशपाल शर्मा की अध्यक्षता में ग्रामीणों द्वारा बैठकों का आयोजन किया गया और नगर परिषद में पंचायतों के वार्डों को सम्मिलित करें कड़ी आपत्ति जताई और सोमवार को प्रभावित पंचायतों के प्रतिनिधियों सहित ग्रामीण लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मिलने उनके आवास अपनी समस्या को लेकर मिलने का कार्यक्रम तय किया है।

बता दें कि सरकार के इस निर्णय पर ग्रामीणों ने हैरानगी जताई कि पहली अधिसूचना के बाद सरकार की ओर से आपत्ति दर्ज करने का सिर्फ ढोंग ही रचा गया। लोगों ने कहा कि इसका बड़े पैमाने पर विरोध होगा।

## जन विरोधी नीतियों के खिलाफ सीटू के कार्यकर्ता लेंगे भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सीटू जिला कमेटी शिमला की विस्तारित मध्यावधि समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष कुलदीप डोगरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश सरकार की मजदूर, किसान, कर्मचारी व जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ मार्च 2025 में बजट सत्र में शिमला विधानसभा पर प्रस्तावित राज्यव्यापी रैली में शिमला जिला से सीटू के हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे। मार्च में संभावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को हिमाचल प्रदेश में पूर्ण रूप से सफल बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार की नवउदारवादी व पूंजीपति परस्त नीतियों के कारण बेरोजगारी, गरीबी, असमानता व रोजी रोटी का संकट बढ़ रहा है। बेरोजगारी व महंगाई से गरीबी व भुखमरी बढ़ रही है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को कमजोर करने के कारण बढ़ती मंहगाई ने जनता की कमर तोड़ कर रख दी है।

## सरस्वती विद्या मंदिर ने नवाजी प्रतिभाएं

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**




हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय सुन्नी का वार्षिक पारितोषिक वितरण पुरस्कार समारोह मेला ग्राउंड सुन्नी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक भरमौर पांगी के डॉ. जनक राज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलन और छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्य चंपा वर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ कर कार्यक्रम में मौजूद अथिति गणों को विद्यालय में वर्षभर की शैक्षणिक और खेलकूद गतिविधियों से अवगत करवाया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश कर खूब वाह वह लूटी।

हिमाचल शिक्षा समिति के प्रांत महामंत्री सुरेश कपिल ने शिक्षा समिति द्वारा समाज में भागीदारी से उपस्थित अभिभावकों और अन्य गणमान्य को अवगत करवाया। (अनंत ज्ञान)

कहानी-30

अनंत ज्ञान

## हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

# जोगीपुर गांव की मठ से पहचान

### मंदिर में बाबा भैरों नाथ जी की है स्वयं-भू समाधि




'गांव शब्द में ही अद्भुत आकर्षण होता है। हरे-भरे खेत, गाय-बैलों के चरने के लिए विशाल मैदान, पानी भरती औरतों का खिल-खिलाकर हंसना, शाम के समय नामघर (कीर्तनघर) से आती शंख, घंटा की सम्मिलित मांगलिक ध्वनि, युवक-युवतियों का मिलकर मैदान में बरगद के नीचे बिहु नाचना, सूरज ढलते गाय-बैलों को हांककर घर लाता किसान हर किसी के दिल को मोह लेता है। अपनी असली संस्कृति गांव वाले ही बचाकर रखते हैं। अपने देश में तो हर आदमी की जड़ किसी-न-किसी गांव से ही जुड़ी हुई है। शहर तो वैश्विक होता है। शहर रफ्तार का नाम है। वहां सब कुछ होते हुए भी एक दूसरे के लिए समय और अपनेपन की कमी है। किंतु गांवों में संसाधनों की कमी तो है, पर ऐसा बहुत कुछ है जो शहरों में नहीं है। गांवों में इंसान है, इंसानियत है, मूल्य है, परंपराएं हैं, लोक-गीत हैं, लोक-संगीत हैं, लोक-कहानियां हैं और हैं उसमें बसे ग्रामीणों के सुख-दुःख, हर्ष-विषाद, पीड़ा की गाथाएं। आज हम बात करेंगे कांगड़ा शहर के साथ लगते गांव जोगीपुर की। यह गांव सैकड़ों वर्षों से एक देव भूमि से भी जुड़ा हुआ है। समय के साथ इस गांव में आवादी बढ़ती जा रही है, परंतु गांव की पुरानी परंपराओं को लोगों ने आज भी संजोय रखा है। जोगीपुर गांव एक पंचायत है, जिसके अधीन कुछ गांव आते हैं। जोगीपुर गांव को आज भी लोग जोगीपुर मठ के नाम से जानते हैं। यह इसलिए कि इस गांव में सैकड़ों वर्ष पहले बने मठ में कई महात्माओं द्वारा तपस्या की जा चुकी है। गांव के लोग हर मौसम की खेती यहां करते हैं। मठ के साथ ही यहां कई छोट-छोटे मंदिर हैं, जिनके साथ यहां के ग्रामीण लोगों की आस्था जुड़ी हुई है।



संजय अग्रवाल
धर्मशाला



जोगीपुर गांव का एक अन्य मंदिर।

### सैकड़ों वर्ष पुराना है जोगीपुर मठ का इतिहास

**जोगीपुर** मठ का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है। मठ मंदिर की स्थापना यहां तब हुई थी जब गांव की आबादी नाम मात्र थी तथा पूरा क्षेत्र जंगल नजर आता था। आज समय के साथ यहां ऊंची इमारतें और सड़कों का निर्माण हो चुका है, जिससे मंदिर तक हर कोई आसानी से पहुंच सकता है। मंदिर की स्थापना वर्षों पहले बाबा धर्मनाथ जी द्वारा की गई थी। मंदिर में बाबा भैरों नाथ जी की स्वयं-भू समाधि है। बाबा धर्मनाथ जी के बाद यहां बाबा चिड़िया नाथ जी रहे। हर वर्ष भैरों अष्टमी कि दिन यहां कई महात्माओं द्वारा यज्ञ-हवन पूजा के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है तथा इस ऐतिहासिक पल में हजारों लोग नमस्तक होते हैं।

### विकास में सबसे आगे है जोगीपुर गांव : रिम्पल

**जोगीपुर** पंचायत प्रधान रिम्पल कुमार के अनुसार पंचायत में तेजी के साथ विकास करवाया गया है। अंधेरे रास्तों को रोशनी से सजाया गया है। जहां तक हुआ पंचायत के हर रास्ते को सुंदर बनाकर उसे संवारा गया है। पंचायत का कुछ हिस्सा फोरलेन निर्माण की जद में भी आया। कई रास्ते भी बंद हुए, उन्हें फिर से बहाल किया गया है तथा प्रभावित लोगों को इस सभव राहत देने का प्रयास किया गया है। गरीब लोगों को नए घर बनाने के लिए उनकी आर्थिक रूप से भी मदद की जा रही है। जोगीपुर गांव को आज भी लोग जोगीपुर मठ के नाम से पुकारते हैं, क्योंकि मठ मंदिर के साथ वर्षों से लोगों की आस्था जुड़ी हुई है।



रिम्पल कुमार
पंचायत प्रधान
जोगीपुर

### गांव वर्षों से एक इतिहास को समेटे हुए : मंजू देवी

**गांव** की रहने वाली मंजू देवी का कहना है कि जोगीपुर गांव का अपना अलग ही इतिहास है। गांव की संस्कृति के अनुरूप यहां की पंचायत द्वारा विकास कार्य को तबजो दी गई है। पंचायत खुद गांव की समस्याओं को ढूंढकर कर उसका हल निकाल रही है। गांव के लोग जोगीपुर मठ में पूजा-अर्चना को जाते हैं। हमारा गांव वर्षों से एक इतिहास को समेटे हुए है। गांव में अन्य कई मंदिर हैं, जहां पर समय-समय पर भंडारों का आयोजन होता रहता है।



मंजू देवी

### गांवों में हो कूड़ा उठाने का प्रावधान : शशि पाल

**गांव** निवासी शशि पाल का कहना है कि आबादी बढ़ने के साथ गांव में कूड़ा-कचरा एक समस्या बनती नजर आ रही है। क्योंकि पंचायतों में कूड़ा उठाने का प्रावधान नहीं है इसके लिए सरकार को पहल करनी होगी तथा लोगों को भी चाहिए वे आपने गांव को साफ-सुथरा रखे। धार्मिक गांव होने के चलते यहां पंचायत ने तेजी के साथ विकास के आयाम स्थापित किए है। गांव को सोलर लाइटों से जग-मग कर रास्तों को टायलों से सुंदर बनाया गया है। पंचायत द्वारा लोगों से गांव को साफ-सुधरा रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। जोगीपुर गांव नहीं एक मंदिर के रूप में भी जाना जाता है।



शशी पाल

## करोड़ों के पानी घोटाले का पर्दाफाश करने पर आमजन ने किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

करोड़ों रुपए के पानी घोटाले का पर्दाफाश करने और सरकार द्वारा जल शक्ति विभाग के दोषी अधिकारियों के विरुद्ध त्वरित किए जाने का आमजन ने स्वागत किया है।

जुन्गा क्षेत्र के अनेक बुद्धिजीवी व्यक्ति राकेश ठाकुर, प्रीतम सिंह ठाकुर, दयाराम वर्मा, दीपक शर्मा, नरेन्द्र ठाकुर सहित अनेक लोगों ने सीपीआईएम नेता राकेश सिंघा द्वारा आरटीआई के माध्यम से इस घोटाले का पर्दाफाश करने का स्वागत किया है। इनका कहना है कि जिस प्रकार हर विभाग में भ्रष्टाचार दिन प्रतिदिन पनप रहा है इससे सरकार द्वारा स्वीकृत विकास कार्य व योजनाओं पर गुणवतापूर्वक कार्य नहीं हो पा रहे है, जिससे प्रत्येक योजनाएं समय से पहले ही हांप रही है।

इनका कहना है कि पंचायतों में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार का अंबार है। यदि पंचायतों से आरटीआई ली जाए तो भ्रष्टाचार के अनेक घोटले उजागर होगें।

## शिक्षा मंत्री ने किया खेल छात्रावास भवन का उद्घाटन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुब्बल के खेल छात्रावास के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। 2 करोड़ 27 लाख की लागत से निर्मित इस भवन के बनने से खिलाड़ी छात्राओं को ओर अधिक बेहतर खेल सुविधाएं मिले सकेंगी।

उन्होंने बताया कि इस छात्रावास में वॉलीबॉल के अतिरिक्त अब कबड्डी और बैडमिंटन खेल की स्वीकृति भी दी गई है, जिससे कि छात्राओं को और अधिक अवसर मिलेंगे और और स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं घरद्वार पर ही मिल सकेंगी।

**पहल** — कानून के अंतर्गत यह योजना शुरू करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य

## सुख-आश्रय योजना संवार रही 6000 अनाथ बच्चों का भविष्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



बुनियादी सुविधाओं, समुचित देखभाल और धन के अभाव के साये में पल रहे निराश्रित बच्चों के लिए प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार एक बड़ा सहारा बनी है। यह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की संवेदनशील और दूरदर्शी सोच का ही नतीजा है कि सरकार ने इन बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ दि स्टेट' का दर्जा प्रदान कर अभिभावक के रूप में इन्हें अपनाया है।

मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभालते ही सुक्खू ने बेसहारा बच्चों को अपनाने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद वह शिमला में टूटीकंडी स्थित बाल आश्रम पहुंचे और वहां रह रहे बच्चों से बातचीत के बाद मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना बनाने का फैसला किया। इस पहल का ही परिणाम है कि आज प्रदेश के 6000 अनाथ बच्चों को अन्य बच्चों के समान उचित देखभाल और बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधाएं मिल रही हैं।

हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बना है, जिसने अनाथ बच्चों की देखभाल के लिए कानून के अंतर्गत यह योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत 101 करोड़ रुपए का मुख्यमंत्री सुख-आश्रय कोष भी गठित किया गया है।

हिमाचल सरकार ने इस योजना का विस्तार करते हुए परित्यक्त बच्चों को भी इस योजना के दायरे में शमिल किया है। राज्य सरकार ने इस योजना के अंतर्गत इन बच्चों को देश के विभिन्न दर्शनीय और ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण पर भेजने का प्रावधान किया है। हाल ही में मुख्यमंत्री ने 'चिल्ड्रन ऑफ दि स्टेट' के पहले दल को 13 दिवसीय भ्रमण पर किया रवाना किया। इस दल में 22 बच्चों को भ्रमण पर भेजा गया है जिनमें 16 लड़कियां और छह लड़के शामिल हैं। इस दौरान वे चंडीगढ़, दिल्ली और गोवा का भ्रमण करेंगे।

प्रदेश सरकार ने भ्रमण पर भेजे गए बच्चों के लिए विशेष प्रबंध किए हैं ताकि वे आनंदपूर्वक अपना समय बिता सकें और मधुर स्मृतियों के साथ वापस लौटें। उनकी आरामदायक यात्रा के लिए शताब्दी ट्रेन और हवाई यात्रा की व्यवस्था की गई है।

रात्रि ठहराव के दौरान इनको उन कमरों में ठहराया जा रहा है जिनमें मंत्री, विधायक और वरिष्ठ अधिकारी आदि ठहरते हैं। बच्चों के इस दल ने 2 जनवरी से 4 जनवरी तक का चंडीगढ़ शहर का भ्रमण किया जहां उन्हें हिमाचल भवन में ठहराया गया। 5 जनवरी को वे शताब्दी ट्रेन से दिल्ली पहुंचे और 8 जनवरी तक वहीं ठहरकर विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करेंगे।

## विंटर कार्निवाल: हेमंत शर्मा ने पहाड़ी गाने पर नचाए दर्शक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विंटर कार्निवाल में रविवार को पहाड़ी लोकगीत गायक हेमंत शर्मा ने धमाल मचाया। हेमंत शर्मा ने पहाड़ी गाने आशा डालिए और इंदिरा डालिए गाने पर दर्शकों को खूब नचाया।

हेमंत शर्मा ने माता रेणुका, आज पाऊंने तेरे और धारों पांदे री गुजरिए गाने पर रंगारंग प्रस्तुति दी। इसके अलावा फैशन शो, पहाड़ी गायक हनी नेगी, राज शर्मा रजिंद्र वर्मा और वॉलीवुड गायक तन्मय चतुर्वेदी व सुजाता मजूमदार ने भी रंगारंग प्रस्तुति देकर दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। इन दिनों विंटर कार्निवाल की शिमला में काफी धूम चली है। बाहरी राज्य से आए पर्यटक इसका लुत्फ उठा रहे है। वहीं स्थानीय लोग भी इसको देखने के लिए भारी मात्रा में रिज मैदान पर शाम के समय उपस्थित होते है।

आप जियों हजारों साल, साल के दिन हों पचास हजार

# जन्मदिन मुबारक

Happy Birthday



## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

नूतन प्रकाश ठाकुर
वरिष्ठ संवाददाता
बालीचौकी
मो. 9817345707

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
गिरधारी लाल ठाकुर
बूथ अध्यक्ष भाजपा बासूंघी

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Birthday
प्रवेश गुप्ता
एमडी, हिमाचल औषधि भंडार बालीचौकी

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Birthday
यशवंत शर्मा
अध्यक्ष व्यापार मंडल बालीचौकी एवं भाजपा बूथ अध्यक्ष बालीचौकी

आप जियों हजारों साल साल के दिन हों पचास हजार
पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY BIRTHDAY
भूषण वर्मा
प्रधान ग्राम पंचायत औट

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
ठाकुर सिंह
प्रॉपराईटर- ठाकुर जनरल स्टोर धवेहड़ (बालीचौकी)
Happy Birthday

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Birthday
पीयूष
पूर्व महामंत्री भाजयुमो सराज

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Birthday
देवी राम ठाकुर
प्रधान, ग्राम पंचायत देवधार (बालीचौकी)

आप जियों हजारों साल साल के दिन हों पचास हजार
पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
इंदिरा देवी
प्रधान ग्राम पंचायत कांढा

आप जियों हजारों साल साल के दिन हों पचास हजार
पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
हेमराज ठाकुर
प्रधान ग्राम पंचायत सोमगाड़

आप जियों हजारों साल साल के दिन हों पचास हजार
पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
कौशल्या ठाकुर
प्रधान ग्राम पंचायत खणी
देव राज ठाकुर
वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सराज

आप जियों हजारों साल साल के दिन हों पचास हजार
पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
दिलेराम ठाकुर
प्रधान ग्राम पंचायत बालीचौकी

आप जियों हजारों साल, साल के दिन हों पचास हजार
पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश कुमार मैडी
अध्यक्ष भाजपा मंडल बालीचौकी
गिरधारी लाल
भाजयुमो, सराज
तारा चंद पालसरा
पूर्व कार्यकारणी सदस्य सराज मंडल
मीनेराम ठाकुर
वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं पूर्व उप प्रधान ग्राम पंचायत देवधार
रणपत राम
पंचायत समिति सदस्य माणी,देवधार, लगढ़याणा
राजेन्द्र सिंह रावत
वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ग्राम पंचायत कांढा
शेर सिंह ठाकुर
ग्राम पंचायत माणी
Happy Birthday

आप जियों हजारों साल, साल के दिन हों पचास हजार
पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Birthday
जीवानंद
सरकारी ठेकेदार खौली(गाड़ागुसैण)
चमन लाल
पूर्व बूथ अध्यक्ष भाजपा टपनाल।
दुर्गाचंद
अध्यक्ष शक्ति केंद्र गाड़ा गुसैण
कुंदन शर्मा
व्यावसायी एवं समाजसेवी बालीचौकी।
दामोदर दास
वार्ड पंच ग्राम पंचायत माणी
पन्ना लाल
व्यावसायी बालीचौकी
प्रीतम चौहान
पूर्व कार्यकारिणी सदस्य सराज भाजपा मंडल।
डोले राम जी
श्रीराम बीज भण्डार बालीचौकी।
डोला राम ठाकुर
पूर्व उपाध्यक्ष सराज भाजयुमो।
डोले राम
बूथ अध्यक्ष, सुकेती जुफरकोट(गाड़ागुसैण)
दिनेश कुमार
वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता गाड़ागुसैण।
संजय भारद्वाज
प्रदेश आईटी सह संयोजक भाजपा ओबीसी मोर्चा।
हरीश कायथ
पूर्व मीडिया प्रभारी सराज भाजयुमो।
प्रदीप शर्मा 'बबलू,
उपप्रधान एवं अध्यक्ष भाजपा नौणा बूथ
केशव शर्मा
किरयाना व्यापारी बाली चौकी।
गोपाल सिंह ठाकुर
भाजपा युवा नेता बालीचौकी।

## न्यूज ब्रीफ

### उद्योग मंत्री ने विधायक चंद्रशेखर से की संवेदनाएं व्यक्त



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उद्योग, संसदीय मामले व श्रम और रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान रविवार को धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के बहरी पहुंचे और विधायक चंद्रशेखर के पिता काहन सिंह के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया। विधायक के पिता काहन सिंह का लंबी बीमारी के उपरांत जिला मंडी के धर्मपुर में उनके पैतृक स्थान बहरी में 82 वर्ष की आयु में देहांत हुआ। उन्होंने वन विभाग में अधीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान की। उद्योग मंत्री ने परिवार के सदस्यों से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त की। पूर्व सीपीएस एवं पूर्व विधायक सुंदरनगर सोहन लाल, निदेशक हिमाचल प्रदेश स्टेट कॉपरेटिव बैंक केशव नायक, एसडीएम धर्मपुर जोगिंदर पटियाल भी मौजूद थे।

### पुलिस ने कार में बरामद की 12 बोतल देसी शराब

**उमेश, सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना के तहत डैहर पुलिस चौकी के दल ने समलेहू गांव के निकट एक कार से 12 बोतल देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार डैहर पुलिस चौकी के दल ने शनिवार शाम को समलेहू के निकट नाका लगा रखा था। पुलिस ने एक कार को जांच के लिए रोका। कार की तलाशी के दौरान पुलिस ने उसमें से एक पेटी देसी शराब जिसमें 12 बोतल थी बरामद की। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपी कार चालक मुकेश कुमार के खिलाफ कार्यवाही आरंभ कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### ब्राह्मण सभा के प्रधान ने की कार्यकारिणी की घोषणा



**उमेश, सुंदरनगर।** ब्राह्मण सभा सुंदरनगर की बैठक प्रधान राकेश कौल की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें उन्होंने कार्यकारिणी की घोषणा की। पिछले करीब 20 वर्षों से अधिक समय तक सभा के प्रधान रहे जितेंद्र विशिष्ठ को सभा का मुख्य संरक्षक बनाया गया। इसके अलावा दुर्गा प्रसाद शर्मा को वरिष्ठ उपप्रधान, बलिभद्र शर्मा को उपप्रधान, नागेंद्र शर्मा को महासचिव, जोगेंद्र शर्मा को सचिव, दिनेश शर्मा को संगठन सचिव, लीलाधर शर्मा को प्रेस सचिव, वेद वशिष्ठ को कोषाध्यक्ष, दुर्गा दास को मुख्य सलाहकार बनाया गया। इसके अलावा कमल शर्मा, रविंद्र शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, नेत्रा शर्मा, विनोद शर्मा, लता शर्मा, संजीव, प्रेम तथा विशाल खजूरिया को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।(अनंत ज्ञान)

### गुरु गोबिद सिंह जी का प्रकाशोत्सव मनाया



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** गुरु गोबिंद सिंह जी का 358वां प्रकाशोत्सव जोगिंद्रनगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सिंह सभा जोगिंद्रनगर द्वारा तड़के प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें संगत ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। प्रभात फेरी के पश्चात गुरुद्वारा साहिब में विशेष कीर्तन का आयोजन हुआ। रागी जत्थों ने गुरबाणी के माध्यम से संगत को निहाल किया। ग्रंथि सेवा सिंह, प्रधान गुरप्रीत सिंह प्रीति, प्रवक्ता अजीत सिंह ग्रेवाल और बलवीर कौर ने जानकारी दी कि जोगिंद्रनगर के रागी जत्थे ने यह निर्णय लिया है कि जो भी व्यक्ति आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है और अपने घर में कीर्तन या पाठ करवाना चाहता है, वह गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथि से संपर्क कर निशुल्क इस सेवा का लाभ उठा सकता है।(अनंत ज्ञान)

# रिवालसर झील परिक्रमा सड़क मार्ग की हालत खस्ता

**अनंत ज्ञान, रिवालसर**



त्रिवेणी धर्मस्थली रिवालसर झील परिक्रमा सड़क मार्ग की खस्ता हालत को लेकर स्थानीय लोगों ने रोष प्रकट किया है। नगर क्षेत्र के सुरेंद्र कुमार, संजय कुमार, धर्मपाल, चमन लाल, राकेश कुमार विनोद, हुकम चंद, मनोज सहित अन्य कई लोगों ने एक शिकायत पत्र प्रधान व सचिव नगर पंचायत कार्यालय को सौंपा है, जिसमें कहा है कि झील परिक्रमा सड़क मार्ग जगह जगह से टूटने के कारण हालत दयनीय हो गई है इसके साथ परिक्रमा मार्ग पर अतिक्रमण के कारण यह संकरा हो गया है जिससे चालकों को अपनी गाड़ियों को मार्ग से निकलना बहुत मुशिकल हो रहा है। सड़क मार्ग के साथ बनी नाली के उपर बिछाए गए लोहे के जाले और एंगल सड़क की तरफ बहार को निकल गए है जिससे पर्यटकों की गाड़ियों के टायर फट रहे हैं। बावजूद यह सब होता देख नगर पंचायत मुकदर्शक बनी हुई।

**झील परिसर के रखरखाव को लेकर लिया जाता है प्रवेश शुल्क**

### समस्या पर जल्द लिया जाएगा फैसला : विनोद

**नगर** पंचायत सचिव विनोद कुमार ने बताया की मामला उनके ध्यान में लाया गया है। हाउस इस पर जल्द फैसला लेगा।

### झील की परिक्रमा सड़क पर बने दर्जनों खोखे

**लोगों** ने बताया कि एक तरफ नगर पंचायत झील परिसर के रखरखाव को लेकर आने जाने वाले वाहन चालकों से प्रवेश शुल्क के नाम पर हर साल लाखों का धन इकट्ठा कर रही है, लेकिन मरम्मत के नाम पर इस पैसे का सही उपयोग नहीं हो रहा है। लोगों ने झील परिक्रमा सड़क मार्ग पर अजीबोगरीब ढंग से बनाए गए दर्जनों खोखों पर हैरानी प्रकट की है तथा कहा ऐसे निर्माण कार्यों से झील परिसर की सुंदरता दागदार हो रही है।

## सुंदरनगर अस्पताल की बिल्डिंग में सीलन



**भीम बसेड़ू, महादेव।** नागरिक अस्पताल सुंदरनगर की बिल्डिंग के एक बड़े खस्ताहाल भाग को देखकर लगता है कि निर्माण कार्य में कहीं न कहीं कोताही तो अवश्य ही बरती गई है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं. 21 से सटे सरकारी अस्पताल सुंदरनगर की बिल्डिंग के अंदरुनी एक बड़े भाग प्रथम तल में छत की ओर से सीधे तौर पर वर्षों से भीगी भीगी सीलन हो रही है जिससे खासतौर पर शौचालयों का उपरी एवं दीवारों का भाग बुरी खराब हो गया है।

शौचालयों के यहां मजबूरीवश लोग परेशानी झेल रहे हैं। बुद्धिजीवी लोगों ने विभाग व उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग करते हुए कहा कि अच्छा भला आदमी भी कहीं इस सड़ रहे कोने में बीमार न पड़ जाए अत: शीघ्र ही इस समस्या की तह तक जाकर सुंदर ढंग का तमाम सुधार किया जाए।(अनंत ज्ञान)

# सेब के बाद अब कांग्रेस राज में पेयजल सप्लाई घोटाला : जयराम

**अनिल शर्मा, मंडी**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सेब घोटाले के बाद अब पानी घोटाला चर्चा का विषय बन गया है। एक तरफ जलशक्ति विभाग के मंत्री उप मुख्यमंत्री चंद अधिकारियों पर कारवाई कर मामला दबाने में लगे हुए हैं वहीं मुख्यमंत्री उन सरकारी संरक्षण प्राप्त ठेकेदारों और कांग्रेस नेताओं को बचाने में लगे हुए हैं। उपमुख्यमंत्री गला फाड़ फाड़ कर सुक्खू सरकार का दामन पाक होने का दावा कर रहे थे और इधर उनके अपने विभाग में स्कूटर पर ढोकर लोगों को पेयजल दिलाने के फर्जी बिल तैयार कर सरकारी खजाना लुटता रहा।

उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में सेब ढुलाई एक चर्चित घोटाला रहा लेकिन अब पहली बार शिमला के ठियोग में हुए लगभग सवा करोड़ रुपए के पानी आपूर्ति घोटाले मामले में स्कूटर और मारुति कारों पर पानी की आपूर्ति की गई, इसमें आरटीआई के माध्यम सभी वाहनों के नंबर और लोगों के नाम भी उजागर हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने संबंधित उच्च अधिकारियों के खिलाफ तो कार्रवाई की है लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री घोटाले में अधिकारियों के साथ संलिप्त कांग्रेस नेता और ठेकेदारों को बचाने में लगे हुए हैं।

इस कृत्य के लिए उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदेश में दो साल से इस प्रकार की घटनाएं घटित हो रही हैं लेकिन प्रदेश में सरकार का संरक्षण प्राप्त ठेकेदार दनदना रहे हैं और गलत तरीके से कार्य करते हुए पैसे कमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं लांघ चुकी है।

ऐसा कोई विभाग नहीं है जिसमें गोलमाल नहीं हुआ हो। उद्योग, वन, पर्यटन, स्वास्थ्य और कृषि विभाग में कई तरह की धांधलियां होने की शिकायतें आ रही हैं लेकिन इस सरकार से जांच की मांग करना ही गुनाह हो गया है, जो आवाज उठाता है उसके खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं। यहां तक कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ मीडिया को भी निशाना बनाकर मामले दर्ज कर उन्हें डराने का काम किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## रिवालसर के सुजल ने एनडीए परीक्षा पास कर चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान, रिवालसर**



जिला मंडी रिवालसर क्षेत्र के गांव सरकीधार के छात्र सुजल शर्मा ने एनडीए की परीक्षा पास कर क्षेत्र में अपना नाम चमकाया है। जिसके बाद बेंगलुरु मैसूर में एसएसबी का इंटरव्यू में मेरिट लिस्ट में स्थान आने के बाद उसका भारतीय एयरफोर्स में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयनित होने का मार्ग मार्ग प्रशस्त हुआ है।

उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों और क्षेत्र के लोगों में खुशी का मुहाल है, परिवार वालों को लगातार बधाइयों का तांता चला हुआ। सुजल के पिता चमन शर्मा सेना से सेवानिवृत होकर आरटीओ ऑफिस कुल्लू में कार्यरत है जबकि माता गृहणी है। सुजल की प्रारंभिक शिक्षा यूनिटी पब्लिक स्कूल रिवालसर में हुई है। सुजल नागालैंड स्थित बीमापुर सैनिक स्कूल में पढ़ाई कर रहा था। जहां से उसने एनडीए की परीक्षा में भाग लिया है।

सुजल का सपना अपने पिता की तरह देश सेवा में योगदान देने का था जो एनडीए की परीक्षा पास होते ही साकार होने जा रहा है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि के लिए अपने माता–पिता और गुरुजनों के साथ कुल माता नैना देवी का आशीर्वाद बताया है।

## हिमाचल धाम आश्रम गागल में करवाया सत्संग

**अनंत ज्ञान, मंडी।** विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल द्वारा नववर्ष मिलन पर मासिक सत्संग रविवार को हिमाचल धाम आश्रम गागल में 11 बजे से एक बजे तक हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में मंडी, बल्ह, सुंदरनगर और आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने शिरकत कर भजनों का आनंद उठाया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

मंडी के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर ने बताया कि सत्संग के समापन से पूर्व तीन बार ओम उच्चारण कर आरती के पश्चात प्रसाद के स्वरूप में भंडारा आयोजित किया गया। सत्संग दो फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

## निहाल चंद बने भाजपा के मंडी संगठनात्मक जिलाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, मंडी**

भाजपा संगठनात्मक जिला मंडी से पुन: निहाल चंद शर्मा को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। रविवार को मंडी सर्किट हाउस में उनकी नियुक्ति की घोषणा चुनाव अधिकारी गगरेट से पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने की। इस अवसर पर पांच विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए सभी मंडलाध्यक्षों का भी परिचय करवाया गया और उनका भी फूलों का हार पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और सबका मार्गदर्शन किया। स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिल शर्मा, बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी और दरंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर भी इस अवसर पर मौजूद थे। अपनी नियुक्ति पर जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने पार्टी शीर्ष नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सहित प्रदेश और जिला संगठन के नेताओं का आभार जताया।



निहाल चंद शर्मा और सभी मंडलों के नियुक्त अध्यक्ष व साथ हैं जयराम ठाकुर।

उन्होंने कहा कि मंडी आज पूरे प्रदेश में पहला ऐसा जिला है जहां पांचों विधायक भाजपा के हैं जबकि प्रशासनिक जिला मंडी के तहत हमारे 10 में से 9 विधायक हैं। सुंदरनगर संगठनात्मक जिला में भी पांच में से हमारे चार विधायक हैं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर हम 10 में से 9 जगह जीते थे और लोकसभा चुनाव भी हमने बहुत अच्छे मार्जिन के साथ विपक्ष की ओर से एक सशक्त उम्मीदवार के बावजूद जीता। यही संगठन की ताकत होती है। निहाल चंद को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे अपनी अगली टीम बनाकर पार्टी की मजबूती के लिए आज से ही जुट जाएंगे।



## न्यूज ब्रीफ

### अरुण गौतम और कुलदीप डोगरा ने संभाला कार्यभार



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला शिक्षा उपनिदेशक के पद पर पदोन्नत होकर जिला किन्नौर में शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा अरुण गौतम तथा शिक्षा उपनिदेशक उच्च शिक्षा कुलदीप डोगरा ने कार्यभार संभाल लिया है । दोनों अधिकारी जिला बिलासपुर से संबंध रखते हैं ।इस पदोन्नती पर विभिन्न शिक्षक संघो ने दोनों को बधाई दी है। जिला एचजीटीयू के प्रधान राकेश संधू, ब्लॉक अध्यक्ष निक्कू राम बंसल, संरक्षक सिमरो भटनागर प्रधानाचार्य, सह सचिव सेनापाल व समस्त कार्यकारणी ने बधाई दी है। इस अवसर पर दोनों शिक्षा उपनिदेशक का किन्नौर जिला के विभिन्न संघों ने भी स्वागत किया और कार्यभार ग्रहण करने पर बधाई दी है। जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार और समस्त कार्यकारिणी ने दोनोँ शिक्षा उपनिदेशको को किन्नौर में कार्यभार ग्रहण करने पर बधाई दी है तथा विश्वास व्यक्त किया है कि शिक्षा के क्षेत्र में जिला किन्नौर को आगे बढ़ाने में दोनों अधिकारी किन्नौर जिला को शीर्ष पर ले जाएंगे।

### लोगों ने अलग पंचायत बनाने की उठाई मांग



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत आने वाली पंचायत डंगार में पड़ने वाले गांव चोखना, डोरू मरयानि, जसवानी, छन्दोह ,पन्याली के लोगों ने चोखणा में सामूहिक बैठक का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता चोखना गांव समिति के अध्यक्ष कृष्ण सिंह ने की। बैठक में सभी ने सामूहिक निर्णय लिया की इन सभी गांवों को मिला कर अलग पंचायत का गठन किया जाना चाहिए। समिति के अध्यक्ष कृष्ण सिंह ने बताया की ये सभी गांव चोखना धार में आते हैं तथा इन गांवों के लोगों को पंचायत मुख्यालय तक आने जाने तथा अपना कार्य करवाने हेतु भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया की चोखना से डंगार तक की दूरी 6 किलोमीटर गांव छन्दोह जसवानी पनयाली की डंगार से दूरी 8 किलोमीटर पड़ती है साथ ही इन गांवों के लिय वाहनों की आवाजाही काफी कम रहती है। उन्होंने कहा की इन गांवों की आबादी लगभग दो हजार के करीब है। इसके लिए सभी गांव वासीयों ने प्रदेश सरकार में मंत्री राजेश धर्माणी से आग्रह किया है की इन धार में पड़ने वाले सभी गांवों के लिए अलग पंचायत बनवाई जाए ताकि उनकी समस्या का समाधान हो सके ताकि इस क्षेत्र को और ज्यादा विकसित किया जा सके । इस अवसर पर ग्रामीणों में मुख्य रूप से हेमराज, विचित्र सिंह, जगदीश सिंह, बलदेव सिंह,प्रकाश चंद, अवतार सिंह, दलेल सिंह, सुरेश कुमार,बर्फी राम, अमर सिंह,सीता देवी,ब्याशा देवी,अंजना देवी, निर्मला देवी सहित तीन दर्जन परिवारों के लोगों ने भाग लिया।

### 22 से 28 जनवरी तक मनाया जाएगा व्यास उत्सव

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** 22 जनवरी से 28 जनवरी तक बिलासपुर के रोड़ा सेक्टर में मनाया जाने वाला व्यास उत्सव मेला इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए व्यास उत्सव मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप ने बताया कि व्यास उत्सव मेला महर्षि वेद व्यास जी समर्पित है। महर्षि वेद व्यास जी जन्मस्थली व तपोस्थली बिलासपुर यानी तत्कालीन व्यासपुर रही है। उनकी गुफा आज भी बिलासपुर के वार्ड नम्बर 8 में गोबिंद सागर नदी के किनारे स्थित है। यह गुफा पहाड़ के दूसरी तरफ मार्कण्ड में निकलती है व इसी गुफा के माध्यम से ऋषि व्यास व ऋषि मार्केंडेय मिलते थे। उन्होंने बताया कि व्यास उत्सव मेले में विभिन्न प्रकार के खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं करवाई जाती है। व्यास उत्सव मेले में नई प्रतिभागियों को मंच प्रदान करना समिति की सोच है। कमलेंद्र कश्यप ने बताया कि व्यास उत्सव मेला में विभिन्न सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले व्यक्तियों को भी समिति द्वारा सम्मानित किया जाता है। वहीं कश्यप ने बताया कि प्रतियोगिताओं के लिए आवेदन 20 जनवरी तक लिए जाएंगे। आवेदन प्रविष्टि आपको बिलासपुर के विभिन्न दुकानों पर मिलेगी। खेल छात्रावास में हैंडबॉल कोच मनोज ठाकुर 9817070040, सांस्कृतिक प्रतिगोगिता के लिए मधु बुक डिपू, बाबा स्वीट्स, न्यू बाबा कलेक्शन, गुप्ता नोवलटीज़, ए बी इंटरपराईसीस, मेहता हार्डवेयर, नड्डा इंटरप्राइजेज में प्रातः 10 बजे रात्रि 8 बजे तक करवा सकते है।

### ग्राम पंचायत बंदला में 11 से क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** उपमंडल सदर की ग्राम पंचायत बंदला में 11 जनवरी से क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू होगी। आयोजक कमेटी की ओर से प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। संजीव ठाकुर और पंचायत प्रधान सतीश ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता का पहला मैच 11 जनवरी को खेला जाएगा। उन्होंने बताया कि यह ओपन प्रतियोगिता है। प्रतियोगिता की विजेता टीम को 21 हजार और उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए इनाम राशि दी जाएगी। वहीं दो हजार रुपए प्रतियोगिता की एंट्री रखी गई है। बताया कि मैच लेदर की गेंद से खेले जाएंगे। गेंद आयोजक कमेटी की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी। टीम को इसके लिए अलग से पैसे देने होंगे। इसके अलावा अन्य खेल सामग्री टीम को स्वयं लानी होगी। आयोजकों की ओर से कोई भी सामग्री उपलब्ध नहीं होगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता नियमानुसार खेली जाएगी और अंपायर का निर्णय अंतिम निर्णय होगा। यदि कोई टीम अभद्र व्यवहार करती है तो उसे प्रतियोगिता से बाहर किया जाएगा। साथ ही किसी भी प्रकार की चोट के लिए खिलाड़ी स्वयं जिम्मेदार होंगे। सभी खिलाडियों को आधार कार्ड लान अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि टीम का पंजीकरण कराने के लिए 9816576054, 7018336083, 8627880135 पर संपर्क कर सकते हैं।

### हिंदी ओलंपियाड में स्नेहा ने जीता स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में कन्या स्कूल जोगिंद्रनगर की छात्राओं ने नाम कमाया। प्रतियोगिता में स्कूल की 28 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन नई दिल्ली हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन ने किया। हिमाचल की टीम में शामिल जोगिंद्रनगर कन्या पाठशाला की छात्रा स्नेहा ने स्वर्ण पदक जीता। छात्रा पायल ने रजत पदक हासिल किया। टीम में शामिल रिद्धि, ऋषिका, स्नेहा, और पायल ने भी शानदार प्रदर्शन कर अगले राउंड में प्रवेश पाया। प्रधानाचार्य खजान सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में जोगिंद्रनगर कन्या स्कूल की 28 छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया।

### अस्पताल प्रशासन ने लिया निर्णय, दिव्यांगजनों को सुविधा देने को लेकर लिया निर्णय

# दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के दिन अस्पताल में अलग से लगेगा पर्ची काउंटर

**शुभम राही, बिलासपुर**

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में प्रत्येक माह बनते दिव्यांग प्रमाण पत्र के दौरान दिव्यांगजनों को बेहतर सुविधा देने के लिए कई निर्णय लिए गए हैं। अस्पताल प्रशासन बिलासपुर ने अब निर्णय लिया है दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के दिन अस्पताल में अलग से पर्ची काउंटर लगाया जाएगा, जिसमें सिर्फ दिव्यांगजनों के लिए पर्ची बनाई जाएगी। यह निर्णय अस्पताल में तैनात चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह ने लिया है।

उनका मानना है कि पर्ची बनाने के लिए दिव्यांगों को लाइनों में न लगना पड़े, इसके लिए यह निर्णय लिया गया है। क्योंकि जिलाभर से दिव्यांग उक्त दिन जिला अस्पताल में पहुंचते हैं। ऐसे में पर्ची काउंटर पर काफी भीड़ होने की वजह से काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है। हालात कई बार ऐसे भी हो जाते हैं कि पर्ची बनाने के लिए काफी समय व्यतीत हो जाता है, जिससे उनका आगे का कार्य प्रभावित होता है।



माह में एक बार अस्पताल में बनाए जाते हैं दिव्यांगता प्रमाण पत्र

गौरतलब है कि प्रत्येक माह में एक बार जिला अस्पताल में एक मेडिकल बोर्ड बैठता है। यह बोर्ड दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाता है और सारी जांच पड़ताल की जाती है। ऐसे में प्रत्येक माह 100 से 200 दिव्यांग मरीज यहां पर पहुंचतें हैं। ऐसे में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह ने सभी सिक्योरिटी गार्ड व अस्पताल कर्मचारियों को आदेश जारी किए हैं कि इस दिन दिव्यांगों की मदद की जाए और उनका कार्य प्रथम प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि मरीजों को किसी भी तरह से दिक्कत न हो।

आपको बता दें कि इससे पहले दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए सीएमओ कार्यालय के एमओएच कक्ष में बोर्ड बैठता था, जिससे दिव्यांगों को काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ता था। क्योंकि उनका पहले पर्ची बनाने के लिए नीचे अस्पताल में जाना पड़ता था, उसके बाद सीएमओ कार्यालय में आना पड़ता था, लेकिन अब अस्पताल परिसर के ओपीडी कक्ष में इन दिव्यांगों की जांच की जाती है और पर्ची काउंटर भी वहीं पर रखा गया है ।अस्पताल प्रशासन का कहना है कि यह पर्ची काउंटर सिर्फ दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के दिन ही ओपन किया जाएगा। उसके बाद सामान्य तौर पर ही पर्ची काउंटर लगेंगे। (अनंत ज्ञान)



> दिव्यांग प्रमाण पत्र बनने के दिन अस्पताल में दिव्यांगजनों के लिए अलग से पर्ची काउंटर लगाया जाएगा। इसके लिए अस्पताल प्रशासन को आदेश जारी कर दिए गए हैं। दिव्यांगजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए अस्पताल प्रशासन कार्यरत हैं।
> –डॉ. एके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर।

# प्राथमिक स्कूलों में जेबीटी के सैकड़ों पद खाली : रमेश शर्मा



बैठक के दौरान मौजूद रमेश शर्मा व साथ हैं अन्य सदस्य।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला बिलासपुर की बैठक जिला प्रधान रमेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत में सभी शिक्षा खंड के प्राथमिक शिक्षकों ने जिला प्रधान रमेश शर्मा का स्वागत किया। जिला महासचिव रणजीत सिंह ठाकुर के खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बनने पर प्राथमिक शिक्षक संघ ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया।

शिक्षकों ने बैठक में प्राथमिक शिक्षा तथा प्राथमिक शिक्षकों से जुड़े विभिन्न मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई । प्राथमिक स्कूलों में जेबीटी के सैकड़ों पद खाली चल रहे हैं। 100 से अधिक स्कूलों में केवल एक अध्यापक कार्यरत है जो नर्सरी से पांचवी तक आठ कक्षाओं की पढ़ाई का कार्य देख रहा है। वर्ष 2018 से प्राथमिक स्कूलों में नर्सरी कक्षाएं चल रही हैं परंतु 6 वर्ष बीत जाने के उपरांत भी इन कक्षाओं के लिए शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। स्कूलों में अध्यापकों की भारी कमी का प्रभाव बच्चों के नए प्रवेश पर पड़ रहा है तथा सरकारी स्कूलों से बच्चों का निजी स्कूलों में पलायन हो रहा है ।

बैठक में मुख्य शिक्षक पदोन्नति पर वित्तीय लाभ जारी रखने अनुबंध पर 2 वर्ष का सेवा काल पूरा कर चुके शिक्षकों को 30 सितंबर से नियमित करने जनवरी 2022 के बाद नियमित हुए प्राथमिक शिक्षकों जिन्होंने 2 वर्ष का नियमित सेवा काल पूरा कर लिया है को हायर ग्रेड पे का लाभ दिए जाने जेबीटी से टीजीटी पदोन्नति सूची जल्दी और जारी करने प्राथमिक शिक्षकों से भाषा अध्यापकों की तर्ज पर शारीरिक शिक्षक शास्त्री पदोन्नति प्रदान करने की मांग की गई।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अंकित और विकास ठाकुर रहे प्रथम



प्रतियोगिता के दौरान मौजूद विद्यार्थी व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डंगार में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान (सेकेंडरी) के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्या रेखा शर्मा द्वारा किया गया।

प्रधानाचार्या ने बच्चों को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया और बच्चों को इस तरह के कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में अंकित और विकास ठाकुर प्रथम, सुहानी और अक्षय पठानियां द्वितीय तथा कार्तिक और उदय बंसल तृतीय स्थान पर रहे।

इस प्रश्नोत्तरी में सुनील कुमार प्रवक्ता भौतिक विज्ञान, सरला प्रवक्ता जीव विज्ञान वीना प्रवक्ता गणित और रेणु लखनपाल प्रवक्ता रसायन विज्ञान क्विज मास्टर की भूमिका में रहे।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिन रविवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर नगर में भव्य झांकियां निकाली गईं, जिनमें भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और उनके जन्म के दृश्य का अद्भुत चित्रण किया गया। झांकियों को देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा वाचक डॉ. अमन शर्मा ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया।

उन्होंने कंस के अत्याचार, देवकी–वसुदेव के कारावास और गोकुल में श्रीकृष्ण के जन्म की कथा को विस्तार से प्रस्तुत किया। डॉ. शर्मा के मुखारविंद से कथा सुनकर उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया।

## खेलकूद प्रतियोगिताओं से बढ़ता है आपसी भाईचारा

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुलजार के कड़ोह में कड़ोह मैनेजमेंट कमेटी की ओर से एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता के मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की। विवेक कुमार ने कहा कि इस तरह की खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन से जहां खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है। वहीं, आपसी भाईचारा भी बढ़ता है।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए प्रदेश सरकार की ओर से कई सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके लिए खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत की आवश्यकता है।





उधर, इस मौके पर आयोजक कमेटी की ओर से विवेक कुमार के समक्ष विभिन्न मांगें भी रखीं, जिसमें खेल मैदान का विस्तार, जड्डू स्कूल में खोखो मैट, कड़ोह स्कूल में बरामदे और स्टेज के निर्माण की मांग रखी। विवेक कुमार ने स्थानीय लोगों और आयोजकों को आश्वासन दिया कि सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान करना और क्षेत्र का विकास ही उनकी प्राथमिकता है। इस कबड्डी प्रतियोगिता में बीबीएन तलाई, मलरावं जूनियर्स, सलवाड़, जंगी–7, कड़ोह सुपरस्टार, कोसरियां, केहरवीं, कनफरा, ब्रदर्स–7 आदि ने भाग लिया।

# अचीवर सम्मान समारोह में प्रतिभाशाली सम्मानित

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

मिनर्वा संस्थान घुमारवीं में रविवार को अचीवर सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम उन प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया, जिन्होंने यूपीएससी, आर्मी, एमबीबीएस व जेईई मेंस में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अचीवर सम्मान समारोह का उद्देश्य शीर्ष छात्रों की उपलब्धियों को पहचानना और दूसरों को कड़ी मेहनत करने में प्रोत्साहित करना है। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी मौजूद रहे। उन्होंने अचीवर को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो रास्ता अपने चुना है उसमें बुलंदिया हासिल करें। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में अच्छे स्कूल होंगे तो अच्छे इंस्टीट्यूट के लिए अच्छे स्टूडेंट्स मिलेंगे। खुशी की बात है कि मिनर्वा स्कूल व स्टडी सर्कल अच्छे स्कूलों और संस्थान की श्रेणी में आते हैं। एक ही बैच के 52 स्टूडेंट्स एमबीबीएस में सलेक्ट हुए जबकि 29 इंजीनियरिंग में गए। धर्माणी ने कहा कि इन बच्चों ने जो रास्ता चुना है सीखने का समय है। भविष्य में आने वाली चुनौतियों के लिए हमेशा तैयार रहें।







प्रवेश चंदेल ने कहा कि आज का दिन खुशी का दिन है। जब सभी अचीवर एक साथ एक मंच पर इक्कठे हुए हैं। उन्होंने कहा कि 52 होनहार एमबीबी एसके लिए चयनिय हुए हैं। जबकि जिन्होंने यूपीएससी, आर्मी व जेईई मेंस में भी छात्रों ने परचम लहराया है। इसके लिए स्टूडेंट्स के साथ अध्यापक व बच्चों के माता पिता बधाई के पात्र हैं। इस दौरना मिनाक्षी आर्टिफिशियल इन्टैलिजैंस तथा तेन्जिन टशी कम्पयूटर साइंस को जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय जेएनयू में चयन होने पर सम्मान मिला।( अनंत ज्ञान)

**इन्हें भी किया सम्मानित**

आर्यन शर्मा का यूपीएससी, नीरज शर्मा का तहसीलदार, प्रतिज्ञा का मिल्ट्री नर्सिंग व अरुण शुक्ला का चार्टर अकाउंट में सिलेक्शन होने पर उन्हें व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया।

### इन्हें मिला सम्मान

एमबीबीएस में साक्षी को एम्स बिलासपुर, कनुप्रिया, नितिन, प्रद्युमन, प्रशम, राहुल, रिया, रिज़वान, संचित, शिवम, सुजल, तमन्ना, तथा उदय को सम्मानित किया गया। अनमोल, खुशी, प्रियल, शिवानी, स्वास्तिका तथा युविका को आरपीजीएमसी, टांडा, जिला कांगड़ा में चयनिय होने पर, दिशा, हार्दिक, केशव तथा शुभम को नेरचौक में चयनित होने पर, आकांक्षा, अनामिका, अरनव, धारणा, दिक्षित, पूजा, रितिका, शीतल, स्वाति तथा रिया को वाईएसपीजीएमसी, नाहन, आर्यन, अनामिका, रितिका, रिया, शौर्य तथा तेंजिन को आरके जीएमसी हमीरपुर, पलक, आदित्य, अरिशा, जागृति, कामाक्षा, पलक, राशी, स्मृति, शशांक, शिवांकित तथा कलश को जे. एलएनजीएमसी चंबा, इशेन को एसएमसी, लखिमपुर खीरी उत्तर प्रदेश व तनिष्का को जीएमसी उधमपुर, जम्मू व कश्मीर में चयनिय होने पर सम्मान मिला। जेईई मेंस में परचम लहराने वाले 24 विद्यार्थियों सम्मानित किया गया। एनआईटी में चयनित होने पर पार्थ, क्षितिज, सक्षम, प्रशम, परिशा, साहिल, अक्षिता तथा गौरव, सृजन, शिवमंथन तथा शुभम, विधी, आर्यन, रूचित, देवांश सहित आदि को सम्मानित किया गया।

## गोबिंदसागर झील में ड्रैगन बोट चैंपियनशिप का हुआ ट्रायल



ड्रैगन बोट चैंपियनशिप के ट्रायल के दौरान गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य महासचिव रितेश अहलूवालिया की अध्यक्षता में गोबिंदसागर झील बिलासपुर फोरलेन पुल के पास ड्रैगन बोट चैंपियनशिप के लिए ट्रायल आयोजित किए गए। 11वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के ट्रायल में बतौर ऑब्जर्वर जिला सोलन से पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी तृप्ता डोगरा ने शिरकत की।

हिमाचल प्रदेश ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य महासचिव रितेश अहलूवालिया ने बताया की 16 से 19 जनवरी 2025 को केरल में आयोजित होने जा रही 11वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए ट्रायल हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

हिमाचल प्रदेश ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार के दिशा निर्देश हिमाचल प्रदेश के चयनित खिलाड़ी केरल में आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में भाग लेंगे। इस मौके पर खिलाड़ियों के अलावा संगठन के पदाधिकारी अभय पराशर, कुष्ण कुमार कसाना, मोहम्मद दानिश, बलबीर सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

**विडंबना** | सड़क के हुए अधूरे कार्य में सीवरेज की गंदगी और कूड़े के ढेर लगना शुरू

# घुमारवीं में बाईपास सड़क बनाने का काम लटका

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

घुमारवीं में बाईपास सड़क बनाने के नाम पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, लेकिन बीते ढ़ाई वर्षों में इस सड़क के दो सिरे मिलने के अलावा अभी तक कोई काम नहीं हो पाया है और अब यहां सीवरेज की गंदगी और कूड़े के ढेर लगने शुरू हो गए हैं। इसके लिए विभाग कोई कारगर कदम उठाने के बजाए आंखें मूंद कर बैठा है।

हालांकि दावा किया गया था कि इस सड़क का निर्माण कार्य बीते ग्रीष्मोत्सव 2023 तक पूरा करने का था, लेकिन 6 महीने का और अधिक वक्त बीत चुका है, लेकिन अभी तक काम पूरा होना तो दूर की बात सड़क निर्माण का कार्य ही बंद कर दिया गया है।



बताते चलें कि यह सड़क घुमारवीं के पुराना पुल से मेला ग्राउंड तक बनाई जा रही है। इस सड़क का निर्माण कार्य करीब ढ़ाई वर्ष पहले शुरू हुआ था। अभी तक इस सड़क पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए खर्च किया जा चुके हैं, लेकिन सड़क की हालत ऐसी है कि उस पर पैदल चलना तो दूर की बात अब तो सड़क का नामोनिशान भी मिट गया है। लोगों की सहूलियत के लिए घुमारवीं पुल से मेला ग्राउंड के साथ-साथ तहसील परिसर के लिए बाईपास निकलने वाली इस सड़क का निर्माण कार्य मार्च 2022 में शुरू हुआ था और आज तक काम निर्माणाधीन है।

विभाग की अनदेखी के कारण पूरी सड़क में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगा दिए गए हैं। चारों तरफ सीवरेज का पानी बह रहा है। बताते चले कि पुल से मेला ग्राउंड तक बनने वाली इस सड़क निर्माण के लिए जमीन एक करोड़ से खरीदी गई थी और इसके बाद सड़क निर्माण के लिए करीब 50 लाख रुपए से अधिक खर्च हो चुके हैं इतना पैसा खर्च होने के बावजूद आज इस सड़क का वजूद तक नहीं दिखाई देता है। विभाग की माने तो काम इसलिए बंद है क्योंकि जितना बजट इस सड़क निर्माण के लिए आया था। वह खर्च हो चुका है और यही कारण है कि सड़क में डाली जाने वाली एकमात्र पुलिया भी आधी अधूरी बनाकर छोड़ दी गई है। जबकि विभाग नए बजट के बाद ही दोबारा टेंडर करने की बात कह रहा है। विभाग की माने तो बजट आ चुका है और जल्द ही टेंडर किए जाएंगे इसके बाद सड़क निर्माण पूरा किया जाएगा।( अनंत ज्ञान)

> सड़क का निर्माण कार्य जल्द ही दोबारा से शुरू किया जाएगा, क्योंकि पिछला जो बजट आया था वह खत्म हो चुका है। इस सड़क निर्माण के लिए नया बजट आया है जल्द ही टेंडर करवाए जाएंगे। इसके बाद जो भी सड़क का काम बचा है उसे पूरा कर दिया जाएगा।
> –अनुज पराशर (सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग घुमारवीं)

## बढ़ते नशे पर पूर्व मंत्री रामलाल ने जताई चिंता



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नम्होल ओर उसके साथ लगती पंचायतों ओर सोलन सीमा पर बड़ रहे नशे की बढ़ती समस्या पर रविवार को रेस्ट हाउस नम्होल में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने की। इसमें स्थानीय स्कूल के एसएमसी प्रधान, डीपीई, पीटीआई, पंचायत प्रधान, घ्याल पंचायत के उपप्रधान, पुलिस चौकी के कर्मचारी और लगभग 50 स्थानीय परिजन उपस्थित रहे। रामलाल ठाकुर ने बैठक में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में नशा तेजी से फैल रहा है, जो समाज और विशेष रूप से युवाओं के लिए एक गंभीर खतरा है। यह समस्या समय रहते नहीं रोकी गई तो इसका प्रभाव युवा पीढ़ी के भविष्य पर गहरा पड़ेगा।

रामलाल ठाकुर ने लोगों से अपील की कि वे नशे की गतिविधियों पर सतर्क नजर रखें और इसकी जानकारी तुरंत पंचायत प्रतिनिधियों और पुलिस को दें। उन्होंने कहा, यदि आपके गांव में कोई नशे की गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है, तो इसकी सूचना पुलिस को दी जाए। ठाकुर ने विशेष रूप से स्कूली बच्चों में नशे की लत पर चिंता जताई ।

## सफलता का नहीं कोई शॉर्टकट : लक्ष्मण दास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



मुख्य मेहमान को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

राजकीय उच्च पाठशाला बाहोट-कसोल में छात्रों को जीवन के उद्देश्यों और सफलता के मार्गदर्शन के लिए एक विशेष आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक लक्ष्मण दास वर्मा ने शिरकत की। जबकि बतौर रिसोर्स पर्सन रिटायर्ड शिक्षक तुलसी राम गौतम और शिक्षक मनोहर लाल शास्त्री व हीरा पाल सिंह विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

इस आयोजन के दौरान उन्होंने बड़े ही भावुक रूप से अपने स्कूल के 25 वर्ष पुराने दिनों को साझा किया, जब उन्होंने बतौर शिक्षक के रूप में यहां अपनी सेवाएं दी थीं। उन्होंने याद किया कि कैसे उन दिनों में शिक्षा देने का अनुभव न केवल उन्हें व्यक्तिगत रूप से प्रेरित करता था बल्कि बच्चों के जीवन में बदलाव लाने का एक महत्वपूर्ण तरीका भी था। अपने शुरुआती दिनों के संघर्षों और सफलता की ओर बढ़ने की यात्रा को साझा करते हुए। उन्होंने इस सफर की यादों को ताजगी के साथ सबके सामने रखा।

उन्होंने इस दौरान बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सराहना की और कहा कि इनमें उनके शिक्षकों की मेहनत झलक रही थी। बच्चों से उन्होंने अपने शिक्षकों और माता-पिता के प्रति आभार और सम्मान की भावना रखने का आह्वान किया और कभी भी अनुशासनहीनता का परिचय न देने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों को टिप्स देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। यह हमेशा कड़ी मेहनत, समर्पण, और प्रतिबद्धता से हासिल होती है। जब हम अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहते हैं और लगातार मेहनत करते हैं, तब ही सफलता हमारी राह में आती है। उन्होंने छात्रों से भविष्य संवारने पर कहा कि लक्ष्य के बारे में स्पष्ट होना चाहिए।

चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर, कलाकार, या खिलाड़ी बनना चाहते हो, यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी दिशा को पहले ही स्पष्ट करें। आपको लक्ष्य तय करना है, और उस जुनून को अपने रास्ते का मार्गदर्शन बनाएं । वहीं मुख्यातिथि तथा विशेष अतिथियों का विशेष ढंग से भव्य स्वागत किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### चंबा में 9.25 ग्राम चिट्टे सहित एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत शनिवार



मध्य रात्रि पुलिस थाना सदर के दल को उसे समय बड़ी सफलता हाथ लगी, जब पुलिस दल ने भरमौर-पठानकोट राष्ट्रीय उच्च महामार्ग पर स्थित परेल पुल के नाकाबंदी को अंजाम दिया गया था जहां शक के आधार पर आने-जाने वाली गाड़ियों का निरीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान पंजाब नंबर की इनोवा कार पीबी 65 एजेड 9571 को जांच हेतु रोका गया। पुलिस दल को देखकर कर चालक बुरी तरह से घबरा गया और पुलिस दल द्वारा पूछे गए सवालों के कुछ संतुष्ट जवाब देने में भी असमर्थ रहा। इसी के आधार पर जब पुलिस दल ने चालक तथा कार की तलाशी ली चालक के कब्जे से कुल 9.25 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल हुई। आरोपी युवक को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम की धारा 21 एवं 25 के तहत पुलिस थाना सदर में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान 28 वर्षीय राजवीर सिंह पुत्र रघुवीर सिंह गांव व डाकघर धूड़ा तहसील धुरी जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई है। इस सारे मामले की पुष्टि डीएसपी चंबा जितेंद्र चौधरी द्वारा की गई है।

### विधानसभा अध्यक्ष पीड़ित परिवारों से मिले



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया अपने चंबा प्रवास के दौरान रविवार शाम को बगढार पंचायत के प्रधान ब्यास देव के घर पहुंचे, जहां उन्होंने 31 दिसंबर की रात को बनी खेत के बहुचर्चित होटल में मारपीट का शिकार हुए उनके जीजा मृतक राजेंद्र मल्होत्रा की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने डीआईजी से दूरभाष के माध्यम से बात की तथा उचित जांच करने का आग्रह किया। इसके अलावा विधानसभा अध्यक्ष घायल सचिन ठाकुर के घर भी पहुंचे, जहां घायल सचिन के माता-पिता से मिले तथा उन्हें हौसला दिया।

### धीरज नरियाल को दोबारा चुना जिलाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चंबा ब्यूरो।** भाजपा के जिला अध्यक्ष के चुनाव रविवार को शांतिपूर्वक



संपन्न हुए। इसमें एक बार फिर से पूर्व में रहे भाजपा के जिला अध्यक्ष धीरज नारियल को सर्वसम्मति से जिला की कमान सौंपी गई। लगातार दूसरी बार भाजपा के जिला अध्यक्ष के रूप में चुने गए धीरज नरियाल को भाजपा के वरिष्ठ लोगों ने बधाई दी। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष डीएस ठाकुर, भाजपा सदर चंबा से पूर्व विधायक पवन नय्यर, नगरपालिका चंबा की अध्यक्षा नीलम नय्यर, भटियात विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक विक्रम सिंह जरियाल के इलावा कई और भाजपा के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ डलहौजी ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ डलहौजी इकाई की मासिक बैठक का आयोजन रविवार को लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह बनीखेत में इकाई के अध्यक्ष मदनलाल अरोड़ा के नेतृत्व में हुआ। इसमें 1 जनवरी, 2016 के पश्चात सेवानिवृत हुए कर्मचारियों के वित्तीय लाभ जल्द से जल्द मौजूदा सरकार भुगतान करें पेंशनर्स की ग्रेच्युटी कंप्यूटेशन लीव एनकैशमेंट इत्यादि का भी जल्द भुगतान किया जाए 75 वर्ष से कम आयु वाले पेंशनर्स को भी 2016 के एरिया के भुगतान पर भी सरकार से विचार करने की मांग की गई।

# बगढार–सुदली–मोरनू–मेल पेयजल योजना का जल्द होगा लोकार्पण : कुलदीप पठानिया

## विधानसभा अध्यक्ष ने अपर बकाण संपर्क मार्ग का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, बनीखेत**





विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि 60 करोड़ की राशि से निर्माणाधीन उठाऊ पेयजल योजना बगढार–सुदली–मोरनू–मेल का निर्माण कार्य पूरा कर जल्द योजना का लोकार्पण किया जाएगा। पेयजल योजना के शुरू होने से अगले 25 वर्षों तक इस क्षेत्र के लोगों की समस्या का स्थाई समाधान सुनिश्चित होगा। विधानसभा अध्यक्ष आज भटियात विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत उपमंडल डलहौजी के तहत मोरनू गांव में अपर बकाण संपर्क मार्ग का शिलान्यास करने के पश्चात आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस संपर्क सड़क के निर्माण कार्य पर लगभग एक करोड़ रुपए की राशि व्यय होगी। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि उठाऊ पेयजल योजना बगढार–सुदली–मोरनू–मेल के तहत पाइपलाइन तथा 10 हजार से 85 हजार लीटर क्षमता के एक दर्जन के करीब जल भंडारण टैंकों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। इस सिस्टम ऑपरेटिड पेयजल योजना के निर्माण कार्यों को माह अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य विभाग को निर्धारित कर दिया गया है। इससे पहले कुलदीप सिंह पठानिया का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। विधानसभा अध्यक्ष को पूर्व प्रधान सुभाष चंद की अगुवाई में स्थानीय लोगों ने शाल–टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर सदस्य निदेशक मंडल राज्य वन निगम कृष्ण चंद चेला, एसडीएम अनिल भारद्वाज, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, तहसीलदार रमेश चौहान, खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति राकेश ठाकुर, विद्युत पंकज राठौर, लोक निर्माण नरेंद्र चौधरी तथा विभिन्न विभागीय अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### इलाके की नौ संपर्क सड़कों के निर्माण के लिए डीपीआर स्वीकृत

**विधानसभा** अध्यक्ष ने लोगों को सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता तथा ऑल वेदर रोड कनेक्टिविटी को सुनिश्चित बनाने का आश्वासन देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में 9 विभिन्न संपर्क सड़कों के निर्माण को लेकर डीपीआर तथा वन अनुमति मामले को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि इन संपर्क सड़कों के निर्माण कार्य जल्द शुरू किए जाएंगे। कुलदीप सिंह पठानिया ने निर्माणाधीन तीन संपर्क मार्गों बगढार-खुंई, खुंई- कुआड़, धुनेंई-नगाली का भी उल्लेख अपने संबोधन में किया। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा रखी गई मांगों को चरणबद्ध तौर पर पूरा करने का आश्वासन दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान लोगों की समस्याओं को भी सुना तथा अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया । शेष समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।

### नर्सिंग में दाखिले के नाम पर दो छात्राओं से ठगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** चंबा में नर्सिंग की दो छात्राओं से ठगी का मामला सामने आया है। दाखिले के नाम पर एक छात्रा से 15,000 रुपए और दूसरी से 10,000 रुपए की ठगी हुई है।




प्रशासन को जैसे ही मामले के बारे में सूचना मिली तो तुरंत पुलिस महकमे में मामला भेज दिया है। पुलिस अब इस मामले में गहनता से छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार इन छात्राओं को एक महिला की ओर से कॉल आई थी कि वे नर्सिंग में एक संस्थान में उनकी पढ़ाई करवाएंगी। छात्राओं ने इसके लिए फीस जमा करवा दी। महिला की ओर से उन्हें एक संस्थान का नाम भी बताया। फीस जमा होने के बाद जब छात्राओं ने संबंधित नंबर पर कॉल की तो कोई भी जवाब नहीं मिला। इसके बाद छात्राओं को अहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हुई हैं। उधर, एसपी चंबा अभिषेक यादव ने बताया कि छात्राओं से ठगी की शिकायत मिली है। पुलिस संबंधित नंबर के बारे में पता लगा रही है और साक्ष्य जुटाकर छानबीन में जुटी गई है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



डलहौजी गुरुद्वारा में बड़ी शारदा पूर्वक मनाया गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व बड़ी ही श्रद्धापूर्वक मनाया गया। गुरुद्वारा के अध्यक्ष परमजीत सिंह ने कहा कि वैसे तो गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व 6 जनवरी को मनाया जा रहा है, लेकिन छुट्टी न होने के कारण गुरुद्वारा की कमेटी ने यह तय किया कि रविवार को ही प्रकाश पर्व मनाया जाए। गुरुद्वारा में पूर्व शिक्षा मंत्री एवं पूर्व विधायका आशा कुमारी ने गुरुद्वारा में हाजरी भरी तथा गुरुद्वारा के अध्यक्ष परमजीत सिंह ने उन्हें सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। सनातन धर्म सभा के प्रधान बलदेव खोसला ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के बलिदान को कभी भी नहीं भुलाया जा सकता। गुरुजी ने हमें खालसा पंथ तैयार करके दिया, जो कि हर काम के लिए अपनी जान की कुर्बानी देने के लिए तैयार रहता है। आज भी हिंदुस्तान की सिख फौज देश की सुरक्षा के लिए सबसे आगे खड़ी है। डलहौजी के लोकल जत्थे भाई मुनीश और भाई कोहली ने शबद–कीर्तन कर संगतों को निहाल किया और आनंद साहब जी के पाठ के बाद अरदास की गई तथा संगतों ने लंगर ग्रहण किया। (अनंत ज्ञान)

## बनीखेत में जंगली भालू का खौफ

**आनंद ज्ञान, डलहौजी।** बनीखेत में एक बार फिर से जंगली भालू के दिखने से दहशत का माहौल पैदा हो गया है। रविवार सुबह सैर को जाने वाले व्यक्तियों ने खेरी पुल के पास जंगली भालू को देखा। भालू ने युवकों को देखकर गुर्राना शुरू कर दिया। आवाज सुनते ही युवक वहां से पीछे मुड़ आए और उसके जाने का इंतजार करने लगे। भालू कुछ खाने की तलाश में था। मुख्य मार्ग पर जैसे ही वाहन आते दिखाई दिए, वह जंगल की ओर भाग गया। वन विभाग के रेंज ऑफिसर राहुल ठाकुर ने कहा कि जंगली जानवरी खाने की तलाश में अक्सर जंगल से बाहर आ जाते हैं। जो लोग सुबह की सैर को जाते हैं, उनसे अनुरोध है कि जंगल के साथ लगते मार्ग पर सैर करने न जाएं।

# कुलहोग में दो मंजिला मकान में लगी आग

## तीन मवेशियों की दम घुटने से मौत, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चुराह उपमंडल की बणतर पंचायत के कुलहोग गांव में शनिवार दोपहर बाद एक दो मंजिला मकान में आग लग गई है। इस अग्निकांड में करीब पांच लाख रुपए का नुकसान श दो परिवार प्रभावित हुए हैं। अधिकतर सामान जल चुका था। आग के चलते निचले हिस्से की गोशाला में बंधे तीन मवेशियों की दम घुटने से मौत हो गई।

आग की इस घटना में मकान के त्मरी रिहायशी हिस्से को भी काफी नुकसान हुआ है। आग की इस घटना में दो परिवार प्रभावित हुए हैं। अभी आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। आरंभिक अनुमान में आग की इस घटना में करीब पांच लाख रुपए के नुकसान का आकलन किया। हलका पटवारी ने आग की घटना में हुए नुकसान की रिपोर्ट तैयार करके उपमंडलीय प्रशासन को सौंप दी है। प्रभावित परिवारों को अभी तक प्रशासन की ओर से कोई आर्थिक मदद नहीं मिल पाई है। जानकारी के अनुसार कुलहोग गांव के चेत राम और पालो के दोमंजिला के निचले हिस्से की गोशाला से अचानक आग का धुंआ उठना आरंभ हो गया। गोशाला से धुंआ उठता देख मौके पर पारिवारिक सदस्यों संग ग्रामीण आ पहुंचे। उन्होंने तुरंत गोशाला में बंधे पशुओं को बाहर निकालने का प्रयास किया। मगर आग के धुएं से दम घुटने के कारण तीन मवेशियों की मौत हो चुकी थी। बेकाबू आग ने मकान के उपरी रिहायशी हिस्से को भी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचित करने के साथ ही आग पर काबू पाने के प्रयास आरंभ कर दिए। ग्रामीणों ने दमकल विभाग के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, मगर तब तक रिहायशी हिस्से में रखा अधिकतर सामान जलकर राख हो गया था।

# 22 .3 ग्राम हेरोइन सहित तीन आरोपी किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**आरोपियों को आज न्यायालय में किया जाएगा पेश**

जिला मंडी पुलिस का नशे के काले कारोबार के खिलाफ जारी अभियान लगातार जारी है। ताजा मामले में रविवार को जिला पुलिस की विशेष टीम एसआईयू ने पधियूं के समीप तीन आरोपियों को 22.3 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस टीम में इंचार्ज सब इंस्पेक्टर गगनदीप सिंह, कांस्टेबल चंदन, कांस्टेबल पवन और कांस्टेबल शाहिद अली मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार जिला मंडी पुलिस की विशेष एसआईयू टीम गश्त पर पधियूं क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान तीन युवकों को पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधियों के कारण चेकिंग की गई। वहीं चैकिंग के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 22.3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए आरोपियों की पहचान हितेश कुमार (32) पुत्र हरनाम सिंह निवासी नेला सौलीखड्डु तहसील सदर जिला मंडी, हंसराज (38) पुत्र मेघ सिंह निवासी गरोड़ु तहसील जोगिंद्रनगर जिला मंडी और हितेश कुमार (31) पुत्र सुरिंद्र गांव व डाकघर रंधाड़ा तहसील सदर जिला मंडी के तौर पर हुई है।

पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि मामले में आरोपियों को न्यायालय के समक्ष सोमवार को नियमानुसार पेश किया जाएगा।

# संस्कारी बच्चों का कार्यक्रम देख गुरुकुल की आई याद : चमन राही

**अनंत ज्ञान, मंडी**



मुख्यातिथि व विशेष अतिथि के साथ सामूहिक चित्र में होनहार बच्चे।

मार्डन ब्लू स्टार पब्लिक स्कूल हलेल कनैड में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नरेश चौहान ड्रीम्ज कॉलेज के एमडी एवं पूर्व प्रत्याशी नाचन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं चमन राही अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता ने बतौर विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

इस मौके पर नाचन ब्लॉक विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस अध्यक्ष उपेंद्र ठाकुर, सेवा दल कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव यशवंत गुलेरिया, पूर्व पंचायत प्रधान दलीप सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। मुख्यातिथि नरेश चौहान ने कहा कि पैसे के अभाव में शिक्षा से वंचित रहे जरूरतमंद छात्रों के लिए ड्रीम्ज कॉलेज में 300 से अधिक बच्चों को अलग अलग विषय में निशुल्क डिप्लोमा और अन्य कोर्स करवाए हैं। विशेष अतिथि चमन राही ने कहा कि मार्डन ब्लू स्टार पब्लिक स्कूल हलेल कनैड के बच्चों पूरे प्रदेश अपने टेलेंट को प्रदर्शित किया है, जिससे मंडी जिला का नाम रोशन हुआ है।

चमन राही ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने असहाय बच्चों को चिल्ड्रन आफ स्टेट का दर्जा देकर उनकी संपूर्ण जिम्मेदारी लेकर देश व प्रदेश के इतिहास में एक नई मिसाल कायम की है, इसके लिए जनता सदैव ऋणी रहेगी।

इस मौके पर मुख्यातिथि व विशेष अतिथि ने बच्चों को सम्मानित किया, उनमें दिव्य, तृषा, सूयांश, शिवाय, जानवी, जिगर, स्मृति, आरबू, शिवांश, अनीश, शिवम, सोनाक्षी, रिधीमा, प्रांशुल, अंकित, कशिश शामिल हैं।

इस अवसर पर मार्डन ब्लू स्टार पब्लिक स्कूल हलेल कनैड की प्रधानाचार्य गोदावरी ने गणमान्यों को सम्मानित कर स्कूल की रिपोर्ट पढ़ी। कार्यक्रम में अध्यापिकाओं में मीनाक्षी, चंचल, नीलम, कमलेश, अमीशा, नवल शर्मा, कृष्ण चंद और अभिभावकों में कृणा राणा, देवेंद्र, मीना, रीना, कृष्णा, सावित्री, जगदीश, श्याम, गंगाराम, दिलीप कुमार, अंजू, रमेश आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिक सुंदर सिंह को दी अंतिम विदाई

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



अंतिम विदाई देते हुए।

सरकाघाट एक्स सर्विसमैन लीग ने 1962, 1965 और 1971 के युद्धों में भाग लेने वाले वीर योद्धा स्वर्गीय सुंदर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भावभीनी अंतिम विदाई दी। सुंदर सिंह का निधन चंडीगढ़ के एक निजी अस्पताल में हुआ। वह सरकाघाट की ग्राम पंचायत पपलोग के निवासी थे।

निधन पर उपनिदेशक सैनिक कल्याण विभाग मंडी और जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने शोक व्यक्त किया और उनके परिवार को इस कठिन समय में सहनशक्ति प्रदान करने की कामना की। स्वर्गीय सुंदर सिंह के अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय सुंदर सिंह के योगदान को नमन किया और उनके परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उनकी वीरता और सेवाभाव को सदैव स्मरण किया जाएगा।

### सूडोकु 0038 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0037 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

6 जनवरी, 2025, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** पौष, **तिथि** सप्तमी (6:25): **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपद (07:07), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** परिघ (02:04) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:06-12:47), **राहुकाल** (08:32 -09:50)।

### विशेष दिन

- 6 जनवरी : गुरु गोकुलदास जी की जयंती आज।
- 6 जनवरी 2025 : गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती आज।

**मेष:** अगर आज आप यात्रा कर रहे हैं तो आपको अपने सामान की अतिरिक्त सुरक्षा करने की जरूरत है। धन, यश और कीर्ति में वृद्धि होगी।

**वृषभ:** आज आपको किसी रिश्तेदार यो विशेष व्यक्ति से कुछ मानसिक तनाव मिल सकते हैं। नौकरी और व्यवसाय में सहयोग से सफलता प्राप्त करेंगे।

**मिथुन:** आज बच्चों के साथ समय बिताना खास होगा। घर-परिवार के लिए समय निकालने की कोशिश करें। गलत संगति से बचने की कोशिश करें।

**कर्क:** आज आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। शत्रु पक्ष प्रभावी रहेगा। नौकरी और व्यवसाय में सहयोग से सफलता प्राप्त करेंगे। मन को शांत तथा प्रसन्न रखें।

**सिंह :** महत्वपूर्ण काम बिगड़ सकते हैं। पारिवारिक प्रतिष्ठा व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। रोजगार के अवसर विकसित होंगे।

**कन्या :** अधिकांश समय खरीदारी में जाएगा। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। करियर के लिहाज से दिन सकारात्मक परिवर्तन लेकर आ सकता है।

**तुला:** विचारों में काल्पनिकता का समावेश हो सकता है, बेहतर होगा इसका इस्तेमाल आप रचनात्मक कार्यों में करें। व्यवसाय संबंधित प्रयास में कठिनाई आएगी।

**वृश्चिक:** आज कोई विशेष शुभ समाचार मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। अपने परिवार के हितों के खिलाफ काम न करें। कारोबार में वृद्धि होगी।

**धनु :** यदि आज आप अपने लिए कुछ खास करना चाहते हैं तो यह समय एकदम उचित है। पराक्रम में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरुरत है।

**मकर :** आज मानसिक उदासी और खिन्नता रहेगी। उत्साह भंग होगा। व्यावसायिक मामलों में जोखिम न उठाएं। संतान पक्ष से सहयोग प्राप्त होगा।

**कुंभ :** अकस्मात व्यय से परेशानी होगी। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आर्थिक लाभ की स्थिति अच्छी बनी हुई है।

**मीन :** रचनात्मक प्रयास में इच्छित सफलता मिलेगी। नौकरी और व्यवसाय में स्थिति अच्छी बनी रहेगी। सम्बंधों में कुछ उतार-चढ़ाव की स्थिति है।

## संजीव को स्वर्ण पदक और विशेष पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



उपमंडल सरकाघाट की अप्पर बरोट पंचायत के निवासी संजीव कौशल को कैरियर प्वाइंट विश्वविद्यालय से सर्वोत्कृष्ट शोध प्रबंध लिखने पर स्वर्ण पदक और विशेष पुरस्कार से नवाजा गया है। संजीव कौशल ने यह उपलब्धि अपने कठोर परिश्रम और लगन से हासिल की है। हाल ही में कैरियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में हुए दीक्षांत समारोह में उन्हें इस विशिष्ट उपलब्धि से नवाजा गया है।

संजीव कौशल की प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पौंटा में हुई। संजीव कौशल के पिता रत्नलाल कौशल ने बताया कि वह हमेशा अपनी कक्षा में प्रथम स्थान पर रहता था और जमा दो कक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने के बाद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से मैनेजमेंट में प्रथम स्थान पर रहकर मास्टर ऑफ मैनेजमेंट की उपाधि प्राप्त की।

वर्तमान में राज्य सहकारी बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। इस उपलब्धि पर संजीव कौशल ने बताया कि यह उपलब्धि हासिल करने में उनके शिक्षक पिता रत्नलाल कौशल का विशेष योगदान रहा है।

## मंडी ने जीती संकल्प नशा मुक्त कबड्डी प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) सुंदरनगर इकाई द्वारा संकल्प नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का समापन समारोह विधिवत रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष अभिनंदन ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रतियोगिता में 11 टीमों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता दो दिन एमएलएसएम महाविद्यालय के मैदान में चली।

आयोजक अनित जसवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा मुख्यातिथि को शॉल टोपी व स्मृतिचिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच मंडी व पॉलिटेक्निक सुंदरनगर के बीच खेला गया, जिसमें मंडी विजयी रहा।

मुख्यातिथि अभिनंदन ठाकुर द्वारा विजेता हाटेशवरी टीम को 7100 रुपए के साथ ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 6100 रुपए के साथ ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

मुख्यातिथि अभिनंदन ठाकुर ने एनएसयूआई इकाई के कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इस अवसर पर एनएसयूआई के दर्जनों कार्यकर्ता व अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

## धर्मपुर में हुए लकड़ी कटान पर माकपा ने मांगी सरकार से जांच

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी सरकाघाट एवं धर्मपुर लोकल कमेटी की बैठक पार्टी कार्यालय सरकाघाट में एडवोकेट सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें राज्य सचिवालय सदस्य भूपेंद्र सिंह के अलावा सुरेश शननी, दिनेश ठाकुर, मान सिंह, ऋत्विक ठाकुर, प्रमीला ठाकुर, दिनेश काकू, करतार सिंह, मिलाप चंदेल, रणताज राणा, प्रकाश सकलानी, बाला राम इत्यादि ने भाग लिया।

बैठक में अवाहदेवी से पाड़छु तक पिछले चार साल से निर्माणाधीन रास्ट्रीय उच्च मार्ग के निर्माण की धीमी गति और घटिया किस्म के निर्माण कार्य को सुधारने बारे प्रशासन व सरकार से मांग उठाई गई। पार्टी सचिव भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पाड़छु पुल के दोनों तरफ जिस प्रकार से कंपनी ने पहाड़ी की अधूरी कटिंग की है वहां कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है।

पार्टी ने दोनों तरफ पहाड़ी की कटिंग को दिन रात करके जल्दी सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने की मांग की है और वहां पर ट्रैफिक पुलिस लगाने की भी मांग की है। पार्टी ने पिछले दिनों धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में हुए लकड़ी के अवैध कटान पर भी चिंता व्यक्त की है और जिन अधिकारियों की देखरेख में ये लकड़ियां काटी व डंप की गई थी उनके खिलाफ भी ठियोग में हुए पानी घोटाले की तर्ज पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

पार्टी ने वन परिक्षेत्र अधिकारी धर्मपुर और कमलाह द्वारा 25 दिसंबर को पुलिस थाना में दर्ज करवाई एफआईआर बारे में भी सवाल खड़े किए हैं जिसमें इस लकड़ी घोटाले के बारे में सोशल मीडिया में शेयरिंग करने तथा लकड़ी डंपिंग साईट्स पर अनाम लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई है, जबकि वन विभाग अभी तक ये बताने में असमर्थ है कि ये लकड़ियां किसने काटी थी और किसने वहां पर डंप की है।

पार्टी ने घरेलू प्रयोग के लिए बांस व अन्य ईमारती लकड़ी के कटान पर लगाए प्रतिबंध को तुरंत हटाने की भी मांग उठाई है।

पार्टी ने ग्रामीण इलाकों में पैट्रोल–डीजल से चलने वाले लकड़ी काटने वाले कटरों को पंजीकृत करने की भी सरकार से मांग उठाई है। वहीं अन्य मांगों को भी उठाया गया।(अनंत ज्ञान)

## मेधावियों को किया सम्मानित

**आदर्श, नेरचौक**



सनराइज पब्लिक स्कूल खतरवाड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के निदेशक लाल सिंह कौशल ने समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

स्कूल की चेयरमैन शकुंतला कुमारी व प्रधानाचार्य निर्मल शर्मा ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। साथ ही प्रधानाचार्य ने पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लाल सिंह कौशल ने कहा कि वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बच्चों के लिए एक ऐसा मंच है जहां साल भर बच्चों ने जो मेहनत की होती है उसका इनाम बच्चों को मिलता है। उन्होंने पाठशाला के मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्रा नीतिका को इस वर्ष दसवीं कक्षा में पूरे प्रदेश में 695 अंक प्राप्त कर पांचवें स्थान पर रहने व स्थानीय पाठशाला का नाम रोशन करने के लिए प्रशस्ति पत्र के साथ 11000 रुपए की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।(अनंत ज्ञान)

'खुश लोग अपनी आंतरिक दुनिया का निर्माण करते हैं, दुखी लोग अपनी बाहरी दुनिया को दोष देते हैं। -दलाई लामा

## संपादकीय

# रील और वीडियो पर बैन जायज

बदलते आधुनिक युग में बच्चों से लेकर बूढ़ों तक हर कोई सोशल मीडिया के प्रभाव में है। सोशल मीडिया का चलन तेजी से बढ़ रहा है और यह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी बन गया है। हम सब सोशल मीडिया पर अपना बहुत सारा समय बर्बाद कर रहे हैं। भारत में सोशल मीडिया पर समय बिताने की दर प्रतिदिन करीब 2 घंटे 25 मिनट तक पहुंच गई है। फेसबुक के अलावा कई अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म हैं जो विभिन्न उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाते हैं। फोटो और वीडियो शेयरिंग के लिए इंस्टाग्राम प्रमुख प्लेटफार्म है, जो दिनोंदिन लोकप्रिय हो रहा है। यदि कोई व्यक्ति इस प्लेटफार्म में चला जाता है तो कम से कम आधा घंटा तो बर्बाद कर ही देता है। टिक्टॉक छोटे वीडियो बनाने और साझा करने वाला प्लेटफार्म है, जिसका उपयोग बहुत ज्यादा हो रहा है। स्नैपचैट भी फोटो और वीडियो शेयरिंग के लिए प्लेटफार्म है और काफी मशहूर है जो वैनिशिंग कंटेंट के लिए जाना जाता है। माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफार्म ट्विटर जो अब एक्स में तब्दील हो गया है, छोटे संदेशों को साझा करने के लिए अच्छा प्लेटफार्म माना जाता है।

टम्बलर माइक्रोब्लॉगिंग और सामाजिक नेटवर्किंग के लिए एक प्लेटफार्म है। वीडियो शेयरिंग प्लेटफार्म यूट्यूब का इस्तेमाल भी करोड़ों लोग करते हैं। इसके अलावा वीडियो भी वीडियो शेयरिंग के लिए एक प्लेटफार्म है जो क्रिएटर्स के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। दूसरी ओर लिंक्डइन प्रोफेशनल नेटवर्किंग और जॉब सर्च के लिए एक लोकप्रिय प्लेटफार्म है एक्सिंग भी प्रोफेशनल नेटवर्किंग के लिए एक अलग प्लेटफार्म है। अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों में रेडिट है, जो एक सामाजिक समाचार और चर्चा वाली वेबसाइट है। इसी तरह, पिनटेरेस्ट एक विजुअल डिस्कवरी और सेविंग वेबसाइट है। डिस्कॉर्ड जो एक सामाजिक प्लेटफार्म है को विशेष रूप से गेमर्स और समुदायों के लिए डिजाइन किया गया है। कहने का अर्थ यह है कि इंसान इन बेशुमार प्लेटफार्मों के जाल में बुरी तरह से फंसा हुआ है। सोशल मीडिया व्यवसायों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है, जहां वे अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रमोट कर सकते हैं। सोशल मीडिया ने लोगों को दुनियाभर में जुड़ने और सामाजिक संपर्क बनाने का एक आसान तरीका प्रदान किया है। इसके साथ ही यह समाचार और जानकारी के लिए एक महत्वपूर्ण स्रोत बन गया है, जहां लोग ताजा समाचार और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सोशल मीडिया के कई नुकसान भी हैं।

सबसे बड़ा नुकसान निजता की कमी है, जो एक बड़ा मुद्दा है, जहां लोगों की व्यक्तिगत जानकारी और फोटो सार्वजनिक हो सकते हैं। सोशल मीडिया पर साइबर बुलिंग भी एक बड़ा मुद्दा है, जहां लोगों को ऑनलाइन धमकी और अपमान का सामना करना पड़ सकता है। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जैसे कि तनाव, चिंता और अवसाद। इन्हीं नुक्सानों को मद्देनजर रखकर हिमाचल में स्कूल और कॉलेजों में रील और वीडियो बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रदेश में शिक्षण संस्थानों में रील्स और वीडियो पर प्रतिबंध लगाने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। दरअसल, उच्च शिक्षा निदेशालय ने यह सख्त कदम इसलिए उठाया है चूंकि शिक्षक स्कूल की एक्टिविटीज से जुड़े वीडियो और रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर देते थे। जब वो वायरस होते थे तो ऐसा प्रतीत होता था कि स्कूलों और कॉलेजों में अब पढ़ाई नहीं हो रही है तथा रील और वीडियो बनाने पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। अध्यापकों की देखादेखी में बच्चे भी वीडियो और रील की तरफ ज्यादा आकर्षित हो रहे थे। जब एक्टिविटीज को करवाने के लिए अलग से जीरो पीरियड स्कूलों में होते हैं तो ऐसे में सवाल यह है कि अध्यापक वीडियो और रील क्यों बनाते हैं? स्कूलों में हो रहे डांस और अन्य गैर जरूरी वीडियो वायरल करना भला कहां तक उचित है? निश्चित रूप से इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। प्रदेश सरकार स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पिछले साल शिक्षा विभाग ने स्कूलों में एनुअल फंक्शन करवाने पर भी रोक लगा दी थी। हालांकि, बाद में विभाग को वह आदेश विधायकों और मंत्रियों के दबाव में बदलना पड़ा था, क्योंकि ज्यादातर स्कूलों में मंत्री और विधायकों को ही मुख्य अतिथि बुलाया जाता था। इससे पहले हिमाचल प्रदेश में पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पुलिस वर्दी में सोशल मीडिया पर रील्स, वीडियो और फोटो अपलोड करने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। स्कूलों में रील्स और वीडियो पर प्रतिबंध लगाने से साइबर सुरक्षा को बढ़ावा मिल सकता है और छात्रों को ऑनलाइन खतरों से बचाया जा सकता है। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है और छात्रों को अधिक फोकस्ड और अनुशासित बनाया जा सकता है। शिक्षक अब छात्रों को स्कूल के नियमों और अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि यह प्रतिबंध स्कूलों की नीतियों और नियमों पर निर्भर करता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री

**जयराम** ठाकुर भारतीय राजनीतिज्ञ एवं हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। वे भारतीय जनता पार्टी के राजनेता हैं। वे हिमाचल प्रदेश विधानसभा के लिए मंडी जिले की सराज नामक विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे। हिमाचल प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े जिले मंडी से जयराम ठाकुर पहले विधायक रहे, जो मुख्यमंत्री बने। भारतीय जनता पार्टी ने 2017 के विधानसभा चुनावों में मंडी जिले की 10 सीटों में से नौ पर जीत हासिल कर इतिहास रचा था। जयराम मंडी के एक किसान परिवार से आते हैं। उन्होंने चंडीगढ़ के पंजाब विश्वविद्यालय से परास्नातक



जयराम ठाकुर
जन्म : 6 जनवरी, 1965

(पोस्ट ग्रेजुएशन) की पढ़ाई की और विश्वविद्यालय के दिनों में ही राजनीति में कदम रखने का फैसला किया। छात्र जीवन के दौरान जयराम ठाकुर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के समर्पित कार्यकर्ता थे और वह संघ के करीबी माने जाते हैं और वह राजपूत समुदाय से आते हैं। जयराम ठाकुर 1986 में एबीवीपी में संयुक्त सचिव बने और 1993 से 1995 तक बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव और प्रदेश अध्यक्ष भी बने। 2004 से 2005 तक जयराम बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे और 2006 में प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष बने। जयराम ठाकुर ने 28 वर्ष की उम्र में पहली बार 1993 में चच्योट सीट से विधानसभा चुनाव लड़ा था। वह 800 वोटों के अंतर से पहला चुनाव हार गए थे, लेकिन बीजेपी नेतृत्व का ध्यान अपनी तरफ खींचने में कामयाब रहे। 1998 में पहली बार विधानसभा चुनाव जीते और 1998 से अब तक लगातार पांचवीं बार विधायक हैं। वोटबैंक और अपने समर्थकों का आधार बढ़ाने की उनकी क्षमता ही थी। ■



वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन

कविता

## जिंदगी में रवानगी

*रास्ता है दूर नहीं*
*मंजिल है यहीं कहीं रुकते हो क्यों यहां ?*
*बढ़ाओ कदम से कदम ऊंचे ऊंचे से पर्वत*
*गहरी गहरी घाटियां ये सुंदर सी वादियां*
*बुला रहीं हैं तुम्हें चलते चलो, चलते चलो*
*राह में सब से मिलो प्रेम करते ही चलो*
*पा जाओगे एक दिन मंजिल अपनी को*
*चलते चलो, चलते चलो बनाओ सुहावना*
*हर एक दिन को यह मत सोचो*
*कठिन है राह चलना ही जीवन है*
*चलते चलो, चलते चलो मत करो किसी की परवाह*
*चलते चलो, चलते चलो*

अनंत ज्ञान

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# व्याप्त भ्रष्टाचार पर मिलकर करो व्यापक प्रहार



हिमाचल में भ्रष्टाचार इस कदर व्याप्त हो गया है कि अब छोटे कर्मचारियों से लेकर बड़े अधिकारियों के नाम आए दिन उछल रहे हैं। कभी चपरासी तो कभी पटवारी, कभी पंचायत सचिव तो कभी नायब तहसीलदार और जज, कभी फायर ऑफिसर तो कभी वक्फ बोर्ड का स्टेट ऑफिसर, कभी महिला पुलिसकर्मी तो कभी सब इंस्पेक्टर और कभी विधायक तो कभी मुख्य सचिव, कभी होटल मैनेजर और एसबीआई मैनेजर तो कभी जेई और एसडीओ तक भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए गए हैं। ताजा मामले में ट्राई का एक वरिष्ठ रिसर्च अधिकारी एक लाख की रिश्वत लेते दिल्ली से गिरफ्तार हुआ है। स्टेट विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो रिश्वतखोरी के जितने मामले पकड़ रहा है उतने ही बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में राजधानी शिमला में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के ऑफिस पर सीबीआई की रेड तो शायद सबको याद ही होगी।

यह कैसी विडंबना है कि एक जांच एजेंसी को दूसरी जांच एजेंसी पर ही रेड करनी पड़ रही है, मगर मामला ही कुछ ऐसा बन गया कि सीबीआई को ईडी के खिलाफ एक्शन लेना पड़ा। रिश्वत देने से बचने के लिए पीड़ित लोग चंडीगढ़ में सीबीआई की शरण में गए और वहां के अधिकारियों ने सारी व्यथा सुनकर शिमला में रेड डाल दी। दरअसल, यह केस हिमाचल में 180 करोड़ रुपए से ज्यादा के बहुचर्चित छात्रवृत्ति घोटाले से जुड़ा हुआ था। घोटाले में 29 निजी शिक्षण संस्थानों के कर्ता-धर्ता ईडी के रडार पर थे। ईडी से बड़े अधिकारी ने उनसे अढ़ाई करोड़ रुपए की डिमांड की थी। यह बेहद शर्मनाक कृत्य है।

चंद पैसे कमाने की खातिर कर्मचारी और अधिकारी अपना ईमान बेच रहे हैं। कई बार तो रिश्वत मांगने का स्तर भी इतना निम्न हो जाता है कि लोग हजार-दो हजार रुपए के लिए भी अपनी बदनामी करवा लेते हैं। हालात यह हो गए हैं कि आज हर विभाग में भ्रष्टाचार घुस गया है। जिसका दांव लगता है वह छोटी-मोटी रकम अपनी जेब में डाल लेता है। रिश्वतखोरी का चस्का ऐसा होता है कि अगर एक बार लग जाए तो इससे छुटकारा पाना मुश्किल होता है। जब तक रिश्वतखोर गिरफ्तार नहीं हो जाता तब तक उसका लालच बढ़ता जाता है और वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आता। पैसे की बेतहाशा भूख से उसे समाज में अपनी इज्जत की भी कोई परवाह नहीं होती। शिमला के ठियोग में टैंकरों से पानी की सप्लाई करने का मामला भी चर्चा के केंद्र में है।

चर्चा इसलिए ज्यादा है कि पानी की सप्लाई कागजों में टैंकरों के जरिए करने की दर्शाई गई, लेकिन असल में टैंकरों के बजाय पानी बाइकों, कारों और अफसरों की गाड़ियों में ढोया गया। हद तो तब हो गई कि जब एक दिन में 1,000 किलोमीटर वाहन की रनिंग दिखा दी गई, जो कि हिमाचल जैसे दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों वाले पहाड़ी राज्य में असंभव है। इससे पहले स्कूटरों पर सेब ढोने के मामले से भी आप वाकिफ होंगे। आखिर हिमाचल में रिश्वतखोरी का चलन बढ़ कैसे गया, जबकि इससे पहले रिश्वतखोरी के मामले में हिमाचल कभी इतना बदनाम नहीं था। हिमाचल में भ्रष्टाचार सबसे कम था। दूसरे राज्य हिमाचल की ईमानदारी छवि का उदाहरण दिया करते थे। तब केवल तीन प्रतिशत हिमाचली ही रिश्वत देते थे, लेकिन पिछले कुछ सालों से यहां रिश्वत देना जैसे आम बात हो गई है। या तो लोगों के पास समय नहीं है या फिर उनके पास पैसा बहुत ज्यादा हो गया है कि वह रिश्वत देना कोई बुरी बात नहीं मानते।

यथार्थ



लेखक : समरजीत
संपादक, अनंत ज्ञान

रिश्वत लेने के कई कारण हो सकते हैं। सबसे बड़ा कारण तो यह है कि रिश्वत लेने से व्यक्ति को अतिरिक्त आय प्राप्त होती है, जो उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारने में मदद करती है। कुछ मामलों में व्यक्ति की आय उनके खर्चों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं होती है, जिससे वे रिश्वत लेने के लिए प्रेरित होते हैं। वहीं, कुछ समाजों में रिश्वत लेना एक सामान्य और स्वीकार्य प्रथा हो सकती है, जिससे व्यक्ति को इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। राजनीतिक दबाव के कारण भी रिश्वत ली जाती है, जैसे कि चुनाव में जीतने के लिए या राजनीतिक प्रभाव बढ़ाने के लिए।

रिश्वत लेने से व्यक्ति को अधिकार और शक्ति का एहसास हो सकता है, जो उन्हें अपने पद और प्रभाव का दुरुपयोग करने के लिए प्रेरित कर सकता है। इसके अलावा व्यक्तिगत कारण भी होते हैं। रिश्वत लेने का सबसे प्रमुख कारण लालच है, जो व्यक्ति को अधिक पैसा कमाने के लिए प्रेरित करता है। कुछ व्यक्तियों ने अपने नैतिक मूल्य ताक पर रख दिए होते हैं। उन्हें अपने आपको हीन समझना बुरा नहीं लगता, क्योंकि उन्होंने शर्म पहले से ही बेचकर खा ली होती है। नैतिक मूल्यों की कमी भी रिश्वत लेने का एक बहुत बड़ा कारण है, जो व्यक्ति को अपने कार्यों के परिणामों के बारे में चिंतित नहीं करती है।

इन कारणों को समझने से हमें रिश्वत की समस्या का समाधान करने में मदद मिल सकती है। ऐसा नहीं है कि रिश्वतखोरी हिमाचल में ही बढ़ रही है, बल्कि यह तो अब ग्लोबल हो चुकी है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल संस्था हर साल भ्रष्टाचार को लेकर एक रिपोर्ट जारी करती है, जिसके आंकड़े बेहद चौंकाने वाले होते हैं। इस संस्था ने दुनियाभर के 180 देशों में सर्वे किया और 2023 में रिपोर्ट जारी की।

रिपोर्ट में पता चला कि डेनमार्क में सबसे कम भ्रष्टाचार होता है, जबकि इसके उलट सोमालिया में सबसे ज्यादा। चीन 76वें तथा हमारा पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान 133वें स्थान पर था। 2023 में भारत का ओवरऑल स्कोर 39 रहा था, जबकि इससे पिछले साल 2022 में 40 स्कोर था। भारत 2022 में जहां 85वें स्थान पर था तो वहीं 2023 में 93वें स्थान पर पहुंच गया। ये भयावह आंकड़े इस बात के गवाह हैं कि भ्रष्टाचार के मोर्चे पर भारत में कोई सुधार नहीं हुआ।

प्रधानमंत्री मोदी भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस की बेशक बड़ी-बड़ी बातें करते रहें, लेकिन हकीकत यह है कि देश का कोना-कोना भ्रष्टाचार के आगोश में जकड़ा है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की सोच कई मायनों में उचित प्रतीत होती है, लेकिन यह भी गंभीर चिंतन का विषय है कि आखिर इस भ्रष्टाचार को रोका कैसे जाए? भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के बावजूद लोगों और खासकर विभिन्न कंपनियों और उद्योगों को अपना काम निकलवाने के लिए अधिकारियों को रिश्वत देनी पड़ती है। हाल ही में एक रिपोर्ट में देशभर के 159 जिलों में तकरीबन 66 प्रतिशत व्यापारिक कंपनियों ने यह स्वीकार किया है कि उन्होंने रिश्वत दी है।

धर्मशाला में हाल ही में हुए विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी भ्रष्टाचार को लेकर खूब चर्चा हुई। पक्ष और विपक्ष में भवें तनीं। दोनों एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते दिखे, लेकिन सवाल यह है भ्रष्टाचारी आखिर है कौन? भारत में भ्रष्टाचार एक गंभीर अपराध माना जाता है, जिसके लिए कड़ी सजा का प्रावधान है। भारतीय दंड संहिता के तहत भ्रष्टाचार से संबंधित अपराधों के लिए पांच साल तक की कैद और जुर्माना लगाया जा सकता है। किसी भी प्रकार की सेवा या काम के लिए रिश्वत लेना या देना एक संज्ञेय अपराध है। भ्रष्टाचारी गतिविधियों में शामिल होना जैसे कि घूस देना या लेना भी गंभीर अपराध है। किसी सार्वजनिक पद का दुरुपयोग करके व्यक्तिगत लाभ लेना भी अपराध की श्रेणी में आता है।

भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ कई कानून और नियम हैं। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 : यह अधिनियम भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के लिए बनाया गया था। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 : यह अधिनियम नागरिकों को सरकारी सूचनाओं तक पहुंच प्रदान करता है। लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 : यह अधिनियम भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के लिए लोकपाल और लोकायुक्त की नियुक्ति प्रदान करता है। रिश्वतखोरी को खत्म करने के लिए कई कदम उठाए जाने की जरूरत है। शिक्षा के माध्यम से लोगों को रिश्वतखोरी के नुकसान और इसके परिणामों के बारे में जागरूक किया जा सकता है।

सामाजिक अभियानों के माध्यम से लोगों में रिश्वतखोरी के खिलाफ जागृति लाई जा सकती है। रिश्वतखोरी के खिलाफ कानूनी सुधार करने चाहिए तथा कड़ी सजा का प्रावधान करना चाहिए। इसके अलावा प्रशासनिक सुधार भी करने चाहिए तथा पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना चाहिए। निगरानी और अनुशासन को बढ़ावा देने से भी रिश्वतखोरी के मामलों को कम किया जा सकता है। प्रौद्योगिकी का उपयोग भरपूर करना चाहिए। आजकल हर जगह ऑनलाइन सेवाएं मौजूद हैं, जिनका उपयोग करके रिश्वतखोरी को कम किया जा सकता है, जैसे कि ऑनलाइन आवेदन और भुगतान करना बेहतर विकल्प हो सकता है। डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना भी श्रेयस्कर रहेगा।

नागरिक शिकायत निवारण प्रणाली को ज्यादा से ज्यादा मजबूत करना चाहिए ताकि नागरिक अपनी शिकायतें बेझिझक दर्ज करवा सकें। सामाजिक संगठनों की भागीदारी को बढ़ावा देना चाहिए ताकि वे रिश्वतखोरी के खिलाफ आवाज उठा सकें। निश्चित रूप से इन उपायों को लागू करके रिश्वतखोरी को कम किया जा सकता है और एक भ्रष्टाचार मुक्त समाज की स्थापना की जा सकती है। आओ, हम सब भ्रष्टाचार के खात्मे की शपथ लें।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# परीक्षा की सुनियोजित तैयारी... सफलता होगी तुम्हारी !

जीवन में कोई भी क्षेत्र हो उसमें सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन इम्तिहानों से गुजरना पड़ता है। यह आवश्यक भी है और उपयोगी भी, क्योंकि परीक्षा से ही मानव की क्षमताओं और सामर्थ्य तथा प्रतिभा का पता चलता है। वर्तमान समय में परीक्षा, शिक्षा व्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए छात्र अपनी अपनी क्षमता के अनुसार अनवरत प्रयास करते हैं और अपने वांछित परिणाम हासिल करते हैं। वर्तमान समय में शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन और नवाचारों के समावेश से शिक्षा और परीक्षा के क्षेत्र में भी कई प्रकार के बदलाव आए हैं, जो कि समाज और राष्ट्र के विकास के लिए आवश्यक भी हैं और उपयोगी भी हैं। परीक्षा के माध्यम से ही युवा पीढ़ी अपने भविष्य के लिए किसी विशेष कार्यक्षेत्र का निर्धारण और चयन करते हैं।



लेखक : : विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, चंबा

शिक्षा वास्तव में एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, मनुष्य जीवन भर कुछ न कुछ सीखता ही रहता है। शिक्षा चाहे औपचारिक रूप में हो अथवा अनौपचारिक रूप से मानव जीवन में उसका अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। अगर हम बात करें विद्यालयी शिक्षा की तो आने वाले समय में परीक्षाओं का दौर प्रारंभ होने वाला है। हमारे देश में कई शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन करते हैं और विद्यार्थियों की योग्यता का मापन करते हैं। विद्यार्थी वर्ष भर अपनी इच्छित सफलता प्राप्त करने के लिए जी तोड़ मेहनत करते हैं, ताकि वे अपने भविष्य की मजबूत नींव रख सकें। विद्यार्थी वैसे तो पूरे वर्ष मेहनत करते हैं, परंतु बोर्ड द्वारा निर्धारित वार्षिक परीक्षाओं के द्वारा ही उनकी प्रतिभा और योग्यता का निर्धारण होता है। अत: वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए विद्यार्थी अपनी कड़ी मेहनत से तैयारी करते हैं। यद्यपि परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है, परंतु अगर कड़ी मेहनत के साथ सुनियोजित और व्यवस्थित तैयारी की जाए, तो सफलता में चार चांद लग जाते हैं। अगर विद्यार्थी वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी को नियमित रूप से और सुनियोजित ढंग से करते हैं तो वे परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं और अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं।

सबसे महत्वपूर्ण पहलू होता है कि विद्यार्थी का दृष्टिकोण हमेशा सकारात्मक बना रहे और आशावादी भावना से निरंतर प्रयासरत रहें। परीक्षा को एक कठिन दौर न मानकर ,एक



उत्सव की तरह लिया जाए और उमंग और उत्साह के साथ परीक्षाओं की तैयारी की जानी चाहिए। आमतौर पर देखा जाता है कि बहुत से विद्यार्थी परीक्षा प्रारंभ होने से कुछ समय पहले अपनी पढ़ाई के प्रति सजग होते हैं और अपनी क्षमता से अधिक बोझिल हो जाते हैं परिणामस्वरूप परीक्षा के समय वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते क्योंकि अधिक पाठ्यक्रम और मानसिक तनाव के कारण उनकी कार्यशैली और कार्यक्षमता प्रभावित होती है जिसका दुष्प्रभाव उनके परीक्षा में प्रदर्शन पर पड़ता है।

अत: समय प्रबंधन के साथ-साथ आत्म प्रबंधन पर भी ध्यान देना आवश्यक और उपयोगी साबित होता है। वर्तमान समय में परीक्षाओं और कुछ दशक पहले की परीक्षाओं में काफी अंतर देखने को मिलता है, जिसका ज्ञान विद्यार्थियों को होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। पूर्व में पाठ्यक्रम का विभाजन जिस तरह से होता था, विद्यार्थी कुछ पाठ्यक्रम को ही तैयार करके और अन्य पाठ्यक्रम को छोड़ दिया करते थे और परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकते थे, परंतु वर्तमान समय में बदलते सामाजिक और राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में गहन और व्यापक अध्ययन करना बहुत महत्वपूर्ण है, विद्यार्थियों को अपने पाठ्यक्रम और पाठ्यवस्तु की हर एक अवधारणा और संकल्पना को पढ़ना, समझना और आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक बन जाता है, क्योंकि आज हर क्षेत्र में प्रतियोगिता की भरमार है और विद्यार्थियों में शत प्रतिशत अंक लेने की भी होड़ लगी हुई है। इसके लिए आवश्यक हो जाता है कि विद्यार्थी कक्षा या सत्र के प्रारंभ से ही नियमित रूप से और सुनियोजित तरीके से निरंतर अध्ययन करने की आदत विकसित करें ताकि थोड़ा थोड़ा पाठ्यक्रम तैयार करने में उन पर अनावश्यक तनाव उत्पन्न नहीं होता। कक्षा में पूरी लगन और तल्लीनता से अध्यापक की बातों को समझें और आत्मसात करें, कोई बात या अवधारणा स्पष्ट न होने पर अध्यापकों से प्रश्न करें और समाधान प्राप्त करने का प्रयास करें, ताकि विषयवस्तु की पूरी समझ विकसित हो जाए। आलस्य और प्रमाद को अपने जीवन में हावी न होने दें और अपने अध्ययन को कल पर टालने से बचें, ताकि अनावश्यक तनाव और बोझ न बढ़े। प्रत्येक विद्यार्थी की अपनी एक क्षमता होती है और उसी अनुसार उसे मेहनत करनी चाहिए, दूसरों के साथ कभी भी प्रतिस्पर्धा न करके मात्र अपनी क्षमता के अनुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का प्रयास करें। जिससे नकारात्मक मानसिकता और अनावश्यक तनाव से बचा जा सकता है।

बोर्ड द्वारा निर्धारित पैटर्न के अनुसार परीक्षा की सुनियोजित तरीके से तैयारी करने से परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता मिल सकती है, इसके लिए विद्यालय के साथ-साथ घर में भी अभ्यास परीक्षा का प्रयोग करें। ताकि परीक्षा की समयावधि और प्रश्न पत्र को पूरी तरह से समझा जा सके। एकाग्रता और आत्मविश्वास परीक्षा में सफलता प्राप्त करने में बहुत सहायक सिद्ध हो सकते हैं। अत: उपरोक्त सभी बातों को ध्यान में रखकर और नियमित रूप से निरंतर अध्ययन करने से आपको परीक्षा में मनवांछित सफलता प्राप्त होगी। हमेशा याद रखें 'इच्छित सफलता के लिए वांछित मूल्य चुकाना पड़ता है'

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# दृष्टिहीनों को सौगात दे गए लुई ब्रेल

चार जनवरी 1809 को फ्रांस के पेरिस के कूपने शहर में लुई का जन्म हुआ और 6 जनवरी 1852 को लुई ब्रेल 1 का निधन हो गया। इस बालक के पिता सिमोन घोड़ों के लिए काठी बनाते थे। तीन साल का लुई भी पिता के पास ही खेल रहा था। पिता पास नहीं थे तो बुई ने काठी सिलने वाला सुआ उठा लिया अचानक वह सुआ लुई की आंख में लग गया तो आंख की रोशनी चली गई। धीरे-धीरे दूसरी आंख से भी दिखना बंद हो गया। लुई को पेरिस में वैलेंटाइन हार्वे द्वारा-चलने वाले दुनिया के प्रथम उच्च विद्यालय भेज दिया गया। सन 1819 में इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड चिल्ड्रन में अध्ययन किया 1826 से सहायक अध्यापक के रूप में भी कार्य लगन से 1829 में अपनी कार्य किया।



लेखक : मुकेश विग
वरिष्ठ लेखक, सोलन

लुई ब्रेल ने अपनी टाइप प्रणाली पर ग्रंथ माशित किया। ग्रंथ प्रकाशित बेल लिपि पर लुई की यह पहली पुस्तक थी। सन 1837 में लोकप्रिय इतिहास स्कूल बुक का तीन खंड वाला प्रकाशित किया। ब्रिल संस्करण 7 दृष्टिहीनों के लिए 63 अक्षरों के कोड में प्रत्येक सीसी सेना से छह उभरे हुए बिंदुओं से बना है। रिटायर्ड फ्रांसी एक से के कैप्टन फैप्टन बार्बियर ने में उभरी हुई बिंदु प्रणाली है यो रात लेखन नाम दिया व इसे सेना में प्रयोग करने की बात कही ताकि दुश्मन की नजरों से बचकर रात के अंधेरे में आपस में इस प्रणाली से संदेश भेजे जा सके व दुश्मन को हराया जा सके, लेकिन सेना ने इस सुझाव को नहीं माना तो उन्होंने इसे नेत्रहीनों की मदद के लिए प्रस्तुत किया। इससे ब्रेल दंग रह गया, जो उस समय l2 वर्ष का या यह किस्सा 1821 का है। ब्रेल ने इसी प्रणाली में कई सुधार किए ताकि इसका पूरा लाभ नेत्रहीनों को मिल सके।

कैथरीन साइमन, मैरी सेलिन दो बहनों व एक भाई से भी बुई ब्रेल दाटे थे। संगीतकार भी रहे व ऑर्गन भी बजाते थे। 6 जनवरी 1852 को लुई ब्रेल 1 का निधन हो गया। तपेदिक के कारण वे बीमार थे। निधन के



शताब्दी नाद हाथों को छोड़कर बाकी सभी अवशेष जो कुपने में रखे गए थे पैचियन में दफनाने को पेरिस ले जाए गए।

पैचियन में फ्रांस दफनाया गया है। फ्रांस के महानतम नायकों को लुई ब्रेल की 100वीं वर्षगांठ पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए हेलेन केलर ने कहा था हम मरान शख्स लुई ब्रेल के ऋणी हैं व सदा रहेंगे जिन्होंने व्यपनी दृष्टि खोने के बाद भी हार नहीं मानी, बल्कि ज्यादा उत्साह से इस पर काम किया, ताकि अन्य नेन्स दीनों को जीवन बोभून लेंगे तथा वे इसका आनंद ले सकें। आज लुईनेल द्वारा स्थापित ब्रेल लिपि के माध्यम से ही पूरी दुनिया के इसी वर्ग के लोग इस लिपि का लाभ ले रहे हैं। लुई ब्रेल तो पूर्ण स्वस्थ थे, लेकिन बचपन के एक हादसे ने उन्हें नेत्रहीन बना दिया फिर भी उन्होंने निराश होने सी बात साची तक नहीं इसे ईश्वर की एकर में कबूल किया अनूठा कारनामा कर एक संदेश भी दिया कि जीवन में हादसों से टूटने या घबराने के बजाय हमें संय हुए आगे बस्ते रहना चाहिए। जो बच्चे जन्म से ही दृष्टिहीन देते हैं वे भी इसी ब्रेल लिपि का पूरा लाभ उठा सकते हैं, क्योंकि उभरे हुए बिंदुओं की इस प्रणाली को वे कुछ ही समय के अभ्यास द्वारा भली भांति समझ सकते हैं। आज नेन्नूदान के माध्यम से भी कई नेत्रहीनों व लाचार वर्ग को नेत्र लगाकर देखने योग्य क्षमता प्रदान की जाती है।

कई लोग नेन्नदान करने के लिए इस मयदान हेतु आगे आ रहे हैं। धृतराष्ट्र भी एक कवि सूरदास भी जन्म से श्राप के कारण जन्म से ही अंधेचेव ही अंधे थे, लेकिन फिर भी ऐसे लोगों में हार नहीं मानी व नाम कमाया। संगीतकार व गायक रवींद्र जैन भी जन्म से ही नेत्रहीन थे, लेकिन इन्होंने अपनी कुला के दम पर अपनी अलग ही पहचान बनाई व कई पुरस्कार भी प्राप्त किश 24 फरवरी 1955 को अलीगढ़ में जन्मे रवींद्र जैन को सरकार ने 2015 में पद्मश्री से सम्मानित किया तथा नौ अक्तूबर 2015 को मुंबई में इस मूधन संगीतकार का निधन हो गया जिनके गीत आज भी हम सुनते हैं। इनकी सुरीली आवाज मन को छू लेती है। सूर बुई ब्रेल की लिपि आज भी उन लोगों के लिए वरदान है जिनके नेलहीन होने पर भी उनके ठीक होने की संभावना नहीं होती, क्योंकि नेत्रदान की कमी व अन्य कारणों से वे ठीक नहीं हो पाते तो ब्रेल लिपि द्वारा पढ़ने के योग्य बनकर वे कभी निराश नहीं होते।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बैजनाथ में पूर्ण राज्यत्व दिवस का राज्य स्तरीय समारोह गर्व की बात : अनुराग शर्मा



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने कहा कि शिव भूमि बैजनाथ में पूर्ण राज्यत्व दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन होना बैजनाथ के लोगों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बैजनाथ क्षेत्र में विकास के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है और अब यहां पर प्रदेश स्तर का कार्यक्रम आयोजित करवाने का उनका निर्णय यह दर्शाता है कि मुख्यमंत्री का पूरे हिमाचल के साथ-साथ बैजनाथ के साथ कितना लगाव है। उन्होंने कहा कि बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन मुख्यमंत्री का यहां पहुंचने पर बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल के नेतृत्व में भव्य स्वागत करेगी।

### एशियन स्कूल धीरा ने मनाया वार्षिक समारोह



**अनंत ज्ञान, डरोह।** एशियन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धीरा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें चिकित्सा खंड भवारना के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय शर्मा ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार की पहाड़ी, हिंदी, पंजाबी एवं अन्य मनमोहक प्रस्तुतियां देकर आडियंस का मनोरंजन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य संजय शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर बच्चों की शैक्षिक एवं अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. नवीन राणा द्वारा विद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल आए हुए बच्चों को सम्मानित किया गया। उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। इस बीच स्कूल स्टाफ व गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### सरकार व जिला प्रशासन से पक्के रास्ते की मांग



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा के राम गोवरनंद गांव की दलित बस्ती के लोगों ने कांगड़ा उपायुक्त हेमराज बैरवा को एक ज्ञापन सौंप कर बस्ती के कच्चे रास्ते को पक्का करने की मांग की है। राजीव कुमार ने बताया कि बस्ती के लिए बच्चा रास्तो बना हुआ, मगर उसमें आने जाने के लिए लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बरसात में यह रास्ता बहुत ही खराब हो चुका है। इस रास्ते संपर्क मार्ग तक कम से कम 10 घर और आते हैं तथा इन लोगों का भी इसी रास्ते से आना जाना है। इस रास्ते से स्कूल के बच्चे भी आते जाते हैं। उन्होंने कहा कि बस्ती के लोग इससे पहले भी प्रशासन व सरकार के समक्ष गुहार लगा चुके हैं कि रास्ता पक्का किया जाए, लेकिन स्थानीय पंचायत द्वारा कहा जाता है कि यह रास्ता वन विभाग के अंतर्गत जाता है, जिसके कारण इसका निर्माण नहीं किया जा सकता। उन्होंने जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार से मांग की है कि इस रास्ते का निर्माण करवाकर उनकी दिक्कतों को दूर किया जाए।

### रेगलुर करने के लिए पठानिया को सौंपा ज्ञापन



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** हिमाचल प्रदेश के समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से आईएमसी और एसडब्ल्यूएफ कर्मचारी एसोसिएशन के प्रधान संजीव कुमार, जर्नल सेक्रेटरी मनोज कुमार, कांगड़ा जिला के प्रतिनिधि मनोज कुमार और अन्य कर्मचारियों ने रविवार को विधायक केवल पठानिया से अपनी नियमित नौकरी के संदर्भ में मिले व नियमितीकरण की मांग की। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रधान ने बताया कि असल में हिमाचल प्रदेश के समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आईएमसी और एसडब्ल्यूएफ कर्मचारी नियुक्त किए हुए हैं, जो लगभग पिछले 10 सालों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें आज तक नियमित नौकरी का लाभ नहीं दिया गया है। इससे पहले आईएमसी और एसडब्ल्यूएफ के अंतर्गत नियुक्त किए गए लगभग 945 कर्मचारियों को नियमित कर दिया है, लेकिन बचे हुए लगभग 250 कर्मचारियों को अज्ञात कारणों के चलते नियमितीकरण का लाभ नहीं मिल पाया है। इस पर विधायक केवल पठानिया ने आईएमसी और एसडब्ल्यूएफ कर्मचारियों को नियमित करवाने व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी से विषय पर सकारात्मकता से बात करने का भी भरोसा दिलाया है।

### मनोह में वॉलीबाल प्रतियोगिता का आगाज



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** मनोह में रविवार से वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसमें बतौर मुख्यतिथि भारतीय मजदूर संघ के प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा ने शिरकत की। मुख्यतिथि ने वॉलीबाल थ्रो कर टूर्नामेंट की शुरुआत की और कहा कि खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है इसलिए हर बच्चे को खेलों में जरूर हिस्सा लेना चाहिए। मनोह खेल आयोजन सभा द्वारा आयोजित वॉलीबाल टूर्नामेंट में अंडर-14 की 12 व पंचायत लेबल की 13 टीमें भाग ले रही हैं।

### महाशु कपूर बने नूरपुर ब्लॉक के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा प्रयोगशाला कर्मचारी महासंघ नूरपुर ब्लॉक की बैठक आर्य डिग्री कॉलेज नूरपुर मे संपन्न हुई। बैठक जिला अध्यक्ष सुरेश मेहरा की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। इसमें प्रधान महाशु कपूर (पीएम श्री बीटीसी कन्या विद्यालय नूरपुर), उपप्रधान ममता रानी (आर्य कॉलेज नूरपुर), मिंटू शर्मा सचिव (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मिन्जग्रह), जीत सिंह कोषाध्यक्ष (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोपड़ा), शाम सिंह, रूप लाल प्रेस सचिव (नूरपुर), विजय कुमार सलाहकार (मिन्जग्रह), कमल किशोर मुख्य सलाहकार व सोम राज को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

### केवल पठानिया ने नवाजे बड़ंज स्कूल के होनहार

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने रविवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़ंज के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर वर्ष भर अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक नई पहल करते हुए 'मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना' शुरू की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य विधवा, बेसहारा, तलाकशुदा महिलाओं और विकलांग माता-पिता को उनके बच्चों की शिक्षा और कल्याण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य दो विशिष्ट आयु समूहों को सहायता प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं और विकलांग माता-पिता को 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी खर्चों को पूरा करने के लिए 1000 रुपए का मासिक अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा या व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले बच्चों को ट्यूशन और छात्रावास का खर्च वहन करने के लिए भी सरकार वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

### पार्क की साफ-सफाई के लिए जताया आभार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय को जाने वाले मार्ग से गुजरने वाला हर राहगीर, महाविद्यालय के शिक्षक गैर शिक्षक, छात्र, छात्राएं और विशेषकर साथ लगते टिक्का निहंग, आदर्श नगर, अटल कॉलोनी व टांडा ( राजपुर) की जनता साक्षी है कि तीन वर्ष पूर्व इस स्थल की क्या दुर्दशा थी। यहां इंसाफ संस्था द्वारा प्रस्तावित चंद्रशेखर पार्क की एनएसएस कैंप के माध्यम से साफ सफाई का कालेज प्रशासन द्वारा निर्णय अति सराहनीय है। प्रस्तावित पार्क की विस्तृत जानकारी देते हुए पूर्व विधायक ने बताया कि 10 फरवरी, 1991 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शांता कुमार ने पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से प्रदेश को हरा भरा रखने के लिए 'वन लगाओ, रोजी कमाओ' जैसी महत्वाकांक्षी योजना का उस वक्त के प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के करकमलों से पौधा रोपित कर शुभारंभ करवाया था। आज पूरे हिमाचल प्रदेश में इस योजना से जंगलों में जगह-जगह हरित क्रांति आई है। एनएसएस कैंप के माध्यम से जो सफ़ाई अभियान चलाया गया, इसके लिए इंसाफ संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय कॉलेज के प्रधानाचार्य, एनएसएस प्रभारी व स्वयंसेवियों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।

# युवाओं को रोजगार देना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता : बाली

## 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत सुनी लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



युवाओं को रोजगार के नवीन अवसर उपलब्ध करवाना तथा उन्हें स्वरोज़गार के साथ जोड़ना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। युवाओं को बेहतर प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने के लिए रोजगार मेलों व कैंपस इंटरव्यू का आयोजन भी निरंतर करवाया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने रविवार को यह उद्गार व्यक्त किए। लोगों की समस्याओं का उनके घर द्वार निपटारा करने के उद्देश्य से आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत बाली बालू ग्लोआ, बड़ोह, सरोत्री, समलोटी, नगरोटा, पठियार, सेराथाना और रजियाना पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्वरोजगार को और अधिक बढ़ावा देने के लिए राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना भी आरम्भ की है। इस योजना से राज्य के युवा स्वयं के उद्यम और स्थायी आजीविका अर्जन के लिए प्रेरित होंगे और आत्मनिर्भर बनेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार मेलों के नियमित आयोजन के भी दिशा निर्देश दिए हैं, ताकि युवाओं को घर द्वार पर ही रोजगार के अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत भी युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### 2000 लोगों ने बताई अपनी समस्याएं

**आरएस** बाली ने लगभग 2000 लोगों की समस्याओं को सुना। लोगों ने आर.एस बाली के समक्ष पानी, बिजली, रास्ते, डंगे, सड़क और स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं रखीं। उन्होंने अधिकतर समस्याओं का मौके पर निपटारा किया।

### गरली-परागपुर में चोरों ने तोड़े दुकानों के ताले

**अनंत ज्ञान, गरली।** गरली-परागपुर में गत रात को चोरों ने एक शराब के ठेके व मेडिकल स्टोर सहित पांच दुकानों के ताले तोड़कर हजारों रुपए की नकदी पर हाथ साफ किया है। नैहरनपुखर के गांव हार मिटां में मेडिकल स्टोर के शटर के ताले तोड़कर लैपटॉप को नुकसान पहुंचाकर नकदी लूट ली तो वहीं, बणी से परागपुर सड़क पर शराब ठेके से चोरों ने 3720 रुपए और हाई ब्रांड की 14 शराब की बोतल चुरा लीं। सेल्समैन बहादुर सिंह ने बताया कि वह रात 10 बजे ठेका बंद कर घर आ गया था। सुबह ठेका खोलने लगा तो देखा कि एक साइड का शटर का ताला टूटा हुआ था। इस बारे रक्कड़ पुलिस थाना को सूचित किया। रक्कड़ पुलिस थाना प्रभारी किशोर चंद अपनी टीम के साथ पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी। लुटेरो ने परागपुर बस स्टैंड में दो दुकानों से हजारों रुपए चुरा लिए। सीसीटीवी फुटेज में नकाबपोश चोर कैद हो गए हैं।

## हैप्पी बर्थडे



ढटवाल (हमीरपुर) के हर्षित शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



बदोली की कशिश चौधरी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



मकरिडी की रीता ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



धर्मशाला के धीरज महाजन को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट के होनहारों को प्रशंसा पत्र व मेडल से किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, जवाली**

स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में पंजाब के लुधियाना स्थित सीटी यूनिवर्सिटी की ओर से कॉम्पिटेटिव एक्जाम की परीक्षा ली गई। इसमें कक्षा बारहवीं के 10 बच्चों ने भाग लिया। स्कूल की जानवी ठाकुर, इशिता ठाकुर, रसम, अंशिका, रिया शर्मा, आदित्य, अभय, प्रियांश सरीजन तथा आदर्श चौधरी ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया। 5 जनवरी को फतेहपुर जगनोली में स्थित बाथू व्यू होटल में इस विवि की ओर से "Shining Star Felicitation Ceremony For Meritorious Students" प्रोग्राम आयोजित किया गया। इसमें फतेहपुर स्कूल के पूर्व प्रिंसिपल जगदेव सिंह ठाकुर को चीफ गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया। चीफ गेस्ट के द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रशंसा पत्र तथा मेडल प्रदान किए गए। इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर छात्र-छात्राओं ने सिर्फ अपने माता-पिता का ही नहीं, बल्कि अपने अध्यापकों तथा स्कूल का नाम भी रोशन किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल तथा अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र जी ने बच्चों की खुशी को दोगुना करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उन्हें इसी तरह आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, बाकी बच्चों को भी प्रेरित करते हुए यह बताया कि यह स्कूल के लिए ही नहीं, बल्कि जवाली सिटी के लिए भी बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## रागिनी भाजपा जिला पालमपुर की अध्यक्ष

**अजय पाल, पालमपुर**



भाजपा जिला कार्यालय पालमपुर में रविवार को भाजपा के नए जिला अध्यक्ष का चुनाव हुआ, जिसमें चुनाव अधिकारी के तौर पर राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पालमपुर जिला महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष रागिनी रुकवाल का नाम भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक जिला पालमपुर की जिला अध्यक्ष के रूप में घोषित किया। उन्होंने बताया कि संगठन के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक के बाद जो नाम सर्वसम्मति से आगे आया, उसको आज पालमपुर जिला की कमान मिली है। इस अवसर पर सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि वे रागिनी रुकवाल को पिछले बीस वर्ष से संगठन के विभिन्न कार्यों में विभिन्न पदों पर देखते चले आ रहे हैं व उम्मीद है कि वह अपने दायित्व को ठीक तरह से निभाएंगी। वहीं, नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि जो विश्वास पार्टी ने उन पर जताया है, वह उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगी। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर, पूर्व मंत्री सरवीण चौधरी, पूर्व विधायक अरुण मेहरा, प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा, पूर्व विधायक मुल्ख राज प्रेमी एवं रविंद्र रवि धीमान सहित अन्य मौजूद रहे।

### अजय खट्टा को चुना जिला देहरा का अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, देहरा/ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी के निवर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष



अजय खट्टा को शीर्ष नेतृत्व ने जिला देहरा के अध्यक्ष पद पर मनोनित किया है। अजय खट्टा वर्तमान में ज्वालामुखी के कलरु (कथोग) के निवासी हैं। वे लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। भाजपा हाईकमान ने उनकी कर्तव्य निष्ठा व स्वच्छ छवि और सेवाभाव को देखते हुए उन्हें संगठनात्मक जिला देहरा के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति दी है। जिला देहरा के चुनाव प्रभारी व नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा ने अजय खट्टा की घोषणा की है। इस मौके पर जसवां-परागपुर के विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री रविंद्र रवि भी मौजूद रहे।

### ब्लॉक कांग्रेस इंदौरा की कंदरोड़ी में बैठक आज

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** ब्लॉक कांग्रेस इंदौरा के सभी अग्रणी संगठनों एवं कार्यकर्ताओं की एक विशेष बैठक लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह कंदरोड़ी में 6 जनवरी को 11: 30 बजे आयोजित की जाएगी। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक शांतनु चौहान बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंदौरा दविंद्र मनकोटिया ने दी।

## फतेहपुर कांग्रेस को अगले माह मिलेगा नया अध्यक्ष : शांतनु चौहान

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**



ब्लॉक कांग्रेस फतेहपुर की बैठक रविवार को फतेहपुर में विधायक भवानी सिंह पठानिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें ऑल इंडियन कांग्रेस कमेटी की तरफ से तैनात किए गए कांगड़ा-चंबा पर्यवेक्षक शांतनु चौहान विशेष उपस्थित रहे। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के गठन को लेकर गहन चर्चा की गई। विधायक भवानी सिंह पठानिया ने कहा सरकार व संगठन साइकिल के दो पहियों की तरह है। कई बार ऐसा होता है कि सरकार नही होती, लेकिन संगठन सक्रिय रहता है।

विधायक का कार्य जहां पंचायतों से जुड़े छोटे-मोटे कार्यों को करवाना होता है तो वहीं विधानसभा में बड़े प्रोजेक्ट लाना भी विधायक का काम है। विधानसभा फतेहपुर में पिछले दो सालों से साढ़े चार करोड़ के विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा चुका है। वहीं, कांगड़ा-चंबा पर्यवेक्षक शांतनु चौहान ने कहा प्रदेश में अब नए संगठनों का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें कर्मठ व ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को स्थान दिया जाएगा। अभी फिलहाल सभी विधानसभाओं में बैठकें कर कार्यकर्ताओं की राय ली जा रही है, उसके बाद ब्लॉक स्तर के संगठन के चुनाव होंगे। फरवरी माह में ब्लॉक स्तर के संगठनों के चुनाव संपन्न करवा लिए जाएंगे।

## सूद सभा ने सफाई कर्मियों को बांटे कंबल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



सूद सभा पालमपुर द्वारा रविवार को एक समारोह में नगर निगम पालमपुर के सफाई कर्मचारियों को कंबल बांटकर उनके द्वारा दी जा रही सेवाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस समारोह में पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभा की वाइस प्रेसिडेंट ब्रिंदुला करोल ने सभा की उपलब्धियां को गिनवाया तथा सफाई कर्मचारियों द्वारा की जा रही सेवाओं की भूरी भूरी प्रशंसा की। स्थानीय विधायक आशीष बुटेल ने सफाई कर्मचारियों की सेवाओं की तारीफ की और कहा कि इनकी सेवाएं अतुलनीय है और इनकी सेवाओं का कोई सिला नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि सूद सभा पालमपुर द्वारा इनको कंबल देकर इनको सम्मानित करने का जो कार्य किया है वह सराहनीय है। वैसे तो उनकी सेवाओं का कोई सिला नहीं दे सकता लेकिन इनको हम इज्जत से पेश आए और उनकी समस्याओं को समझें यह सबसे बड़ी बात होगी।उन्होंने कहा कि नगर निगम पालमपुर ने कचरा निष्पादन के लिए जो कार्य किया जा रहा है वह बहुत ही सराहनीय है तथा यहां के कमिश्नर डॉ. आशीष शर्मा और मेयर गोपाल नाग दोनों दिन-रात कड़ी मेहनत करके कचरे के निष्पादन के लिए कार्य कर रहे हैं और उनकी मेहनत की वजह से ही नगर निगम पालमपुर कचरा फ्री हो चुका है। नगर निगम पालमपुर का क्षेत्र इन सफाई कर्मचारियों की वजह से बिल्कुल साफ सुथरा और सुंदर बन चुका है।

### स्वयंसेवियों ने साझा किए अपने अनुभव

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में वार्षिक सात दिवसीय शिविर का समापन हो गया। अंतिम दिन के मुख्यातिथि नरोत्तम धीमान प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लदोड़ी के द्वारा दीप प्रज्वलित समापन कार्यक्रम का आगाज किया गया। इसमें एनएसएस स्वयंसेवियों ने अपने इन सात दिनों के अनुभव को शेयर किया। एनएसएस प्रभारी प्रो. सुरजीत सिंह ने रिपोर्ट पढ़ी और शिविर के दौरान करवाई गई मुख्य गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

### शाहपुर में 30 मीटर में हो फोरलेन का निर्माण: नवनीत



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर बाजार बचाओ संघर्ष समिति के महासचिव नवनीत शर्मा ने कहा कि शाहपुर में फोरलेन का निर्माण 30 मीटर में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस समय शाहपुर बाजार में फोरलेन का काम जोरों से चला है। व्यवसायियों ने अपनी स्वेच्छा से 30 मीटर तक अपनी दुकानें तोड़ दी हैं। अब इससे ज्यादा हम एक मीटर भी पीछे नहीं हटेंगे। अगर शासन, प्रशासन व निर्माण कंपनी ने हम पर ज्यादा दबाव डाला तो हम आंदोलन की राह पकड़ेंगे।

### शाहपुर में क्रिकेट टूर्नामेंट में 20 टीमें ले रही भाग

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर की हसीन वादियों में स्थित वह घाटी में युवा क्लब की ओर से क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू करवाया गया। इस टूर्नामेंट में लगभग 20 टीम में भाग ले रही हैं। रविवार को शुभारंभ जिला भाजपा महामंत्री राकेश चौहान ने किया। पहला मैच युवा क्लब वोह और युवा क्लब वसोलदा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वसोलदा की टीम ने 124 रन बनाए। जवाबी पारी में खेलते हुए युवा क्लब वोह की टीम ने 20 ओवर होने से पहले ही जीत हासिल की।

## राजेश परियाल हर महीने दो महिला मंडलों की सदस्यों को करवाएंगे मंदिरों का भ्रमण

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



भाजपा नेता एवं समाजसेवी राजेश परियाल कछियारी महिला मंडल पहुंचे और महिलाओं से बैठक की बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि महीने में हर दो महिला मंडलों को देवी दर्शन के लिए बगलामुखी, ज्वाला देवी एवं चिंतपूर्णी यात्रा पर लेकर जाया करेंगे। वहीं, महिला मंडल की सदस्यों ने राजेश परियाल के सम्मुख कई समस्याएं रखीं। महिलाओं ने कहा कि हमारे यहां दीवान बस्ती में गैस की गाड़ी नहीं पहुंचती है जो कि गंभीर समस्या बनी हुई है। वहीं, बेसहारा पशुओं की इतनी तादाद बढ़ गई है कि हमें खेतीबाड़ी भी छोड़नी पड़ रही है। महिलाओं ने कहा कि कांगड़ा सरकारी अस्पताल में में एक्स-रे मशीन भी खराब है और कई टेस्ट नहीं हो पाते हैं, जिनके लिए उन्हें टांडा जाना पड़ता है। उनकी समस्याओं को सुनते हुए भाजपा नेता एवं समाजसेवी राजेश परिहार ने कहा कि आपकी जो भी समस्याएं हैं उन्हें जल्द से जल्द हल करवा दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### घृत वाहती चांग महासभा शाहपुर ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** घृत वाहती चांग महासभा हलका शाहपुर की बैठक रविवार को चियाला (दुर्गेला) में सभा के प्रधान करतार चंद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में लगभग 50-60 लोग उपस्थित रहे। बैठक में जाति के उत्थान, सामाजिक एकता और विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जानकारी देते हुए सभा के महासचिव प्रकाश चौधरी ने बताया कि सभा ने समाज में जरूरतमंद लोगों की मदद करने के अपने दायित्व को ध्यान में रखते हुए एक निर्धन एवं असहाय परिवार के सदस्य चमन लाल को आर्थिक सहायता प्रदान की। इस निर्णय को सभी सदस्यों ने सहमति से सराहा और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

**दमन** | तिब्बती बच्चों को चीनी भाषा सिखाने के लिए जबरन बोर्डिंग स्कूलों में भेजा जा रहा

## दलाईलामा की चयन प्रक्रिया में चीन डाल सकता है खलल

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

**अनंत ज्ञान विशेष**

तिब्बत में चीन का दमन बढ़ता ही जा रहा है। बीजिंग अब तिब्बती बौद्ध धर्म को चीनी बनाने की आवश्यकता की बात कर रहा है व छोटे बच्चों को अपनी भाषा से परिचित होने से पहले चीनी सीखने के लिए बोर्डिंग स्कूलों में भेजा जा रहा है। जानकारी के अनुसार अमेरिका चीनियों से बिना किसी पूर्व शर्त के तिब्बतियों से बातचीत के बाद समझौता करने का आग्रह कर रहा हैं। यूएस तिब्बत पॉलिसी एंड सपोर्ट एक्ट 2020 के तहत अमेरिका ने कहा है कि दलाई लामा के उत्तराधिकार का मामला चीनियों के हस्तक्षेप के बिना तिब्बतियों द्वारा स्वयं संभाला जाना चाहिए। अभी तक भारत इस मुद्दे पर आधिकारिक रूप से टिप्पणी करने से दूर रहा है, लेकिन चूंकि भारत तिब्बत के साथ 4,000 किलोमीटर की सीमा साझा करता है, इसलिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह मसला हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। चीन द्वारा तिब्बत पर कब्जे के चलते चिंता है कि इस बार नए लाईलामा की चयन प्रक्रिया में खलल आ सकता है।

चीन को चिंता है कि दलाईलामा का पुनर्जन्म कहीं भी हो सकता है। चीन इस बात पर जोर देता है कि दलाईलामा उसकी अनुमति के बिना 'पुनर्जन्म' नहीं ले सकते। वह तर्क देता है कि पुरातन समय से ही दलाईलामा को मान्यता देने का अधिकार चीन के सम्राटों के पास था और अब यह अधिकार चीन की कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा संचालित सरकार के पास है 1997 के एक श्वेत पत्र में चीन ने उल्लेख किया था कि केंद्र सरकार द्वारा लामा के पुनर्जन्म को मंजूरी देना तिब्बती बौद्ध धर्म का एक धार्मिक अनुष्ठान और ऐतिहासिक परंपरा है। (अनंत ज्ञान)

**व अदालत समाहर्ता एवं उपमण्डल दण्डाधिकारी, शाहपुर जिला कांगडा हि0 प्र0**

Mutation Appeal मुकदमा नं0 02/2023

सरूप सिंह पुत्र स्व0 श्री शैला देवी पुत्री श्री रोशनी देवी पत्नी स्व0 श्री नन्दू गांव व डाकघर कुठेड़ तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा (हि0प्र0)

.....वादी।

**वनाम** 1. विमला देवी पुत्री शेशनी देवी पत्नी धनी राम गांव रिड़कमार डाकघर दरीणी, उपतहसील दरीणी जिला कांगड़ा हि0 प्र0 2. सुदरन देवी पुत्री रोशनी देवी पत्नी चन्दो राम गांव जोल डाकघर भाली तहसील ज्वाली जिला कांगड़ा हि0प्र0 3. प्रीतम चन्द पुत्र नन्दू 4. राम दयाल पुत्र मेहर चन्द पुत्र रोशनी देवी 5. रमेश चन्द पुत्र पून्नू राम पुत्र रोशनी देवी 6. सुमना देवी पुत्री पुन्नू राम पुत्र रोशनी देवी 7. ब्रहमी देवी विध्वा पुन्नू राम पुत्र रोशनी देवी 8. अशोक कुमार पुत्र सुन्दर राम पुत्र रोशनी देवी 9. नीलम देवी पुत्री 10. सरोज देवी पुत्री 11. वीना देवी पुत्री सुन्दर राम पुत्र रोशनी देवी 12. प्रथा देवी विध्वा सुन्दर राम पुत्र रोशनी देवी 13. करनैल सिंह पुत्र 14. निर्मल सिंह पुत्र श्री रघो राम पुत्र रोशनी देवी 15. नीना देवी 16. निशा देवी 17. सोना देवी पुत्रियां रघो राम पुत्र रोशनी देवी 18. सुनीता देवी पुत्री 19. सरोज देवी पुत्री 20. गीता देवी विधवा रघो राम पुत्र रोशनी देवी (Respondents) उपरोक्त सभी महाल वासा डाकघर भनाला तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0।

मुकदमा वावत Application for the Mutation Appeal against the Mutation No. 506, order dated 30- 06-2021 and procedure in respect of Land Khata No. 134 Khatoni No. 214 Khasra No. 651/467 Land mearsuring 00-46-13 hms situated in Mohal Kamlahari Tehsil Shahpur case no. passed by the AC-1st Grade Shahpur.

उपरोक्त विषय से Mutation appeal, भूमि की मिसल अधोहस्ताक्षरी के पास विचाराधीन है जिसमें उपरोक्त प्रतिवादी गण को इस अदालत द्वारा वार-वार समन जारी हुए परन्तु फिर भी वे हाजिर न हुई। इसलिए इस अदालत को विश्वाश हो चुका है कि प्रतिवादीगण की तामील साधारण तरीके से नहीं हो सकती है। अत: इस इश्तहार समाचार पत्र द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त Mutation appeal के मुकदमे के संबंध में यदि उन्हे कोई उजर या एतराज हो तो वे दिनांक: 09.01.2025 को दोपहर 2 बजे इस अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना पक्ष / एतराज / उजर पेश कर सकते है। हाजिर न आने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी उसके बाद कोई उजर या एतराज स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक: 06.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित इस अदालत से जारी हुआ।

**समाहर्ता एवम् उपण्डलदण्डाधिकारी शाहपुर**

## न्यूज ब्रीफ

### सांसद मोबाइल सेवा ने 180 बच्चों का स्वास्थ्य जांचा



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा हरोली द्वारा क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधाएं दी जा रही हैं। सांसद अनुराग ठाकुर के मार्ग-दर्शन में प्रयास संस्था द्वारा यह सेवा संचालित की जा रही है। संस्था ने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और उनकी देखभाल सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। हरोली टीम डॉ. प्रदीप कुमार, प्रीति, मनीष, निहाल ने अपर बढ़ेरा स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर में 180 बच्चों के स्वास्थ्य और ब्लड ग्रुप की जांच की। बच्चों को उपयुक्त उपचार, सलाह और दवाइयों का निशुल्क वितरण किया गया। इस तरह के स्वास्थ्य शिविर बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य की देखभाल के साथ-साथ उन्हें जागरूक करने का भी एक प्रभावी माध्यम हैं।

### उत्तमी देवी मेमोरियल स्कूल में मेधावी किए पुरस्कृत

**सुदीप सरोच, मुबारिकपुर।** उत्तमी देवी मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल भंजाल में पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे शौर्य चक्र विजेता कैप्टन सुशील जरियाल ने मेधावी पुरस्कृत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रशासक सूबेदार बरियाम सिंह ने की। वाइस चेयरमैन देवेंद्र ठाकुर ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की समारोह में बच्चों ने भांगड़ा, पंजाबी गिद्दा सहित नाटकों की प्रस्तुति दी। छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया। सुशील जरियाल ने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों पर बढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। इस मौके पर कर्नल बच्चन सिंह, शक्ति चंद, प्रकाश चंद, सूबेदार यशपाल सिंह, उपदेश ठाकुर, प्रशांत ठाकुर, सरोज कुमारी, प्रवीण कुमारी, पवना कुमारी, आशा कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# धुंध और घने कोहरे ने रोकी रेलगाड़ियों की रफ्तार

## वंदे भारत सुपर फास्ट एक्सप्रेस निर्धारित समय से दो घंटे लेट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

मैदानी इलाकों में कोहरे और धुंध के कारण जनजीवन पर भी असर हो रहा है। रविवार को भी रेल यातायात प्रभावित हुआ है। वंदे भारत सुपर फास्ट एक्सप्रेस भी कोहरे और धुंध से देरी के कारण वापस निर्धारित समय से दो घंटे देरी से रवाना हुई। जिला मुख्यालय में भी सुबह के समय कोहरे और धुंध का प्रकोप देखा गया। जिला ऊना में शनिवार और रविवार को मौसम साफ रहा और धूप निकली, मगर धुंध और कोहरे के कारण ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है।



रविवार को सुबह घना कोहरा छाया था, रेल समय पर न आने से यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर लंबा इंतजार करते देखा गया। कई यात्री तो अन्य विकल्प तलाश कर अपने गंतव्य को रवाना हो गए, जबकि कई लोग रेलवे स्टेशनों पर घंटों ट्रेनों के आने का इंतजार करते रहे। रविवार को सुपरफास्ट वंदे भारत एक्सप्रेस 22447 ट्रेन देरी से पहुंची और करीब दो घंटे देरी से वापिस लौट पाई। शनिवार को ऊना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 19307 चंडीगढ़-इंदौर एक्सप्रेस सुबह 8:35 बजे पहुंचने वाली थी, लेकिन यह ट्रेन पांच घंटे की देरी से दोपहर 2:50 बजे पहुंची। इस ट्रेन के यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा ट्रेन संख्या 14053 हिमाचल एक्सप्रेस भी सुबह 6:40 के स्थान पर 9:23 बजे पौने तीन घंटे की देरी से पहुंची। सुपरफास्ट वंदे भारत एक्सप्रेस 22447 ट्रेन भी 1 घंटा 15 मिनट देरी से पहुंची, जबकि अंबाला कैंट-अंब अंदौरा एमईएमयू ट्रेन 40 मिनट देरी से पहुंची। अन्य ट्रेनें भी अपने तय समय के मुकाबले देरी से पहुंची। आगामी दिनों में रेलवे की ओर से अभी तक किसी भी ट्रेन को स्थगित करने अथवा देरी से पहुंचने की घोषणा नहीं की गई है। लगातार मौसम में बदलाव के कारण यह स्थिति पैदा हो रही है।

## दातारपुर की टीम बनी वॉलीबाल विजेता

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** जय मां दुर्गा कमेटी द्वारा गगरेट में आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में 17 टीमों ने भाग लिया, जिनमें क्षेत्रीय टीमों के अलावा पंजाब के दातारपुर, तलवाड़ा, होशियारपुर और नंगल की टीमें शामिल थीं। टूर्नामेंट का फाइनल बेहद रोमांचक रहा, जिसमें दातारपुर की टीम ने समुर की टीम को कड़े मुकाबले में हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

दूसरे दिन के खेल का शुभारंभ गगरेट के युवा समाजसेवी और धार्मिक आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य हनीश कौशल और निशांत, निशु ठाकुर की विशेष उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर हनीश ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक फिटनेस का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और जीवन में सफलता के लिए जरूरी मूल्यों का स्रोत है। मैं सभी प्रतिभागियों को उनके शानदार प्रयासों के लिए बधाई देता हूं और उन्हें खेल के माध्यम से अपनी क्षमताओं को निखारने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। इसके अलावा उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया। आयोजन के सफल समापन में शहीद भगत सिंह क्लब के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्लब के पदाधिकारियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित करते हुए आयोजन की सराहना की।

इस अवसर पर शहीद भगत सिंह क्लब के सदस्य रजिंद्र बंसल, मनजीत सिंह, अमृतपाल सिंह, मुनीश शर्मा, अक्षय कुमार, सतनाम सिंह, लखवीर बंसल, राजेश वैद्य, अरनव ठाकुर, संजीव ठाकुर और शम्मी सिंह के साथ आयोजन समिति के सदस्य सचिन और अन्य स्थानीय लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## स्नेह मिलन समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने की शिरकत



स्नेह मिलन समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गत रात नववर्ष के उपलक्ष्य पर जिला प्रशासन ऊना द्वारा आयोजित स्नेह मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के आपसी समन्वय, पारिवारिक मेल-जोल और सांस्कृतिक अभिवृद्धि एवं मनोरंजन को समर्पित रहा यह समारोह समूरकलां स्थित लता मंगेशकर कला केंद्र में आयोजित किया गया था।

उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और जिला प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की। सांस्कृतिक संध्या में तरन्नुम-ए-गजल, नृत्य प्रस्तुति थिरकन और शाम-ए-मौसिकी जैसी शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में जहां गजल गायक सुनील डोगरा ने अपनी मखमली आवाज से श्रोताओं को भाव-विभोर किया। वहीं, मशहूर टीवी रियलटी शो सारेगामापा फेम अनमोल ने अपने सुरीले सुरों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में डांस किंगडम स्टूडियो ऊना और जेएस विज्डम वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने अपनी नृत्य कला की शानदार प्रस्तुति से सबकी वाहवाही बटोरी।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान, पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, एसी आयोग के सदस्य विजय डोगरा और दिग्विजय मल्होत्रा, कांग्रेस नेता रणजीत राणा और अशोक ठाकुर, उपायुक्त जतिन लाल, एसपी राकेश सिंह, जिला के सभी एसडीएम, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा उनके परिजन और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बालाजी अकादमी ने करवाया सुंदरकांड पाठ

**विवेक शर्मा, अंब**



बालाजी अकादमी अंब ने नववर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य और धार्मिक आयोजन किया, जिसमें सुंदरकांड का पठन किया गया। यह विशेष आयोजन अम्ब क्षेत्र के धार्मिक समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने एकत्र होकर भगवान श्रीराम की भक्ति में लीन होकर सुंदरकांड का पाठ किया।

नव वर्ष की शुरुआत के इस पवित्र मौके पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सकारात्मकता, शांति और समृद्धि का संचार करना था। सुंदरकांड, जो कि श्रीराम के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं को दर्शाता है, में भगवान श्रीराम की वीरता, भक्ति और उनके कर्तव्यों का गुणगान किया गया। इस आयोजन से भक्तों को आध्यात्मिक शांति और नव वर्ष के लिए आशीर्वाद प्राप्त हुआ। बालाजी अकादमी के प्रमुख संदीप ने कहा, 卐हमने इस आयोजन के माध्यम से समाज में धार्मिक जागरूकता और एकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल लोगों को भगवान के प्रति भक्ति की भावना जागृत होती है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार भी होता है। इस कार्यक्रम में स्थानीय समाज के प्रमुख व्यक्तियों, श्रद्धालुओं और शिक्षाविदों ने भी भाग लिया और इसे एक सकारात्मक पहल के रूप में सराहा।

## हिमाचल ने हैदराबाद को आठ विकेट से हराया

**संजीव पुरी, ऊना**

### अंकित ने बनाया नाबाद शतक



विजय हजारे ट्रॉफी के तहत हिमाचल का मुकाबला आंध्र प्रदेश के साथ शरद पवार अकादमी मुंबई में खेला गया, जिसमें हिमाचल की टीम ने टॉस जीता और आंध्र की टीम को बल्लेबाजी के लिए निमंत्रण दिया। हिमाचल की टीम का निर्णय सही साबित हुआ, जब आंध्र की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर में 10 विकेट पर 197 रन बनाए।

ओपनर बल्लेबाज केएस भारत ने 27 रन, वाई संदीप ने 27, विनय ने 44, राजू ने 37 रन बनाए। ऋषि धवन ने दो व मयंक ने तीन, मुकुल ने दो व आयुष जम्वाल ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। हिमाचल के बल्लेबाज अंकित कलसी ने नाबाद शतक बनाया। दिग्विजय रंगी ने 26, सुमित वर्मा ने 26, ऋषि धवन ने 45 रन बनाए। पृथ्वीराज ने एक व विनय ने एक खिलाड़ी को आउट किया।

हिमाचल की टीम ने अपना लक्ष्य 38.1 ओवर में आसानी से प्राप्त कर लिया। हिमाचल ने हैदराबाद को 8 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज करवाई। खेल प्रेमियों रमन सैनी, अनुराग दयाल, पंकज पीटर, नवीन शर्मा सुनील शर्मा, अजय चौधरी, संदीप बेदी ने खिलाड़ियों और कोच को शानदार जीत के लिए बधाई दी है।

## घनारी पतंजलि ने मनाया स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**



पतंजलि के 30 वर्ष पूरे के उपलक्ष्य में जिला ऊना की भारत स्वभाभिमान ट्रस्ट योग समिति तहसील घनारी द्वारा स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर तहसील प्रभारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि योग गुरु बाबा रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण की समस्त विश्व को स्वस्थ बनाने की परिकल्पना व निरंतर अथक प्रयासों भारतीय ऋषि परंपरा व योग घर-घर में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पतंजलि के योग, आयुर्वेद, स्वदेशी एवं सनातन की निष्काम सेवा, साधना एवं संघर्ष के 30 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संगठन स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग करने व कराने का संकल्प, पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण व स्वदेशी अपनाने पर विशेष चर्चा व भजनॉन के माध्यम से जागरूक किया गया। इस मौके पर आशीष, रुद्राक्ष, संजीव, राघव, महिला पतंजलि समिति सदस्य अनुराधा, किरण, सुमन, राजकुमारी, सुधा, कृष्णा आदि ने शामिल होकर योग पर चर्चा की।

# हेल्थ इज वेल्थ

## पिंपल्स को झड़ से मिटा देंगे होम्योपैथिक उपचार





पिंपल्स, जिन्हें हिंदी में मुंहासे भी कहा जाता है, त्वचा की एक सामान्य समस्या है। यह तब होती है, जब त्वचा के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं, जिससे अंदर गंदगी, तेल और बैक्टीरिया फंस जाते हैं। पिंपल्स मुख्यतः चेहरे, गर्दन, पीठ और छाती पर होते हैं। होम्योपैथी के इलाज से पिंपल्स होने के कारण को झड़ से मिटाया जाता है, ताकि पिंपल्स होनेकी प्रकृति दूर हो जाएं। होम्योपैथी दवा से नीचे बताए गए कोई भी कारण से पिंपल्स होते हों, वे मिटाए जा सकते हैं।



डॉ. निधि जोशी
गांधीधाम (गुजरात)

### पिंपल्स के कारण

1. **तेल** ग्रंथियों का सक्रिय होना: त्वचा में अधिक तेल का उत्पादन पिंपल्स का मुख्य कारण है।
2. **बंद** रोमछिद्र मृत त्वचा कोशिकाएं और तेल रोमछिद्रों को बंद कर देते हैं।
3. **हार्मोनल बदलाव** : किशोरावस्था, मासिक धर्म, गर्भावस्था या हार्मोनल असंतुलन के कारण।
4. **बैक्टीरिया** : रोमछिद्रों में बैक्टीरिया की उपस्थिति सूजन और पिंपल्स को बढ़ावा देती है।
5. **तनाव** और खराब जीवनशैली: अनियमित खानपान, नींद की कमी और तनाव से पिंपल्स बढ़ सकते हैं।



**होम्योपैथी दवा के उपचार**

1. त्वचा की सफाई दिन में दो बार फेसवॉश से चेहरा साफ करें।
2. संतुलित आहार : जंक फूड, तली-भुनी चीजें और चीनी से बचें।
3. स्ट्रेस : मानसिक तनाव और चिंता कम करे
4. पानी पिएं : त्वचा को हाइड्रेटेड रखने के लिए पर्याप्त पानी पिएं।
5. पिंपल्स को न छुएं : पिंपल्स को छेड़ने या फोड़ने से संक्रमण हो सकता है।

(नोटः पिंपल्स की समस्या अगर बढ़ जाए तो होम्योपैथिक डॉक्टर की सलाह से दवा ले।)

## बढ़ती उम्र में दांतों का रखें खास ध्यान

### दर्द है तो शुगर, हार्ट और थायराइड की करवाएं जांच

यदि दांतों में लगातार दर्द बना रहता है, तो मरीज को दांत के इलाज के साथ ही अपने शरीर के दूसरे अंगों की जांच भी करवानी चाहिए, क्योंकि शरीर में कई बीमारियां ऐसी होती हैं, जिनका पता शुरुआती तौर पर नहीं चलता और जब तक जानकारी मिलती है, तब तक स्थितियां बिगड़ चुकी होती हैं। जैसे यदि किसी को हार्ट की प्रॉब्लम है, तो इसका पता शुरुआत में नहीं लग पाता, लेकिन यदि दांतों में दर्द है, तो डॉक्टर का कहना है कि एक बार मरीज को अपनी शुगर हार्ड और अब थायराइड की जांच करवा लेनी चाहिए। क्योंकि यह सभी बीमारियां एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं और दांत की तकलीफ का पता आसानी से लग जाता है तो यह एक बड़ा संकेत माना जा सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि दांत दर्द एक आम समस्या है, जो किसी भी उम्र में हो सकती है। दांत दर्द के कारण में कैविटी, मसूड़ों का सूजन, दांत में संक्रमण, या किसी अन्य प्रकार की चोट भी हो सकती है। जब दांत का दर्द तेज और असहनीय हो तो खाना पीना तक मुश्किल हो जाता है। दांत दर्द की समस्या को लोग आमतौर पर घर पर ही ठीक करने के लिए उपाय खोजते हैं, जो काफी बार फायदेमंद भी साबित होता। ऐसे में यदि आप भी दांत दर्द का सामना कर रहे हैं, तो यह कुछ दावे वाले उपायों को आप आजमा सकते हैं। नमक और गर्म पानी का गरारा दांत के दर्द को शांत करने के लिए एक पुराना और प्रभावी घरेलू उपाय है. नमक में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो सूजन और दर्द को कम करने में मदद करते हैं. ऐसे में एक गिलास गर्म पानी में एक चम्मच नमक डालकर अच्छे से घोल लें और दिन में 2-3 बार इस पानी से गरारा करें।



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट



**लौंग का तेल :** लौंग का तेल एक एंटीबायोटिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी एजेंट है, जो दांत के दर्द को जल्दी कम करता है. लौंग के तेल में यूजीनॉल नामक एक तत्व होता है, जो दांत के दर्द को शांत करता है। एक सूती कपड़े में 2-3 बूंद लौंग का तेल लेकर दर्द वाले स्थान पर हल्के से मलें। यह दांत में सूजन को कम करेगा और दर्द में राहत देगा।

**अदरक और शहद :** अदरक में नेचुरल एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जबकि शहद में एंटी बैक्टीरियल और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं। ऐसे में अदरक के टुकड़े या पेस्ट को शहद में मिलाकर दर्द वाले स्थान पर लगाने से दर्द और सूजन कम होता है।

**दांत दर्द को हलके में न लें:** डॉ. गुप्ता का कहना है कि यदि एक बीमारी का इलाज सही ढंग से हो जाए तो दूसरी बीमारी भी बहुत हद तक ठीक हो जाती। मतलब पायरिया का इलाज सही ढंग से करवाया जाए तो ब्लड शुगर बहुत हद तक कंट्रोल हो जाता है और यदि मधुमेह का इलाज सही ढंग से करवाया जाए तो पायरिया बहुत हद तक कंट्रोल हो सकता है। इसलिए दांत के दर्द को हल्के में मत लें और घरेलू इलाज करने से बचें। एक बार किसी जानकार डॉक्टर की सलाह जरूर लें, क्योंकि दांत का दर्द एक संकेत मात्र है।

*हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि यदि आप मुंह की और दांतों की सफाई सही तरीके से नहीं करते और दांतों में फंसा हुआ खाना लंबे समय तक दांत के बीच में रहता है तो इसमें कई किस्म के वायरस और बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। यही माइक्रो ऑर्गेज्म धीरे से दांत के आसपास घर बना लेता है जो दांतों को कमजोर कर देता है। इसी की वजह से मुंह से दुर्गंध, मसूड़ों से खून और यहां तक की दांत से मवाद तक निकलने लगता है। डॉक्टर का कहना है कि इसे ठीक किया जा सकता है लेकिन इसमें कई बार मरीज के दांत भी निकालने पड़ते हैं। इसलिए डॉक्टर की सलाह है की दांतों की सफाई नियमित और सही ढंग से करें।*

-प्रस्तुति : मोहन चौहान, सोलन

## सुबह गुनगुना पानी पीने से मिलेंगे ये फायदे

आपने देखा होगा कई लोग सुबह के समय खाली पेट ही गुनगुना पानी पीते हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि वो ऐसा क्यों करते हैं। हम आपको बता दें सुबह बासी मुंह गुनगुना पानी पीने से सबसे ज्यादा स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। यह न केवल शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है, बल्कि पूरे पाचन तंत्र को भी लाभ पहुंचाता है। हालांकि बासी मुंह गुनगुना पानी पीना अच्छा नहीं लगता, लेकिन यह आपकी सेहत के लिए लाभकारी होता है। चलिए जानते हैं इससे सेहत को क्या फायदे मिलते हगें?

### शरीर में दिखने लगेंगे कई बेहतरीन बदलाव



**पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद**

**दिन** की शुरुआत एक गिलास गर्म पानी के साथ करने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। यह एक अच्छे फ्लश के रूप में काम करता है, जो सभी वेस्ट पदार्थों को शरीर से बाहर निकालता है।

**वजन होता है कम**

**खाली** पेट गुनगुना पानी पीना उन लोगों के लिए एकदम सही है, जो वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि गुनगुना पानी शरीर के तापमान और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। अगर आप गुनगुने पानी नींबू का रस मिला लेंगे तो आपका वजन तेजी से कम होगा।

**इम्यूनिटी करता है बूस्ट**

**सर्दियों** की सुबह खाली पेट एक गिलास हल्के गुनगुने पानी में थोड़ा नींबू मिलाकर पीने से इम्यून सिस्टम तेजी से मजबूत होता है। यह शरीर को विटामिन सी और पोटेशियम की आवश्यक खुराक देता है, जो आपकी स्लो प्रतिरक्षा प्रणाली को फास्ट करता है।

**पीएच संतुलन**

शरीर का पीएच अल्कलाइन हो जाता है क्योंकि एस्कॉर्बिक एसिड और साइट्रिक एसिड आसानी से पच जाते हैं और सिस्टम से बाहर निकल जाते हैं। गुनगुना पानी पीने से शरीर में आवश्यक पीएच को बनाए रखने में मदद मिलती है।



### त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद

*आपकी बॉडी जितनी हाइड्रेटेड रहेगी स्किन उतना ही ग्लो करेगा। खासकर, अगर आप सुबह खाली पेट गुनगुना पानी पीते हैं तो स्किन और बालों को इससे बहुत फायदा मिलता है। सुबह एक गिलास गुनगुना पानी डिटॉक्सिफिकेशन की तरह काम करता है और शरीर में जमे विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर त्वचा की कोशिकाओं और इलास्टिसिटी की मरम्मत करता है।*

# अमित सूद को कुल्लू जिला भाजपा अध्यक्ष की कमान

## चुनाव प्रभारी पायल वैद्य ने की अमित सूद के नाम की घोषणा, अमित सूद की नई ताजपोशी पर बधाई देने वालों का लगा तांता







अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू में रविवार को भाजपा के जिला अध्यक्ष का चुनाव किया गया, जिसमें कुल्लू जिले से अमित सूद को जिला भाजपा अध्यक्ष की कमान मिली है।

देवसदन में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में यह चुनाव किए गए। पूर्व में रहे प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित सूद की कुल्लू जिला भाजपा के नए अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी के बाद अमित सूद को बधाइयों का तांता लगा हुआ है। उनके नाम की घोषणा जिला भाजपा की बैठक में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं जिला कुल्लू चुनाव प्रभारी पायल वैद्य ने की। नव नियुक्त अध्यक्ष अमित सूद ने इससे पूर्व पार्टी के विभिन्न पदों पर सफलतापूर्वक अपना दायित्व निभाया है। इस अवसर पर जिले भर से आए पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अमित सूद ने बताया कि जिले में संगठन को मजबूती प्रदान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। संगठन में नए और पुराने कार्यकर्ताओं को उचित अधिमान दिया जाएगा।

आने वाले विधानसभा चुनावों में कुल्लू जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों से भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाकर विधानसभा भेजा जाएगा। उन्होंने उन्हें जिला अध्यक्ष बनाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर, प्रदेश भाजपा संगठन मंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद ठाकुर सहित प्रदेश तथा जिले के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महेश्वर सिंह, बंजार विधानसभा के विधायक सुरेंद्र शौरी, आनी विधानसभा के विधायक लोकेंद्र कुमार, निवर्तमान अध्यक्ष अरविंद चंदेल, कुल्लू विधानसभा क्षेत्र से 2022 के प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक में बड़ी संख्या में प्रदेश, जिला सहित मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रिगजिन हायरपा लाहौल-स्पीति के बने नए अध्यक्ष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

पूर्व विधायक रवि ठाकुर की लाहौल-स्पीति भाजपा में एंट्री के बाद रिगजिन हायरपा को पार्टी ने एक बार फिर भाजपा अध्यक्ष की कमान सौंपी है।

हायरपा को अब भाजपा ने जिला अध्यक्ष बनाकर बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। पूर्व मंत्री मारकंडा के पार्टी से बाहर होने के बाद लाहौल-स्पीति में भाजपा फिलहाल तीसरे नंबर पर है। ऐसे में पार्टी को संगठनात्मक रूप से मजबूत करना उनके लिए बड़ी चुनौती है। रिगजिन हायरपा कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक में निर्वाचित निदेशक भी रह चुके हैं। हायरपा पूर्व विधायक रवि ठाकुर के सबसे भरोसेमंद नेता हैं।

पूर्व मंत्री मारकंडा के कई समर्थक अभी भी पार्टी से बाहर चल रहे हैं। इन असंतुष्ट कार्यकर्ताओं को फिर से पार्टी से जोड़ना हायरपा के लिए बड़ी चुनौती साबित होगा। मारकंडा के पक्ष में विधानसभा उपचुनाव के दौरान कई कार्यकर्ताओं ने पार्टी को अलविदा कहा था। यही वजह रही कि चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अपनी जमानत तक बचा नहीं सकी। 2027 के विधानसभा चुनाव में लाहौल-स्पीति में भाजपा को जीत दिलाने के लिए इन नाराज कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ना पड़ेगा। रिगजिन हायरपा ने कहा कि वह लाहौल-स्पीति में पार्टी को जमीनी स्तर से मजबूत करेंगे। उपचुनाव में जो कार्यकर्ता पार्टी छोड़ कर गए हैं उन सभी को साथ लेकर चलेंगे। अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपने पर हायरपा ने पार्टी हाईकमान व जिले के तमाम कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लाहौल-स्पीति में विकास को गति देना हमारा पहला महत्व होगा।





## न्यूज ब्रीफ

### 173 ग्राम चरस के साथ दो युवक गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, निरमंड।** पुलिस थाना ब्रौ की पुलिस टीम ने 173 ग्राम चरस के साथ दो युवक गिरफ्तार किए हैं। पुलिस की जानकारी के अनुसार ब्रौ की पुलिस टीम जब गश्त पर थी, तो उस समय बखन रोड काजूखड्ड के समीप एक मोटरसाइकिल नंबर डीएल-6 एसएआर-2252 को चैकिंब के लिए रोका। मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति बंटी लाल (25 वर्ष) पुत्र बुधराम गांव शाइच डाकघर कुशवा तहसील निरमंड व संजीव कुमार (29 वर्ष) पुत्र टिकम राम गांव डुमगा डाकघर तुनन तहसील निरमंड सवार थे। चैकिंग के दौरान मौके पर बंटी लाल के कब्जे से 145 ग्राम चरस बरामद की गई तथा आगामी तफतीश के दौरान बंटी लाल के रिहायशी क्वाटर काजूखड्ड की नियमानुसार तलाशी लेकर इसके क्वाटर से 28 ग्राम चरस बरामद की गई है। उपरोक्त दोनों व्यक्तियों के कब्जे व ज्ञान में कुल 173 ग्राम चरस बरामद की गई। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकियन गोकुलचंद्रन ने बताया कि इस बारे में उपरोक्त दोनों व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस थाना ब्रौ में धारा 20, 29 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत कर आरोपियों को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है और आगामी जांच जारी है।

### साढ़े तीन माह बाद मिलेंगे अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, मनाली।** साढ़े तीन महीने बाद नगर परिषद मनाली को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मिलने जा रहे हैं। आज एसडीएम मनाली रमण कुमार पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। चुनाव के लगभग 37 दिन बाद नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष शपथ लेंगे। इसके बाद ही वह मनाली शहर के विकास कार्यों को करवा सकेंगे। एसडीएम रमण कुमार शर्मा दोनों को छह जनवरी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। नगर परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव 29 नवंबर को हुआ था। चार-चार मत मिलने के बाद मनोज लारजे पर्ची से अध्यक्ष बने, जबकि सुनीता शर्मा निर्विरोध उपाध्यक्ष चुनी गईं, तब से लेकर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने शपथ नहीं ली। इस वजह से दोनों पदभार नहीं संभाल रहे थे, लेकिन आज सोमवार को दोनों अपनी-अपनी कुर्सी संभालेंगे। मनाली के रुके पड़े विकास कार्यों को गति मिलेगी। नगर परिषद मनाली में चार पार्षदों ने चमन कपूर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया था। नौ सितंबर को अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद 29 नवंबर को चुनाव हुए। नौ सितंबर से मनाली नप अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की कुर्सी खाली चल रही है। एसडीएम रमण कुमार शर्मा ने बताया कि आज सोमवार को नगर परिषद के सभागार में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को शपथ दिलाई जाएगी।

### अग्नि प्रभावितों को दिए एक-एक लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार उपमंडल में अग्नि की भेंट चढ़े तांदी गांव में प्रभावितों के लिए राहत एवं पुनर्वास में सहयोग के लिए विभिन्न समाजसेवी संस्थाएं व जनप्रतिनिधि सामने आ रहे हैं। तांदी गांव में आग से हुए नुकसान का जायजा लेने आए नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने अपने निजी कोष से अग्नि पीड़ितों के लिए एक लाख रुपए दिए। वहीं, बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी ने भी तांदी के अग्नि प्रभावितों को एक लाख रुपए की राशि दान दी है। इसके अतिरिक्त पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा प्रभावित परिवारों के लिए 50 कंबल व 24 किचन किट भी राहत के रूप में दी गई। इसके साथ ही ठाकुर कुंज लाल दामोदरी चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर द्वारा प्रभावितों के लिए 72 रजाई, 72 कंबल व 36-36 कुक्र-कड़ाही दान किए गए। जयराम ने कहा कि विपत्ति की इस घड़ी में हम सभी को तांदी के लोगों की यथासंभव सहायता करनी चाहिए। वहीं, बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि निकट समय में अभी प्रभावितों के लिए अन्य रोजमर्रा की अन्य सामग्री भी उपलब्ध करवाई जाएगी। विधायक ने सभी आम जनमानस से गांव के पुनर्वास एवं राहत कार्यों में सहयोग की अपील की है।

### शीघ्र पूरी की जाएं पेंशनर्स की लंबित मांगें



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन नग्गर खंड की मासिक बैठक गायत्री मंदिर कटराईं में प्रधान ओम प्रकाश शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक गायत्री मंत्र से शुरू हुई। वहीं, उसके बाद मोतीराम पेंशनर्स का देहावसान होने पर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें मुख्यतः पेंशनर्स की लंबित मांगों बारे सरकार से पूर्ण करने का आग्रह किया। पेंशनर्स ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि आगामी बजट सेशन में पेंशनर्स के सभी भुगतान करने के लिए बजट में प्रावधान किया जाए। बैठक में राम प्रसाद को 80 वर्ष पूरा करने पर टोपी और शॉल देकर जिला प्रधान सेस राम ठाकुर और खंड प्रधान ओम प्रकाश शास्त्री ने सम्मानित किया। बैठक में गिरधारी लाल डोगरा जिला उपप्रधान, जिला महासचिव मोहर सिंह सीस, खंड महासचिव मेहर चंद ठाकुर, मुख्य सलाहकार मोहर सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया। प्रदेश पेंशनर्स सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के उपप्रधान व जिला प्रधान सेसराम ठाकुर ने आगामी माह में खंडों के चुनाव बारे विस्तृत जानकारी दी और जिला स्तर पर चुनाव बारे तिथियां निश्चित करने के लिए 10 जनवरी को कुल्लू शास्त्री नगर में जिला कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया।

## कुल्लवी नाटी में भाग लेने के लिए छह से करें पंजीकरण

**मनाली।** जिला कुल्लू के नग्गर खंड के जो भी महिला मंडल विंटर कार्निवाल में आयोजित होने वाली झांकी व कुल्लवी नाटी में भाग लेना चाहते हैं, वह छह से 10 जनवरी तक पंजीकरण करें। 20 से 24 जनवरी तक आयोजित होने वाले विंटर कार्निवाल को लेकर तैयारी शुरू हो गई हैं।

शनिवार को विंटर कार्निवाल के सफल आयोजन के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्निवाल के सफल आयोजन पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्निवाल में झांकी व महानाटी सहित विंटर क्वीन प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहेगी। विंटर क्वीन के ऑडिशन को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई। घाटी के वाम तट व दाएं तट मार्ग की महिलाओं के बीच महानाटी आयोजित होगी। कार्निवाल से पहले 15 व 17 जनवरी को महानाटी का अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान महिलाओं को नाटी की विस्तृत जानकारी व टिप्स दिए जाएंगे।

## तांदी अग्नि प्रभावितों की मदद को बढ़ने लगे हाथ

### एसोसिएशन ने प्रभावितों को दी 5 लाख 60 हजार की राहत राशि

शीला कौल, बंजार

जिला कुल्लू उपमंडल बंजार की जीभी घाटी के तांदी गांव में हुए भीषण अग्निकांड ने कई परिवारों को बेघर कर दिया है। प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए शासन प्रशासन के अलावा अब कई समाजसेवी संस्थाएं भी मदद को हाथ बढ़ाने लगी हैं।

इसी कड़ी में तीर्थन संरक्षण एवं पर्यटन विकास एसोसिएशन गुशैणी की ओर से तांदी गांव अग्नि प्रभावित राहत कोष में आर्थिक सहयोग किया गया है। एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य तांदी गांव अग्नि प्रभावित लोगों से मिले और उनकी पीड़ा को साझा किया। तीर्थन संरक्षण एवं पर्यटन विकास एसोसिएशन गुशैणी के अध्यक्ष वरुण भारती की ओर से प्रभावित लोगों के लिए तांदी ईको टूरिज्म संघ के माध्यम से पांच लाख साठ हजार रुपए का चैक प्रदान किया है। इस अवसर पर एसोसिएशन के अन्य सदस्य और पदाधिकारी भी मौजूद रहे। वरुण भारती ने बताया कि अग्नि प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए धन जुटाने में तीर्थन घाटी के स्थानीय पर्यटन कारोबारियों और यहां पर घूमने आ चुके पर्यटकों ने काफी मदद की है।



प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहयोग राशि का चेक भेंट करते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

उन्होंने बताया कि फेसबुक और इंस्टाग्राम के माध्यम से भी लोगों ने अग्नि प्रभावित परिवारों की आर्थिक मदद के लिए हाथ बढ़ाए हैं। उन्होंने आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों के साथ खड़े होने के लिए एसोसिएशन के सदस्यों और आर्थिक सहायता देने के लिए सभी लोगों का आभार जताया। उधर, तांदी गांव अग्नि पीड़ित लोगों ने आपदा के समय आर्थिक योगदान देने के लिए तीर्थन संरक्षण एवं पर्यटन विकास एसोसिएशन का आभार व्यक्त किया है।

## चच्योट निधि लिमिटेड प्रभावित परिवारों को देगी गैस कनेक्शन, कुकर और डिनर सेट



अनंत ज्ञान, तीर्थन

उपमंडल बंजार की जिभी घाटी के तांदी गांव में हुए भीषण अग्निकांड में सब कुछ गंवा चुके प्रभावित परिवारों की मदद के लिए कई समाजसेवी संस्थाएं आगे आई हैं।

इसी कड़ी में एसडीएम बंजार पंकज शर्मा की मौजूदगी में तांदी गांव अग्नि कांड से प्रभावित हुए लोगों के साथ चच्योट निधि लिमिटेड के एमडी डॉ. राकेश पूरी, उपाध्यक्ष रवि शलाठ एवं अन्य पदाधिकारिओं ने मौके पर जाकर ग्रामीणों से उनका दुख जाना और पीड़ितों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। चच्योट निधि लिमिटेड के एमडी डॉक्टर राकेश पुरी ने बताया कि मौके पर एसडीएम बंजार की मौजूदगी में पदाधिकारियों ने मिलकर प्रभावितों की सहायता को लेकर विचार-विमर्श किया। उन्होंने बताया कि इस भीषण अग्निकांड में अपना सब कुछ गंवा चुके बेघर हुए लोगों के लिए जल्द ही एक एक गैस कनेक्शन, कुकर और डिनर सेट प्रदान किए जाएंगे। स्थानीय प्रशासन की मदद से पीड़ितों के गैस कनेक्शन के लिए कागजात बनाए जा रहे हैं, ताकि जल्द ही लोगों को इसका लाभ मिल सके। वहीं, तांदी गांव के अग्नि प्रभावितों ने सभी मददगारों का दुख की इस घड़ी में सहायता देने के लिए से आभार जताया है।

## गोंधला पंचायत की ग्राम सभा में लगाया आधार कार्ड अपडेशन शिविर

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की लाहौल घाटी की पंचायत गोंधला के पंचायत घर में रविवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। पंचायत के लगभग 69 लोगों ने ग्राम सभा में भाग लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

ग्राम सभा आयोजन के इस मौके पर पंचायत के लोगों की सुविधा के लिए आधार कार्ड पंजीकरण एंव अपडेशन कैंप का आयोजन किया गया, ताकि लोग अपने घर के पास अपना आवश्यक आधार अपडेशन और पंजीकरण करवा सकें। गत माह ही जिला प्रशासन ने संबधित विभागों को पंचायतों में आधार पजीकंरण व अपडेशन के लिए कैंप लगाने के निर्देश दिए थे, ताकि लोग अपने 5 से 7 वर्ष और 15 से 18 वर्ष के बच्चों के आधार कार्ड में होने वाले आवश्यक वायोमैट्रिक अपडेट को अपने घर के पास ही करवा सकें। इससे उनके धन व समय दोनों की बचत हुई, ईडीएम प्रदीप कपलेश ने बताया कि कैंप में 5 बच्चों के नए आधार व 10 लोगों के आधार अपडेशन किया गया।



इस मौके पर समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा भी एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता के कल्याण के लिए चलाई गई विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय डोगरा ने बताया कि ग्राम सभा में उपस्थित पंचायत वासियों को मुख्यामंत्री सुख आश्रय योजना, इंदिरा गांधी सुख सम्मान निधि योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, कन्या भ्रूण हत्या अधिनियम व अश्पृस्यता कानून के बारे में विस्तृत जानकारी पद्रान की। लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित अटल पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी और बहुत ही कम प्रीमियम पर किए जा रहे इन बीमा योजनाओं के महत्व के बारे में समझाया। गांव वासियों को इन योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र लाभार्थियों की पहचान के लिए स्थानीय निवासियों के साथ इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए।

## मॉडल हिम ईरा परिसर का विधायक ने किया उद्घाटन

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने रविवार को मॉडल हिम ईरा परिसर का उद्घाटन किया। इस परिसर का निर्माण 18 लाख की लागत से हुआ है। चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे के किनारे बने इस परिसर में महिलाओं के लिए छह दुकानें और एक हाल बनाया गया है। इन दुकानों में महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित वस्तुएं बिक्री को रखी जाएंगी। वर्तमान में नग्गर खंड के 513 स्वयं सहायता अस्तित्व में हैं, जिसमें करीब पांच हजार महिलाएं शामिल हैं। इस परिसर के बनने से ये सभी स्वयं सहायता समूह लाभान्वित होंगे।



ये महिला मंडल बिछू बुटी आण से कपड़ा बनाने जैसे नवाचार के क्रांतिकारी कार्य कर रहे हैं। विधायक भुवनेश्वर ने कहा कि मॉडल हिम ईरा परिसर में घाटी के परंपरागत हथकरघा को भी आगे बढाने का मौका मिलेगा। सुक्खू सरकार ने महिला सशक्तीकरण के लिए उनके उत्पाद बेचने को ई-कामर्स वेबसाइट हिमइरा डाट को डाट इन का शुभारंभ किया है।

## टील गांव में अग्निकांड से 15 लाख का नुकसान



अनंत ज्ञान, बंजार

शनिवार रात को बंजार के टील गांव में अचानक आग लगने से चार पशु शालाएं जलकर राख हो गई। जानकारी मिलते ही तुरंत एसडीएम बंजार पंकज शर्मा, बीडीओ तथा हल्का पटवारी मौके पर पहुंचे, अग्निशमन वाहन ने भी तुरंत मौके पर पहुंचकर अपना कार्य आरंभ किया। अग्निशमन विभाग ने ग्रामीणों की सहायता से जल्द आग पर काबू पा लिया तथा शेष घरों को जलने से बचाया। इस अग्निकांड में चार पशुशालाएं पूर्ण रूप से तथा एक आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुईं। कुल नुकसान लगभग 15 लाख रुपए का हुआ। पूर्ण रूप क्षतिग्रस्त नुकसान से प्रभावितों को 5 हजार प्रति परिवार तथा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त को 2 हजार रुपए की सहायता प्रदान की गई है।

## गोपाल के डिंगा-डिंगीए गीत से गूंजा मालरोड







अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला मुख्यालय ढालपुर के मालरोड में पहली बार मनाए जा रहे कुल्लू महोत्सव की पांचवीं सांस्कृतिक संध्या लोकगायक गोपाल शर्मा के नाम रही। इस सांस्कृतिक संध्या में 23 विभिन्न प्रस्तुतियां दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही।

कुल्लू-महोत्सव की इस पांचवीं सांस्कृतिक संध्या में लोकगायक गोपाल शर्मा (ऊझी रा खापरा) ने दर्शकों को खूब झूमाया। उन्होंने कुल्लवी गीतों के अलावा हिमाचल के विभिन्न जिलों तथा फिल्मी गानों से मंच पर खूब धमाल मचाया। गोपाल शर्मा ने कुल्लवी गीत बांका तेरा मुहडू झप केरदा से दर्शक दीर्घा में उपस्थित सभी दर्शकों और पर्यटकों को नाचने पर विवश कर दिया। इसके बाद उन्होंने ....डिंगा-डिंगीए, ....झूरी रा गच नोचना, ...मिलना केरी गे झूरिए, .... अंख लड़ी बदो बदी आदि गानों से दर्शकों का मनोरंजन करवाया। हालांकि सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत नव ज्योति पब्लिक स्कूल ढालपुर के विद्यार्थियों की प्रस्तुति से हुई। विद्यार्थियों ने अपनी बेहतर प्रस्तुति से समां बांधा। इसके बाद साईं स्टार स्कूल की प्रस्तुति हुई। वहीं, कलाकार सुरेंद्र कुमार, हर्ष भारद्वाज, वैशाली विष्ठ, मुकुल भारती, कशिश, चेत राम, मंथिका, ईगल कृयू, महिंद्र सिंह, सोम दत्त, पंकज, भागेश, डिंपल, विशाल, धर्मेंद्र शर्मा ने अपनी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मनोरंजन करवाया। कड़ाके की ठंड के बावजूद कुल्लू के अलावा बाहरी दर्शकों ने भारी संख्या में महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या का लुत्फ उठाया। जिला मुख्यालय में नगर परिषद द्वारा पहली बार कुल्लू महोत्सव मनाया जा रहा है। इसमें स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया गया है।

**मांग** टनल बनने से सेना की लद्दाख सीमा पहुंचने के लिए 120 किलोमीटर दूरी हो सकेगी कम

# जल्द बने बागासराहन की बशलेउ टनल: प्रेम ठाकुर

जितेंद्र गुप्ता, आनी

**कुल्लू** जिले के आनी विधानसभा क्षेत्र के निरमंड उपमंडल की दुर्गम पंचायत बागासराहन से बशलेउ जोत के नीचे से बंजार के बठाहड़ तक सुरंग बनाने की मांग एक बार फिर उठी है। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस टनल के बनने से न केवल अवेरी और किन्नौर से सेना की टुकड़ियों को सीमावर्ती क्षेत्रों में पहुंचना आसान होगा, बल्कि निरमंड क्षेत्र के पर्यटन को भी पंख लगेंगे। (अनंत ज्ञान)

### निरमंड से कुल्लू 120 किलोमीटर तक घटेगी दूरी



इस सुरंग के निर्माण को लेकर प्रयास कर रहे निरमंड विकास खंड की बागासराहन पंचायत के प्रधान प्रेम ठाकुर ने इस बार एक बार फिर देश के रक्षामंत्री, भूतल एवं परिवहन मंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री से एक बार फिर बशलेउ सुरंग के निर्माण को लेकर औपचारिकताएं शुरू करने की गुहार लगाई है। प्रधान प्रेम ठाकुर का कहना है कि निरमंड उपमंडल की 32 पंचायतों की हजारों आबादी को जिला मुख्यालय कुल्लू पहुंचने के लिए वाया जलोड़ी जोत होकर करीब 120 किलोमीटर अतिरिक्त सफर कर पहुंचना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हालांकि बागासरहान से बशलेउ जोत होकर बठाहड़ तक सड़क भी प्रस्तावित है, लेकिन इस सड़क के निर्माण में बहुमूल्य पेड़ों का बेहद कटान होगा, जबकि बागासराहन से बठाहड़ टनल बन जाने से जिला मुख्यालय कुल्लू का सफर आसान होगा और वे अपने काम समय पर निपटा कर सुबह जाकर शाम को वापस घर आ सकते हैं।

### पर्यटन को भी लगेंगे पंख

बागासराहन एक विश्वप्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, जहां करीब 300 बीघा का एक पौराणिक मैदान नुमा भाग है, जिसकी सुंदरता को निहारने के लिए हर साल सैकड़ों देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं, जबकि पूर्व भाजपा सरकार के समय मे बागासराहन में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई मंजिल-नई राहें योजना के तहत 29 करोड़ 40 लाख रुपए की एक डीपीआर भी विचाराधीन है। ऐसे में बशलेउ टनल के निर्माण से शिमला, कुफरी, नारकंडा से कुल्लू मनाली जाने वाला पर्यटक बागासराहन की सुंदरता को निहारकर आगे बढ़ सकेंगे।

> **मैंने** गत वर्ष विधायक प्राथमिकता की बैठक में बशलेउ टनल को लेकर कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह और पूर्व सीपीएस सुंदर ठाकुर के समक्ष बात रखी थी, जिस पर उन्होंने हामी जताई है। साथ जी केंद्र सरकार के भूतल परिवहन मंत्री से मिलकर भी इस मांग को प्राथमिकता के साथ रखा जाएगा।
>
> **लोकेंद्र कुमार, विधायक, आनी विधानसभा क्षेत्र।**

> **बागासराहन** पंचायत प्रधान की मांग के बाद हमारे कार्यालय से मुख्य अभियंता ने टनल की स्टेट्स रिपोर्ट मांगी थी, जिसकी एक रिपोर्ट बनाकर भेज दी गई थी, लेकिन अभी तक मंत्रालय से इसकी डीपीआर बनाने को लेकर बजट का कोई प्रावधान नहीं हुआ है, जैसे ही बजट का प्रावधान होगा डीपीआर बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।
>
> **मनोज कुमार, अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, निरमंड।**

### 2023 में बागासराहन पंचायत ने प्रधानमंत्री को भेजा था प्रस्ताव

**प्रेम** ठाकुर ने बताया कि बागासराहन पंचायत की ओर से जनवरी-2023 में देश के प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को एक प्रस्ताव भेजा भी गया है, जिसमें बताया गया है कि निरमंड के आवेरी नामक स्थान पर (उत्तरी क्षेत्र) थल सेना का प्रशिक्षण केंद्र स्थापित है। यहां से प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद फौज के जवानों को आर्मी की गाड़ियों के द्वारा लेह-लद्दाख और अन्य सीमाओं पर तैनात किया जाता है, जबकि किन्नौर में भी सेना की बड़ी छावनी है, जिन्हें लेह-लद्दाख की सीमा पर आवाजाही करनी होती है। सर्दियों में सैनिकों को वाया करसोग या वाया तत्तापानी, बिलासपुर होकर 300 किलोमीटर से ज्यादा का सफर तय करना पडता है। ऐसे में प्रस्तावित टनल का निर्माण होता है, तो सेना के जवानों को लेह-लद्दख की सीमा तक पहुंचने के लिए साल के 12 महीने सड़क सुविधा मिलेगी और करीब 120 किलोमीटर दूरी कम तय करनी पड़ेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### गाड़ी से 9.20 ग्राम चिट्टा बरामद, दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, अर्की।** पुलिस स्टेशन अर्की में स्पेशल इंवेस्टिगेशन यूनिट जिला सोलन के द्वारा दी गई सूचना पर मादक पदार्थ एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार स्पेशल इंवेस्टिगेशन यूनिट थाना दाड़लाघाट, पिपलु घाट, भूमती गंबर पुल, खरड़ हट्टी, डुमहर आदि क्षेत्र में मादक पदार्थ व अपराधों की रोकथाम के लिए आईओ किट व डीडी किट तथा तोल मशीन के साथ रवाना थे, तो इसी दौरान जब वह ग्राम लादी वर्षा शालिका के पास पहुंचे तो, उन्हें मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि डुमेहर की तरफ से एक गाड़ी अर्की की तरफ आ रही है यदि इस गाड़ी को चैक किया जाए, तो भारी मात्रा में हेरोइन/चिट्टा बरामद हो सकता है। कार को आते देख यूनिट मुखिया मुख्य आरक्षी द्वारा वर्षा शालिका के पास साईड में गाड़ी को रुकवाया। गाड़ी उपरोक्त में दो युवक सवार थे। ड्राइवर सीट पर बैठे युवक ने पूछने पर अपना नाम अक्षय कुमार पुत्र अनिल कुमार गांव टुकाडी डा. कुनिहार तह. अर्की जिला सोलन उम्र 28 वर्ष व दूसरे युवक ने पूछने पर अपना नाम भवानी सिंह पुत्र जय सिंह गांव बडोग डा. जोबडी त. अर्की जिला सोलन उम्र 25 वर्ष बताई। तलाशी के दौरान गाड़ी के डैशबोर्ड में एक प्लास्टिक की पुड़िया बरामद हुई, जिसके अंदर एक अन्य प्लास्टिक लिफाफे में हल्के भूरे रंग का डलीनुमा व चूरानुमा पदार्थ बरामद हुआ, जिसमें हेरोइन/चिट्टा 9.20 ग्राम पाया गया। पुलिस द्वारा मादक पदार्थ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### बद्दी में गद्दी समुदाय ने मनाया शिव नुआला

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** गद्दी समुदाय का प्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम नुआला बद्दी के अमरावती कॉलोनी के निजी रिसोर्ट में मनाया गया, जिसमें हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने शिरकत की। बीबीएन में हजारों की संख्या में चंबा, कांगड़ा क्षेत्र के लोग कार्यरत हैं और यही लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। गद्दी समुदाय वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष संजीव ठाकुर, जग्गी सिंह, एडवोकेट बलदेव सिंह, पवन महिंद्र, राकेश ओमी जरयाल शिवदीप, बुद्धि प्रकाश राजिंद्र चौहान ने बताया कि इस वर्ष गद्दी समुदाय का चौथा वार्षिक शिव नुआला महाउत्सव बद्दी में धूमधाम से मनाया गया, इसमें 15 हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विशाल शिव भंडारे का आयोजन किया गया, जो शाम शुरू हुआ और प्रातः चार बजे तक अनवरत चलता रहा। भंडारे में लगभग 15 हजार लोगों ने भगवान शिव का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज, बद्दी दून के विधायक राम कुमार, सुनाम सिंह पठानिया रहे। वहीं बद्दी नगर परिषद के अध्यक्ष सुरजीत सिंह चौधरी विशिष्टातिथि के रूप में शामिल हुए।

### समग्र शिक्षा के महत्व पर दिया जोर



**अनंत ज्ञान, सोलन।** शहर से सटी पंचायत पड़ग के सरकारी प्राथमिक विद्यालय ददोग का वार्षिक उत्सव उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में कर्नल संजय शांडिल, कमांडिंग ऑफिसर, 1 एचपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, सोलन, मुख्यातिथि के रूप में शामिल रहे उनके साथ उनकी धर्मपत्नी पूनम शांडिल भी मौजूद रही। उनकी उपस्थिति ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को गर्व और प्रोत्साहन से भर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा रिबन काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में नृत्य, गीत और नाटक शामिल थे, जिन्होंने उनकी प्रतिभा और रचनात्मकता को उजागर किया। इन प्रस्तुतियों ने देशभक्ति, शिक्षा और सामुदायिक मूल्यों जैसे विषयों पर जोर दिया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कर्नल संजय शांडिल ने छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और इस शानदार कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने समग्र शिक्षा के महत्त्व पर जोर दिया, जिसमें अकादमिक के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां भी शामिल हैं, ताकि समग्र रूप से विकसित व्यक्तित्व का निर्माण हो सके।

### पांवटा साहिब इकाई के अध्यक्ष बने विशाल

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संघ इकाई पांवटा साहिब का अधिवेशन प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री ई. रणवीर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के प्रधान ईशाद रहमान और जिले के सचिव वीरेंद्र ठाकुर भी उपस्थित रहे। सभी सदस्यों को मौजूदगी में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। पांवटा साहिब ईकाई के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया और नई कार्यकारिणी का गठन किया। इसमें विशाल ठाकुर अध्यक्ष, हंस राज वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेंद्र राणा उपाध्यक्ष, यादव कुमार उपाध्यक्ष, राहुल नेगी उपाध्यक्ष, मगी राम उपाध्यक्ष, शिवपाल उपाध्यक्ष, राजेश कुमार सचिव, विकेश कुमार सह सचिव, नितेश कुमार सह सचिव, रोहित ठाकुर सह सचिव, राकेश ठाकुर मुख्य सलाहकार, गुलशन कुमार संगठन मंत्री, जागर राणा सह संगठन मंत्री, बहादुर सिंह नेगी वित्त सचिव, राहुल कुमार सह वित्त सचिव और हेमराज राणा मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए। नई कार्यकारिणी ने जिले और प्रदेश कार्यकारिणी से तालमेल बिठाकर संघ की लंबित मांगों को पुरजोर तरीके से बोर्ड और सरकार तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### आरएंडपी नियमों के संशोधन से खुले पदोन्नति के रास्ते




**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश कृषि सेवाएं संघ प्रथम श्रेणी ने आर एंडपी नियमों में किए गए संशोधन का स्वागत किया है। इससे कृषि विभाग में वरिष्ठ पदों पर पदोन्नति के रास्ते खुलेंगे। हिमाचल प्रदेश कृषि सेवाएं संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शर्मा ने सोलन में पत्रकार वार्ता कर कृषि अधिकारियों के आरएंडपी नियमों में संशोधन किए जाने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश, कृषि मंत्री चंद्र कुमरा और स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और कृषि सचिव सीपाल रासू का भी संघ की तरफ से धन्यवाद किया। डॉ. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कई वर्षों से लंबित कृषि विभाग की मांग को आवश्यक समझते हुए पूर्ण किया है।


# सांसद से सीवरेज ट्रीटमेंट योजना मंजूर करवाने की मांग

## प्रदूषित माहौल में जीने को मजबूर लोग, पर्यावरण को भी नुकसान, शहर के जोन-ए व जोन-सी में ट्रीटमेंट प्लांट बनने बाकी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जलशक्ति विभाग की तरफ से नमामि गंगे योजना के तहत केंद्र सरकार की मंजूरी को भेजी गई सोलन शहर की करीब 180 करोड़ रुपए की सीवरेज ट्रीटमेंट योजना की मंजूरी को लेकर नगर निगम की मेयर उषा शर्मा ने शिमला संसदीय सीट के सांसद सुरेश कश्यप के समक्ष मांग उठाई है।

मेयर ने शहर में सीवरेज व्यवस्था के बिगड़ते हालात और पर्यावरण और स्वास्थ्य को उत्पन्न खतरे से भी सांसद को अवगत करवाया है। सांसद ने मेयर को मामला केंद्र के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया है। बता दें कि शहर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट योजना के जोन बी का कार्य पूरा हुए करीब दो दशक बीत गए पर इसमें आज तक लक्ष्य के मुताबिक भवनों की कनेक्टिविटी नहीं हुई। इस अवधि में जोन बी के मात्र 600 भवन ही सीवरेज योजना से कनेक्ट हो पाए हैं, जबकि लक्ष्य 3000 भवनों को जोड़ने का है। योजना के तहत सोलन के पटराल में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बने डेढ़ दशक का समय बीत चुका है पर सीवरेज की लाइन से भवनों की कनेक्टीविटी नहीं होने से यह विभाग के लिए सफेद हाथी साबित हो रहा है। ट्रीटमेंट प्लांट से शहर के सर्कुलर रोड, लक्कड़ बाजार, टैंक रोड, ऑफिसर कॉलोनी, डाइट रोड, कोटलाना, मधुवन कॉलोनी, सन्नी साइड, राजगढ़ रोड व डिग्री कॉलेज के आसपास बने भवनों के भवनों की सीवरेज लाइन को कनेक्ट किया जाना है। विभागीय उदासीनता के चलते अधिकतर भवन मालिकों ने सीवरेज लाइन से जुड़ने में रुचि नहीं दिखाई। इसका असर यह हुआ कि कई भवन मालिकों ने खुले नालों में ही सीवर छोड़ दी। इससे नालों में पनप रही प्रदूषित हवा आवासीय कॉलोनियों तक पहुंचने से लोगों के स्वास्थ्य को बिगाड़ने का कार्य कर रही है। (अनंत ज्ञान)



### एक करोड़ रुपए की राशि भी जारी की

**जोन-बी** में बने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की मुख्य लाइन से भवनों की कनेक्टिविटी का जिम्मा आईपीएच व निगम का है। दोनों विभागों में तालमेल की कमी के चलते भवनों की कनेक्टिविटी नहीं हो पा रही है। नगर परिषद ने जोन-बी में बने भवनों की कनेक्टिविटी के लिए आईपीएच को एक करीब एक करोड़ रुपए की राशि भी जारी की, लेकिन ठेकेदारों की कार्यप्रणाली से काम अधर में लटक गया है। इससे पता चलता है कि संबंधित विभाग लोगों के स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण के लिए कितने गंभीर हैं। खुले में छोड़ी गई सीवर लाइनों से जहां हमेशा बीमारियां पनपने का खतरा रहता है साथ ही इससे पर्यावरण को भी खासा नुकसान होता है। खुले में छोड़ी जा रही सीवर लाइनों से प्राकृतिक जलस्रोत भी दूषित हो रहे हैं।

### कॉलोनियों की सीवर लाइनों को खुले में छोड़ा

**सीवरेज** सिस्टम नहीं होने से नालों के आसपास बनी कॉलोनियों की सीवर लाइनों को खुले में छोड़ा गया है। शहर के गंज बाजार, शक्तिनगर, मोहन कॉलोनी, अप्पर बाजार के आसपास के घरों की सीवर खुले नाले में छोड़ी गई है, जिससे प्रदूषण फैल रहा है। इसी तरह वार्ड-सात के धोबीघाट, वार्ड-11 के कोटलानाला, वार्ड-8 के शूलिनी नगर, वार्ड-13 के कलीन और वार्ड-15 की हाउसिंग कॉलोनी फेज-एक व दो में ट्रीटमेंट प्लांट नहीं होने से पास के नालों में सीवरेज छोड़ी गई है। कॉलोनी के फेज-एक में जहां सेप्टी टैंक का निर्माण तो किया गया, लेकिन इसमें भवनों की सीवर लाइन कनेक्शन करने के बजाए, खुले में छोड़ी गई है। इसी तरह शहर में कई जगहों पर सड़क किनारे बनी नालियों में सीवरेज बह रही है। इसी तरह वार्ड-1, 2, 3, 4, 5, 8, 6, 12, 13, 14, 15, 16 और वार्ड-17 में भी अधिकतर भवनों में सेप्टी टैंक नहीं होने से सीवरेज को खुले नालों में छोड़ा गया है।



जलशक्ति विभाग ने शहर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए सरकार को डीपीआर भेजी है। इस योजना को केंद्र से मंजूरी के लिए जनहित में सांसद सुरेश कश्यप से आग्रह किया गया है। नगर निगम आवेदन आने पर सीवरेज कनेक्टिविटी कर रहा है। जमीनी विवाद के कारण कनेक्टिविटी में दिक्कत आ रही है।

**उषा शर्मा, मेयर नगर निगम, सोलन।**

### जोन-ए व जोन-सी में ट्रीटमेंट प्लांट बनना बाकी

**योजना** के तहत अभी शहर के जोन-ए व जोन-सी में ट्रीटमेंट प्लांट बनने बाकी हैं। जोन-ए के तहत नड़ोह और जोन-सी के कथेड़ में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाना है। दोनों जोन में करीब 5 हजार भवनों के सीवरेज को मुख्य लाइन से कनेक्ट किया जाएगा। दोनों ट्रीटमेंट प्लांट्स को पूरा होने में करीब 60 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि की जरूरत है। इसके लिए जलशक्ति विभाग ने रिवाइज डीपीआर तैयार की है। ट्रीटमेंट प्लांट के चालू होने की स्थिति में न केवल खाद का उत्पादन होगा, बल्कि ट्रीट किए पानी का उपयोग सिंचाई के लिए किया जा सकेगा। विभागीय उदासीनता के चलते आज तक यह कार्य लंबित होता रहा है। योजना में देरी होने से शहर के नाले प्रदूषित हो रहे हैं, जिसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

### हिट एंड रन मामले में मोटर साइकिल सवार गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल मुख्यालय अर्की में कुछ दिन पूर्व एक मोटरसाइकिल सवार द्वारा पुराना बस स्टैंड में नगर पंचायत अर्की के वार्ड नंबर-4 के रहने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता भूपेंद्र शर्मा, जो पुराना बस स्टैंड से नए बस स्टैंड की तरफ जा रहे थे तभी एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने तेज गति से उन्हें टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर भाग गया।

घायल अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह को स्थानीय लोगों द्वारा अर्की अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए उन्हें आईजीएमसी शिमला ले जाया गया। अर्की पुलिस को सूचना मिलते ही हिट एंड रन का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। अर्की पुलिस में हेड कांस्टेबल हीरा सिंह व कांस्टेबल परस राम ने काफी मशक्कत के बाद हिट एंड रन में फरार अज्ञात मोटर साइकिल सवार युवक को गत रात्री गांव भारती गब्बर पुल में उसके घर से मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी संदीप शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस द्वारा आगामी जांच जारी है।

# रतन सिंह पाल फिर बने सोलन जिला भाजपा के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सोलन**

प्रदेश भाजपा के संघठनात्मक चुनाव में जिला अध्यक्ष की घोषणा कर दी है।

सोलन के चुनाव प्रभारी भाजपा प्रदेश बिहारी लाल शर्मा ने रविवार को कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में जिला अध्यक्ष की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सभी 13 मंडल के प्रतिनिधियों की सहमति से निवर्तमान अध्यक्ष रतन सिंह पाल को फिर से जिले का दायित्व मिला है। रतन पाल का कार्यकाल आगामी तीन वर्षों तक रहेगा। शर्मा ने कहा कि भाजपा का संघठनात्मक चुनाव उत्सव के तौर पर मनाया जा रहा है। सदस्यता अभियान पूरा होने के बाद बूथ अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष के चुनाव हुए। संगठन



जिला सोलन भाजपा का अध्यक्ष बनने के बाद रतन पाल का स्वागत करते कार्यकर्ता।

की बढ़ती ताकत को देखते हुए इस बार डेलिमिटेशन के तहत जिले में पांच के बजाए 13 मंडल बनाए गए हैं। इसमें से 12 मंडल अध्यक्ष के चुनाव हो चुके हैं, जबकि दून मंडल का चुनाव बाद में होगा। शर्मा ने कहा कि अध्यक्ष पद को लेकर आगे आएं नामों पर पार्टी नेतृत्व ने जिला सोलन से रतन पाल को अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा है। 10 जनवरी तक देश भर में करीब 900 जिलों के अध्यक्ष का चुनाव हो जाएगा। इसके बाद राज्य और राष्ट्रीय अध्यक्ष को चुना जाएगा। प्रदेश में सदस्यता अभियान के तहत 18 लाख से अधिक सदस्य जोड़े गए हैं, जबकि जिला सोलन से भी करीब 1 लाख 10 हजार सदस्य बनें हैं, जो कि अन्य पार्टियों से अधिक हैं।

इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष रतन पाल ने दोबारा भरोसा जताने पर शीर्ष नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। संगठन को और मजबूत कर कार्यकर्ताओं को साथ लेकर जिले के सभी विधानसभा चुनाव को जीताने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही जिला कार्यकारिणी की घोषणा होगी। अध्यक्ष बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मलाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. राजीव सैजल सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

# बंगाणा में रोजगार मेला 12 जनवरी को

**अनंत ज्ञान, लठियाणी/बीबीएन**

औद्योगिक संगठन लघु उद्योग संघ एवं हिमालया जनकल्याण समिति द्वारा इस बार रोजगार मेला बीबीएन से हटकर जिला ऊना में आयोजित किया जा रहा है।

हिमालया जनकल्याण समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 12 जनवरी रविवार को रोजगार मेले का आयोजन जिला ऊना के बंगाणा के पंचायत समिति सभागार में आयोजित होगा। इसमें सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक बेरोजगार युवक व युवतियों का पंजीकरण किया जाएगा। मेले का शुभारंभ कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर बीडीसी सदस्य



जोगिंद्र देव आर्य व एनयूजे इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रणेश राणा शिरकत करेंगे।

लघु उद्योग संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक कुमार राणा व हिमालय जनकल्याण समिति की उपाध्यक्ष डिपंल पंवर ने बताया कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बंगाणा में बद्दी औद्योगिक क्षेत्रों के कुछ उद्योगों के अलावा जॉब प्लेसमेंट एजेंसियां अपने अपने स्टाल लगाएंगी। रोजगार मेले में आने वालों का पंजीकरण निशुल्क होगा। पंजीकरण के बाद बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता के हिसाब से उद्योगों में समायोजित किया जाएगा। उन्होने जिला ऊना के बेरोजगार युवक-युवतियों से इस मेले का लाभ उठाने का आह्वान किया।

# कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने किया गनोल स्कूल के नए भवन का शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कसौली विधानसभा क्षेत्र की गनोल पंचायत में स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल गनोल में वार्षिक पारितोषिक वितरण व शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया।

इसमें कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने बतौर मुख्यातिथि गनोल स्कूल के नए भवन निर्माण का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्कूल को पिछली सरकार द्वारा चुनाव के समय सीनियर सेकेंडरी अधिसूचित किया गया था। उसके बाद बिना बजट के घोषित स्कूल बंद हुए,



लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष इस मुद्दे को प्रभावी तरीके से उठाया और प्रदेश भर में केवल दो स्कूल दोबारा अधिसूचित हुए जिसमें गनोल भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में गढ़खल-गुनाई सड़क की समस्या बड़ी गंभीर है, जिसको मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए वह प्रयासरत हैं। वहीं, इस सड़क पर बस सेवा शुरू करने के लिए भी वह अपने प्रयास जारी रखे हुए हैं। उन्होंने मेधावी बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले बच्चों को अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार देने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने जनसमस्याओं को सुना और अधिकारियों को उनके समाधान करने के निर्देश दिए।

# 14वीं नेशनल ड्रॉप रॉ बॉल के लिए हिमाचल टीम पहुंची पटना



**अनंत ज्ञान, सोलन**

बिहार की राजधानी पटना स्थित माउंट लिटेरा जी स्कूल बिहेटा में आयोजित 14वीं सब जूनियर और जूनियर ड्राप रॉ बॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश की टीम पटना पहुंच चुकी है।

हिमाचल ड्रॉप रॉ बॉल एसोसिएशन के महासचिव गोबिंद सिंह ने बताया कि हिमाचल की टीम में कोच ज्ञान मेहता व डीआर शर्मा हैं। हिमाचल की टीम में हर्ष, वंश, नमन, उमंश, निशिकांत, हर्षित, कार्तिक, ऋषभ, अभिनव, सक्षम डोगरा, अर्पित, सक्षम, निखिल, अंशुल, ध्रुव, मिथिल, आदित्य, रचित कपूर, अनिश, अक्षय सामटा, आदर्श शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता 4 से 7 जनवरी तक चलेगी इसमें सब जूनियर और जूनियर वर्ग के 21 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

# एचपीटीडीसी के एमडी राजीव कुमार ने पिकाजो इंस्टीट्यूट का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के एमडी राजीव कुमार ने चंडीगढ़ के सेक्टर-39डी स्थित पिकाजो इंस्टीट्यूट का उद्घाटन किया। यह इंस्टिट्यूट चंडीगढ़ के प्रमुख शैक्षणिक संस्थान है, जो एनिमेशन, मल्टीमीडिया, वीएफएक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में विशेषज्ञता रखता है।

पिकाजो इंस्टीट्यूट को लिंगया विद्यापीठ विश्वविद्यालय (अनुलग्नक-1) द्वारा मान्यता प्राप्त है, विश्वविद्यालय को 2005 में यूजीसी द्वारा मान्यता दी गई थी। राजीव कुमार ने बताया कि संस्थान द्वारा पेश किए जाने वाले




कार्यक्रम यूजीसी द्वारा स्थापित नई शिक्षा नीति (बैचलर्स ऑफ वोकेशन) के तहत संचालित किए जाते हैं। ये कार्यक्रम विशेष रूप से छात्रों को आवश्यक पेशेवर कौशल प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए हैं, जो भविष्य में रोजगार की गारंटी देते हैं। संस्थान-2020 से छात्रों को बीवीओसी डिग्री (अन्य डिप्लोमा/प्रमाणपत्रों के अलावा) प्रदान कर रहा है। वर्तमान में, लिंगया विद्यापीठ में एनिमेशन और मल्टीमीडिया डिग्री प्रोग्राम में बैचलर्स ऑफ वोकेशन में नामांकित छात्रों के दो बैच हैं। डिग्री कार्यक्रमों के साथ-साथ, संस्थान में विभिन्न पाठ्यक्रमों में एक और दो वर्षीय प्रमाणपत्र/डिप्लोमा कार्यक्रम भी प्रदान कर रहे हैं।

### जयनगर में 11 को रक्तदान शिविर

**अर्की।** अर्की उपमंडल के जयनगर में 11 जनवरी को अर्की के युवा नेता शशि कांत शर्मा व अन्य सहयोगियों मनोज कुमार, अशोक भारद्वाज, दूनी चंद, सुशील शर्मा, ललित शर्मा, राहुल ठाकुर, मयंक द्वारा सर्वोदय रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शशिकांत शर्मा ने बताया कि यह रक्तदान शिविर वन विभाग में कार्यरत वन रक्षक स्वर्गीय भानू शर्मा के आदर्श व सेवा भावना को समर्पित किया गया है। उन्होंने क्षेत्र के सभी प्रबुद्ध रक्तदानी व्यक्तियों से बढ़-चढ़कर रक्तदान करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जो भी रक्तदान करना चाहता है या अन्य जानकारी चाहता है, तो वह 7650900066, 7018222964, 9816869869 आदि नंबरों पर संपर्क कर सकता है।

**लक्ष्य** अर्की के विधायक ने दूर-दराज ग्राम पंचायत बायला के गांव बिस्सियां में सुनीं जनसमस्याएं, सरकार 680 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्टअप योजना कार्यान्वित कर रही

# नवीन योजनाओं से गांव को आत्मनिर्भर बनाना प्रदेश सरकार का लक्ष्य : अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि कृषि, बागवानी एवं दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में नवीन योजनाओं के माध्यम से गांव को आत्मनिर्भर बनाना प्रदेश सरकार का लक्ष्य है।

संजय अवस्थी अर्की की दूर-दराज ग्राम पंचायत बायला के गांव बिस्सियां में जन समस्याओं के निवारण के उपरांत उपस्थित जन




पंचायत बायला के गांव बिस्सियां में जनसमस्याओं के निवारण को पहुंचे विधायक संजय।

समूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बिस्सियां गांव के लिए संपर्क मार्ग की मरम्मत के कार्य का शुभारंभ किया। संजय ने कहा कि आर्थिक रूप से सशक्त गांव आत्मनिर्भर हिमाचल का आधार है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार 680 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्टअप योजना कार्यान्वित कर रही है। इस योजना के तहत प्रथम चरण में राज्य की प्रत्येक पंचायत से 10-10 किसानों को जहर मुक्त खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कार्य किया जा रहा है। 36,000 किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती के माध्यम से उत्पादित गेहूं 40 रुपए प्रति किलोग्राम तथा मक्की 30 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से क्रय कर रही है। यह देश में अधिकतम समर्थन मूल्य है। गाय के दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 38 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 45 रुपए प्रति लीटर तथा भैंस के दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 47 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 55 रुपए प्रति लीटर किया गया है।

उन्होंने कहा कि इन निर्णयों से व्यापक स्तर पर लाभ हो रहा है। संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश की आर्थिकी को सुधारने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू गंभीर प्रयास कर रहे हैं और सभी को इन प्रयासों को संबल प्रदान करना होगा। उन्होंने कहा कि जन-जन के सक्रिय सहयोग से अर्की विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित बनाया जा रहा है।

उन्होंने सभी को विश्वास दिलाया कि अर्की की दूरदराज पंचायतों में भी विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने नहीं दी जाएगी। विधायक ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को बोरवेल से बिस्सियां गांव तक जल सुविधा पहुंचाने के लिए त्वरित कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पंचायत बायला की प्रधान रचना देवी, पंचायत मटुली के प्रधान कमल, पंचायत दिग्गल के प्रधान पवन कौशल, पंचायत के उपप्रधान नरेश, पंचायत रामशहर के पूर्व प्रधान बिरेंद्र सिंह, भारतीय युवा कांग्रेस अर्की के अध्यक्ष सतीश कुमार (विक्की) आदि उपस्थित रहे।




## न्यूज ब्रीफ

### आईआईटी खड़गपुर में टेक्नो-मैनेजमेंट फेस्ट 17 से

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आईआईटी खड़गपुर अपना वार्षिक टेक्नो-मैनेजमेंट फेस्ट, क्षितिज आयोजित करने जा रहा है। 17 जनवरी से 19 जनवरी 2025 तक चलने वाले इस फेस्ट में 45+ इवेंट्स, प्रतियोगिताएं (कुल पुरस्कार राशि 45 लाख), वर्कशॉप्स, गेस्ट लेक्चर्स, इंटरैक्टिव सेशन्स और बहुत कुछ रोमांचक अनुभवों का आनंद प्रतिभागियों को मिलेगा। टेक्नोलॉजी और मैनेजमेंट के हर पहलू को कवर करते हुए, 22वां संस्करण छात्र समुदाय को एक यादगार अनुभव देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### पुल निर्माण स्थल पर हुए हादसे में मजदूर की मौत

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में टावर क्रेन ट्रॉली के टूटकर खाई में गिर जाने से एक मजदूर की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि यह घटना शनिवार रात रुद्रप्रयाग-पोखरी मार्ग पर उस समय घटी, जब मजदूर एक पुल के निर्माण कार्य में लगे हुए थे। उन्होंने बताया कि केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग को बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने वाले बाईपास के लिए बनाए जा रहे पुल के टावर से जुड़ी ट्रॉली टूट गई। रजवार ने बताया कि जिला आपदा प्रबंधन बल (डीडीआरएफ) की एक टीम को घटनास्थल पर भेजा गया, जहां वसीम (40) मृत पाया गया।

### अजमेर दरगाह में रक्षा मंत्री की ओर से चादर चढ़ाई गई

**जयपुर।** अजमेर दरगाह में जारी उर्स के दौरान रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से सूफी संत मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चादर चढ़ाई गई। दरगाह कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मुनव्वर खान ने सिंह की ओर से चादर पेश की। उन्होंने सिंह द्वारा भेजा गया संदेश भी पढ़ा। संदेश में सिंह ने कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती ने भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि उर्स में सभी धर्मों और सम्प्रदायों के लोग श्रद्धा की भावना के साथ शामिल होते हैं।

### दो कारों और ट्रक की टक्कर में दो लोगों की मौत

**हिसार।** हरियाणा में हिसार-चंडीगढ़ मार्ग पर दो कारों और ट्रक की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना हिसार से लगभग 55 किलोमीटर दूर सुरेवाला चौक के निकट हुई। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से हुई। इसने बताया कि दुर्घटना में मरने वाले लोग कुरुक्षेत्र और जींद जिले के रहने वाले थे।

### पीएम ने दी ममता व जोशी को जन्मदिन की बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी को उनके 91वें जन्मदिन पर और ममता बनर्जी को उनके 70वें जन्मदिन पर बधाई दी। पीएम ने मुरली मनोहर जोशी के लिए लिखा- करोड़ों भाजपा सदस्यों के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं और उनका ज्ञान, विशाल अनुभव और राष्ट्रवादी विचारधारा देश के लिए बहुत मूल्यवान है। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी को जन्मदिन की बधाई। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं। बनर्जी साल 2011 से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री हैं, उनकी गिनती देश में विपक्ष के प्रमुख नेताओं में होती है।

### विदेशी मुद्रा भंडार लुढ़का, 640.3 अरब डॉलर पहुंचा



**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में गिरावट होने से 27 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.1 अरब डॉलर लुढ़ककर 640.3 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.5 अरब डॉलर की रिकॉर्ड गिरावट लेकर 644-4 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 27 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.6 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 551.9 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 54.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 66.3 अरब डॉलर हो गया।

### भारतीय कंपनियों ने 20% एचबी वीजा हासिल किए

**नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से जारी किए गए एच1बी वीजा का करीब एक-पांचवां हिस्सा यानी 20 प्रतिशत भारतीय मूल की प्रौद्योगिकी कंपनियों ने हासिल किया है। एच1बी वीजा हासिल करने में इंफोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) सबसे आगे रही हैं। अमेरिकी आव्रजन विभाग के आंकड़ों के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकाला गया है। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवाओं के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-सितंबर, 2024 की अवधि में विभिन्न नियोक्ताओं को जारी किए गए कुल 1.3 लाख एच1बी वीजा में से लगभग 24,766 वीजा भारतीय मूल की कंपनियों को जारी किए गए। इनमें से इंफोसिस ने 8,140 लाभार्थियों केसाथ अग्रणी स्थान हासिल किया। उसके बाद टीसीएस (5,274) और एचसीएल अमेरिका (2,953) का स्थान रहा। अमेजन कॉम सर्विसेज एलएलसी के बाद इंफोसिस यह वीजा हासिल करने में दूसरे स्थान पर रही। अमेजन कॉम सर्विसेज ने 9,265 एच1बी वीजा हासिल किए।

# ट्रैफिक चालान ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, एक साल में 9,85,451 चालान, 23.03 करोड़ की कमाई

**एजेंसी, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ में ट्रैफिक पुलिस की तरफ से साल 2024 में रिकॉर्ड वाहन चालकों के चालान काटे गए हैं। शहर में वाहन चालकों की छोटी से छोटी गलती भी सीसीटीवी कैमरों में कैद हो जाती है। इस वजह से ट्रैफिक पुलिस वाहन चालकों के चालान काट रही है।

ट्रैफिक पुलिस की ओर से किए गए चालान के आंकड़ों पर गौर करें तो एक जनवरी 2024 से 31 दिसंबर तक 9.85 लाख 451 चालान किए गए हैं। इस बार चालान से होने वाली कमाई 23.03 करोड़ तक पहुंच गया। वर्ष 2023 में पुलिस ने 9 लाख 55 हजार 487 वाहन चालकों के चालान किए और चालकों से 10 करोड़ 40 लाख 14 हजार 753 रुपए का राजस्व आया।

वर्ष 2021 में ट्रैफिक पुलिस ने दो लाख 32 हजार 319 चालान किए। इससे 12 करोड़ 51 लाख 78 हजार 578 रुपए का राजस्व आया।

वर्ष 2022 में पुलिस ने 6.02 लाख 454 वाहन चालकों के चालान काटकर 11 करोड़ 13 लाख 7 हजार 708 रुपए का राजस्व सरकारी खाते में जमा करवाया।

**हाईटेक कैमरों की खासियत**

**बता** दें शहर में हर लाइट प्वाइंट और चौराहों पर जो कैमरे लगे हैं, ये कैमरा 500 मीटर दूर से किसी भी ट्रैफिक उल्लंघन को पकड़ने में कामयाब हैं। इसमें गाड़ी का नंबर, ड्राइवर का चेहरा, मोबाइल इस्तेमाल, बिदाउट सीट बेल्ट, सिगरेट तक पीने सहित सभी वायलेशन की 24 घंटे में फुटेज ट्रैक करने में पूरी तरह सक्षम हैं।

### हाईटेक सीसीटीवी कैमरों से हो रही निगरानी

**शहर** में 242 लोकेशन पर 2200 हाईटेक सीसीटीवी कैमरों से ट्रैफिक वॉयलेशन करने वालों पर नजर रखी जा रही है। इसका मतलब यह है कि अगर वाहन चालक कहीं भी यातायात नियम की अनदेखी करता है तो उसका चालान कटना तय है। क्योंकि शहर के हर लाइट प्वाइंट पर सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल हैं और ये पूरी तरह के वर्किंग मोड में हैं।

### पुलिस की तीसरी आंख है सीसीटीवी कैमरे

**शहर** की सड़कों पर पुलिस की तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरों से धड़ाधड़ चालान हो रहे हैं। शहर के सेक्टर-17 स्थित इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आइसीसीसी) से पूरे शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के लिए 24 घंटे टीम तैनात रहती है। अब सीसीटीवी कैमरों से हर ट्रैफिक वॉयलेशन पर चालान काटे जा रहे हैं। इन कैमरों के जरिए ओवर स्पीड और रेड लाइट जंप, ड्राइविंग करते हुए मोबाइल यूज, गाड़ियों पर जेड ब्लैक शीशे लगाने पर, विद आउट सीट बेल्ट, बिद आउट हेलमेट, जेब्रा क्रासिंग सहित हर प्रकार के छोटे से बड़े ट्रैफिक नियम के उल्लंघन पर चालान काटा जा रहा है।

# हरियाणा और पंजाब में जारी रहा ठंड का प्रकोप



**एजेंसी, चंडीगढ़**

हरियाणा और पंजाब के ज्यादातर हिस्सों में रविवार को कई स्थानों पर कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी रहा और नारनौल में न्यूनतम तापमान सबसे कम 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों राज्यों में कुछ स्थानों पर सुबह घना कोहरा छाया रहा।

मौसम विभाग के अनुसार हरियाणा के करनाल में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस, अंबाला में 8.3 डिग्री सेल्सियस, हिसार में 8.8 डिग्री सेल्सियस, भिवानी में 8.9 डिग्री सेल्सियस, गुरुग्राम में 9.3 डिग्री सेल्सियस और रोहतक में 10.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने बताया कि पंजाब के बठिंडा में न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस और अमृतसर में 7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार गुरदासपुर में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस, पटियाला में 8.4 डिग्री सेल्सियस, फरीदकोट में 8.5 डिग्री सेल्सियस, लुधियाना में 8.6 डिग्री सेल्सियस और पठानकोट में 9.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# उत्तराखंड में निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भाजपा में शामिल

**एजेंसी, देहरादून**

उत्तराखंड में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस की प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए।

बताया जा रहा है कि जोशी पार्टी हाईकमान द्वारा पिथौरागढ़ में महापौर सीट के लिए उनकी पत्नीको टिकट नहीं दिए जाने के बाद से नाखुश थे।

भाजपा में शामिल होने वाले अन्य नेताओं में कांग्रेस की प्रदेश इकाई के पूर्व उपाध्यक्ष बिट्टू कर्नाटक और दो बार जिला पंचायत अध्यक्ष रहे जगत सिंह खाती शामिल हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में नेताओं का सत्तारूढ़ दल में स्वागत किया।

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए नेताओं को मेहनती और योग्य व्यक्ति करार देते हुए धामी ने भरोसा जताया कि भाजपा को निकाय चुनाव में उनके अनुभव का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस में योग्य और अच्छे लोगों की कोई कद्र नहीं है।

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए नेताओं ने कहा कि कांग्रेस समर्पित कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान नहीं दे रही है।

उन्होंने कहा, ''मैंने कांग्रेस में पूरी ईमानदारी के साथ काम किया, लेकिन पार्टी में इस सब की कोई कद्र नहीं है। इसलिए मैंने भाजपा की सदस्यता ले ली है।''

### दम घुटने से दो प्रवासी श्रमिकों की मौत

**पटियाला।** पंजाब के पटियाला में कार्बन मोनोऑक्साइड के कारण कथित तौर पर दम घुटने से दो प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि दोनों श्रमिकों के शव पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल राजपुरा लाए गए हैं। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सोनिया जंगवाल ने कहा कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

उन्होंने मृत श्रमिकों के एक रिश्तेदार के हवाले से बताया कि गुरुवार को भीषण ठंड होने के कारण दोनों ने अपने कमरे में अंगीठी जला रखी थी। रिश्तेदार ने बताया कि श्रमिकों ने कमरा अंदर से बंद रखा था। ऐसा संदेह है कि दोनों की कार्बन मोनोऑक्साइड से दम घुटने के कारण मौत हो गई।

# मनमोहन सिंह को 'भारत रत्न' देने के लिए पंजाब विस से लाया जाए संयुक्त प्रस्ताव : प्रताप बाजवा

**एजेंसी, चंडीगढ़**



फाइल फोटो

कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने रविवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान को पत्र लिखकर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को 'भारत रत्न' देने की अनुशंसा करने के लिए सदन में संयुक्त प्रस्ताव लाने की मांग की।

बाजवा ने संयुक्त प्रस्ताव पेश कर सिंह को देश की प्रगति में उनके ''असाधारण योगदान और अनुकरणीय सेवा'' के लिए भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करने की वकालत की।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)विधायक दल के नेता अश्विनी शर्मा, शिरोमणि अकाली दल के विधायक मनप्रीत सिंह अयाली और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक नछत्तर पाल को भी पत्र लिखकर प्रस्ताव रखा कि एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर सिंह को यह सम्मान दिए जाने की मांग करे।

भारत में आर्थिक सुधारों के सूत्रधार माने जाने वाले सिंह का 26 दिसंबर को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बाजवा ने अपने पत्र में कहा, ''मैं राष्ट्रीय महत्व की एक सामूहिक पहल का प्रस्ताव देने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं जो भारत के सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक डॉ. मनमोहन सिंह को सम्मानित करने के लिए राजनीतिक सीमाओं से परे है।''

## देश-विदेश

# इसराइल के गाजा पर तेज किए हवाई हमले, 72 घंटों में मारे गए 184 लोग

**एजेंसी, गाजा**



**गाजा** में पिछले तीन दिनों से जारी इसराइल के हवाई हमले में कम से कम 184 लोग मारे गए हैं। हमास के गाजा स्थित मीडिया कार्यालय ने कहा कि इसराइली सेना ने पिछले 72 घंटों में गाजा पट्टी पर 94 हवाई हमले किए, जिसमें 184 लोगों की मौत हुई है। इसराइल के हवाई हमले में कई पीड़ित या तो मारे गए या घायल हो गए हैं। इसके अलावा कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है।

गाजा में फिलिस्तीनी नागरिक रक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि पिछले तीन दिनों में इजरायली हवाई हमले तेज हुए हैं, जो स्थानीय निवासियों के लिए मुश्किल समय है। बयान में कहा कि इसराइली सेना इन भयावह अपराधों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है और उन्होंने हथियार और राजनीतिक समर्थन देने के लिए अमेरिकी प्रशासन की भी आलोचना की है।

### एनआईए की झारखंड में नक्सलियों के ठिकानों पर रेड

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में नौ स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई सीपीआइ (माओवादी) से जुड़ी एक जांच के तहत की गई, जिसमें संदिग्ध आतंकवादियों और ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) के ठिकानों पर छापे मारे गए। तलाशी के दौरान एनआईए टीमों ने कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की, जिनमें मोबाइल फोन, मेमोरी कार्ड, सिम कार्ड और अन्य सामग्री शामिल हैं। इसके अलावा, एक 20-लीटर प्लास्टिक केन में 10,50,000 रुपए नकद, एक वॉकी-टॉकी, सैमसंग टैबलेट, पावर बैंक, रेडियो सेट, लेवी वसूली रसीद, जिलेटिन की छड़ें और अन्य संदिग्ध सामान भी बरामद किए गए।

# दिल्ली में कोहरे की मार, 100 से अधिक उड़ानों के संचालन में देरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिल्ली** हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण रविवार को 100 से अधिक उड़ानों के संचालन में विलंब हुआ है।

अब तक किसी भी उड़ान को न तो रद्द किया गया है और न ही मार्ग बदला गया है। घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने की वजह से पिछले तीन दिन से उड़ानों का संचालन प्रभावित हो रहा है।

**दिल्ली के कुछ इलाकों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब**

दिल्ली हवाई अड्डे पर अब भी दृश्यता कम है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) ने सुबह 8:45 बजे 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान की अद्यतन जानकारी के लिए संबंधित विमानन कंपनी से संपर्क करें। दिल्ली में वायु प्रदूषण से भी लोग परेशान हैं। इसने लोगों के बीच स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा कर दी हैं। इससे लोगों में आंखों के जलन की समस्या और सांस संबंधी समस्याएं देखने को मिल रही हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, रविवार सुबह 8:30 बजे तक दिल्ली में औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक 374 था।

# इक्वाडोर के राष्ट्रपति ने की सात राज्यों में आपातकाल की घोषणा

**एजेंसी, क्विटो**

इक्वाडोर के राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ ने बढ़ती आंतरिक अशांति और सशस्त्र संघर्ष के बीच देश के सात राज्यों और तीन नगर पालिकाओं में 60 दिन के आपातकाल की घोषणा की है। यह आपातकाल गुआयास, लॉस रियोस, मनाबी, सांता एलेना, एल ओरो, ओरेलाना और सुकुम्बियोस प्रांतों के साथ-साथ क्विटो, ला ट्रोनकल और कैमिलो पोंस एनरिकेज के मेट्रोपॉलिटन जिले में लागू होगा। राष्ट्रपति नोबोआ ने बढ़ते अपराध और संगठित अपराध समूहों की बढ़ती गतिविधियों को आपातकाल का मुख्य कारण बताया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य हिंसा को रोकना और सार्वजनिक व्यवस्था को बहाल करने के लिए सैन्य और पुलिस बलों का समर्थन करना है।

# पाक को मिल सकती है 20 अरब डॉलर के कर्ज की मंजूरी

**इस्लामाबाद।** विश्व बैंक से पाकिस्तान को 20 अरब अमेरिकी डॉलर का ऋण मिल सकता है। ऋण पैकेज को मंजूरी देने की प्रक्रिया जारी है। यह एक अग्रणी 10-वर्षीय पहल है, जो विश्व बैंक की ओरसे वित्तपोषित परियोजनाओं को राजनीतिक बदलावों से बचाएगी और छह लक्षित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगी। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया कि 14 जनवरी को मंजूरी दी जानी है, जिसके बाद वैश्विक ऋणदाता के दक्षिण एशिया के उपाध्यक्ष मार्टिन रेजर के भी इस्लामाबाद आने की उम्मीद है।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर, 1 जवान शहीद

**एजेंसी, दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़)**

**छत्तीसगढ़** के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक हेड कांस्टेबल की भी जान चली गई।

अधिकारी ने बताया कि शनिवार देर शाम को सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल नक्सल रोधी अभियान पर था, तभी नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिलों की सीमा पर दक्षिण अबूझमाड़ के एक जंगल में मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात गोलीबारी थमने के बाद घटनास्थल से चार नक्सलियों के शव और एके-47 राइफल तथा सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर) सहित स्वचालित हथियार बरामद किए गए।

# हिलेरी क्लिंटन, जॉर्ज सोरोस समेत 19 लोगों को अमेरिका का सर्वोच्च सम्मान

**एजेंसी, वाशिंगटन**



जॉर्ज सोरोस | हिलेरी क्लिंटन | डेनजेल वाशिंगटन | लियोनेल मेसी

**अमेरिका** के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन, विवादित निवेशक जॉर्ज सोरोस, वोग की प्रधान संपादक एना विंटोर, वैज्ञानिक बिल नेई और अभिनेता डेनजेल वाशिंगटन सहित 19 लोगों को शनिवार को देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम' प्रदान किया। प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने अमेरिका की समृद्धि, उसके मूल्यों, सुरक्षा, विश्व शांति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो या सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण काम किए हों। पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के कारण अर्जेंटीना के फुटबाल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी अमेरिकी राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत रूप से 'व्हाइट हाउस' में उपस्थित नहीं हो सके।

बाइडेन ने 'व्हाइट हाउस' के 'ईस्ट रूम' में आयोजित समारोह में कहा कि राष्ट्रपति के रूप में अंतिम बार मुझे हमारे देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'मेडल ऑफ फ्रीडम' को असाधारण लोगों के एक समूह को प्रदान करने का सम्मान मिला है। ऐसे लोग जिन्होंने अमेरिका की संस्कृति और उद्देश्य को आकार देने में योगदान दिया। पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, रक्षा मंत्री लॉएड ऑस्टिन, कई मंत्रियों तथा अन्य गणमान्य लोगों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की।

# रमेश बिधूड़ी का प्रियंका के खिलाफ विवादित बयान, भड़की कांग्रेस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** की कालकाजी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी ने कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रियंका के गालों जैसी सड़कें बना देंगे।

बिधूड़ी के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने रमेश बिधूड़ी के बयान को महिला विरोधी बताया। उन्होंने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए कहा कि भाजपा घोर महिला विरोधी है। भाजपा के पूर्व सांसद और कालकाजी सीट से उनके प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी का प्रियंका गांधी के संदर्भ में दिया बयान शर्मनाक ही नहीं बल्कि उनकी औरतों के बारे में कुत्सित मानसिकता को दिखाता है।

### मांगी माफी, बोले- अपमान करना नहीं था मकसद



**प्रियंका** गांधी को लेकर दिए गए विवादित बयान पर बीजेपी नेता और उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने माफी मांग ली है। उन्होंने 'एक्स' हैंडल पर लिखा कि किसी संदर्भ में मेरे बयान पर कुछ लोग गलत धारणा से राजनीतिक लाभ के लिए सोशल मीडिया पर बयान दे रहे हैं। मेरा आशय किसी को अपमानित करने का नहीं था। फिर भी अगर किसी भी व्यक्ति को दुख हुआ है तो मैं खेद प्रकट करता हूं।

### भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की मांग 4% बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली।** 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में भारत में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी जैसे पेट्रोलियम उत्पादों की मांग तीन से चार प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। फिच रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार, इसकी वजह कंज्यूमर, इंडस्ट्रियल और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में पेट्रोलियम उत्पादों की मांग बढ़ना है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय तेल वितरण कंपनियों के रिफाइनरी मार्जिन वित्त वर्ष 25 के मिड-साइकिल के स्तरों से नीचे आने की उम्मीद है। इसका कारण अधिक रीजनल आपूर्ति और कच्चे तेल की किस्मों की कीमतों में अंतर कम होना है। मार्केटिंग मार्जिन वित्त वर्ष 24 में बेहतर रहेंगे, क्योंकि कच्चे तेल की कीमत चालू वित्त वर्ष में निचले स्तरों पर रही है।

# भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना हमारा लक्ष्य : धनखड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का दृष्टिकोण अब एक सपना नहीं, बल्कि एक 'निश्चित लक्ष्य' है। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के गणतंत्र दिवस शिविर के औपचारिक उद्घाटन के अवसर पर दिल्ली छावनी में एक समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने यह टिप्पणी की।

उन्होंने एनसीसी सदस्यों की प्रशंसा की और कहा कि वे राष्ट्र की सेवा की भावना के साथ एकता व अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए जाने जाते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आप (एनसीसी कैडेट) हमारी युवा आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। 2047 में हमारा विकसित राष्ट्र का दृष्टिकोण अब एक सपना नहीं है। यह हमारा निश्चित लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आप सभी 2047 में भारत के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने औपनिवेशिक शासन से देश की आजादी के 100 साल पूरे होने पर 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि आप भाग्यशाली हैं कि आप ऐसे समय में रह रहे हैं, जब भारत संभावनाओं वाला देश नहीं रह गया है।


## स्पोर्ट्स विंडो

### भारत के सुमित नागल ऑकलैंड में मुख्य ड्रॉ में पहुंचे



**ऑकलैंड।** भारत के नंबर-1 एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने रविवार को यहां अपने से बेहतर रैंकिंग वाले फ्रांसीसी खिलाड़ी एड्रियन मनारिनो पर सीधे सेट में जीत के साथ एटीपी 250 प्रतियोगिता एएसबी क्लासिक के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया। दुनिया के 98वें नंबर के 26 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी नागल को क्वालीफायर के अंतिम दौर में 7-6, 6-3 से जीत हासिल करने से पहले दुनिया के 66वें नंबर के खिलाड़ी मनारिनो से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। नागल खराब फॉर्म से उबरने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि 2024 सत्र के अंत में शीर्ष 100 में जगह बनाए रखने में कामयाब होने से पूर्व वह कई टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर हुए थे। मुख्य ड्रॉ में खेलने से नागल को 12 जनवरी से मेलबोर्न में शुरू होने वाले सत्र के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले तैयारी का अच्छा मौका मिलेगा।

### खो-खो विश्व कप : अंतरराष्ट्रीय टीमों को प्रशिक्षित कर रहे भारतीय कोच



**नई दिल्ली।** खो-खो विश्व कप आयोजन समिति ने खो-खो विश्व कप में हिस्सा लेने वाले एशिया, यूरोप और नॉर्थ अमेरिका देशों में संबंधित देशों की खो-खो टीमों को फिटनेस, खेल नियमों और नवीनतम खेल तकनीकों के बारे में प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षित भारतीय कोच तैनात किए हैं। खो-खो विश्व कप-2025 के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय खो-खो फेडरेशन के प्रेसिडेंट श्रसुधांशु मित्तल ने बताया की यह कोच संबंधित देशो की खो-खो फेडरेशन के अनुरोध पर तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ये कोच अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, नयूज़ीलैंड , अर्जेंटीना, दक्षिण कोरिया, पोलैंड, हॉलैंड, पेरू, दक्षिण अफ्रीका, केन्या, मलेशिया, भूटान और नेपाल देशों में तैनात किए गए हैं।

### मांडविया ने 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का नेतृत्व किया



**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने गुजरात के पोरबंदर में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का नेतृत्व किया जबकि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने गुवाहाटी से इस पहल का समर्थन किया। मांडविया के साथ 150 से अधिक साइकिल सवारों ने उनके लोकसभा क्षेत्र पोरबंदर के उपलेटा में म्यूनिसिपल आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज से तालुका स्कूल क्रिकेट ग्राउंड तक पांच किलोमीटर का सफर तय किया। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता बोरगोहेन देश के विभिन्न हिस्सों से अन्य प्रतिष्ठित खिलाड़ियों के साथ गुवाहाटी में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के क्षेत्रीय केंद्र से साइकिलिंग पहल में शामिल हुईं। पूर्व राष्ट्रमंडल हैवीवेट कुश्ती चैंपियन संग्राम सिंह ने भी दिल्ली में इस कार्यक्रम में भाग लेकर अपना समर्थन देने का संकल्प लिया। पिछले महीने मांडविया द्वारा शुरू किए जाने के बाद से देश भर में 2500 से अधिक स्थानों पर साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। मांडविया ने कहा, ''साइकिल चलाना प्रदूषण का समाधान है। यह अच्छे स्वास्थ्य का मंत्र है। सभी को साइकिल चलानी चाहिए।''

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी** टीम इंडिया सिडनी टेस्ट छह विकेट से हारी, बुमराह बने 'प्लेयर ऑफ द सीरीज'

# ऑस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी के फाइनल में

**एजेंसी, सिडनी**

शीर्ष खिलाड़ियों की खराब फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम रविवार को यहां 5वें और अंतिम टेस्ट में छह विकेट की शिकस्त के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल से बाहर हो गई जबकि ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से जीतकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाई। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अब 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलेगा।

कप्तान जसप्रीत बुमराह पीठ में जकड़न के बावजूद अगर गेंदबाजी करने की स्थिति में होते तो 162 रन का लक्ष्य मुश्किल हो सकता था, लेकिन उनकी गैर-मौजूदगी में इस सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर इस स्कोर का बचाव करना लगभग असंभव था।

बुमराह को पांच मैच में 32 विकेट चटकाने के लिए सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया लेकिन भारत के लचर प्रदर्शन के लिए यह कोई सांत्वना की स्थिति नहीं थी।



बुमराह की गैर-मौजूदगी में प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज मेजबान टीम के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में नाकाम रहे जबकि कप्तान की भूमिका निभा रहे विराट कोहली ने इन्हीं दोनों तेज गेंदबाजों पर भरोसा बरकरार रखा।

कुछ सफलताओं के बावजूद कृष्णा और सिराज ने कई खराब गेंदें फेंकी, जिससे मेजबान टीम ने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (41), ट्रेविस हेड (नाबाद 34) और पदार्पण करने वाले ब्यू वेबस्टर (नाबाद 39) की पारियों की बदौलत 27 ओवर में चार विकेट पर 162 रन बनाकर जीत दर्ज की।

इसके साथ ही बुमराह पर भारत की अति निर्भरता भी उजागर हुई। इससे पहले स्कॉट बोलैंड (45 रन पर छह विकेट) और कप्तान पैट कमिंस (44 रन पर तीन विकेट) ने दूसरी पारी में भारत को 39.5 ओवर में सिर्फ 157 रन पर ढेर कर दिया। सीरीज की एकमात्र सकारात्मक बात यह है कि जायसवाल अगले बल्लेबाजी सुपरस्टार के रूप में उभर रहे हैं और नितीश रेड्डी ने प्रतिभा की झलक दिखाई है। रेड्डी की गेंदबाजी अगर बेहतर होती है तो भारत को घरेलू मैदान पर अच्छी पिचों पर तीन स्पिनरों के साथ खेलने का मौका मिलेगा।

## स्कोर बोर्ड

| | | | |
|---|---|---|---|
| भारत (पहली पारी) | 185/10 | | |
| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | 181/10 | | |
| **भारत (दूसरी पारी)** | **रन** | **गेंद** | **4/6** |
| जायसवाल ब. बोलैंड | 22 | 35 | 4/0 |
| राहुल ब. बोलैंड | 13 | 20 | 2/0 |
| गिल क. कैरी ब. वेबस्टर | 13 | 15 | 2/0 |
| कोहली क. स्मिथ ब. बोलैंड | 06 | 12 | 1/0 |
| पंत क. कैरी ब. कमिंस | 61 | 33 | 6/4 |
| जडेजा क. कैरी ब. कमिंस | 13 | 45 | 2/0 |
| नीतिश क. कमिंस ब. बोलैंड | 04 | 21 | 0/0 |
| वॉशिंगटन ब. कमिंस | 12 | 43 | 1/0 |
| सिराज क. ख्वाजा ब. बोलैंड | 04 | 11 | 0/0 |
| बुमराह ब. बोलैंड | 00 | 03 | 0/0 |
| कृष्णा (नाबाद) | 01 | 01 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 08 | | |
| **कुल** : ( 39.5 ओवर) | 157/10 | | |

**विकेट पतन** : 1-42, 2-47, 3-59, 4-78, 5-124, 6-129, 7-147, 8-156, 9-156, 10-157.

**गेंदबाजी** : स्टॉर्क 4-0-36-0, कमिंस 15-4-44-3, बोलैंड 16.5-5-45-6, वेबस्टर 4-1-24-1.

| | | | |
|---|---|---|---|
| **ऑस्ट्रेलिया (दूसरी पारी)** | **रन** | **गेंद** | **4/6** |
| सैम क. वॉशिंगटन ब. कृष्णा | 22 | 17 | 3/0 |
| ख्वाजा क. पंत ब. सिराज | 41 | 45 | 4/0 |
| लाबुशेन क. जायसवाल ब. कृष्णा | 06 | 20 | 1/0 |
| स्मिथ क. जायसवाल ब. कृष्णा | 04 | 09 | 0/0 |
| हैड (नाबाद) | 34 | 38 | 4/0 |
| वेबस्टर (नाबाद) | 39 | 34 | 6/0 |
| **अतिरिक्त** | 16 | | |
| **कुल** : ( 27 ओवर) | 162/4 | | |

**विकेट पतन** : 1-39, 2-52, 3-58, 4-104.

**गेंदबाजी** : सिराज 12-1-69-1, कृष्णा 12-0-65-3, नीतिश 2-0-10-0, वॉशिंगटन 1-0-11-0.

### अगर टेस्ट क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्धता है तो घरेलू क्रिकेट खेलो : गंभीर

**सिडनी।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली में उत्कृष्ट प्रदर्शन की ललक है, लेकिन उन्होंने इन दोनों के समेत सभी सीनियर खिलाड़ियों से घरेलू क्रिकेट खेलकर टेस्ट क्रिकेट के लिए अपनी प्रतिबद्धता साबित करने का आग्रह किया।

दो बार विश्व कप विजेता रह चुके स्पष्टवादी गंभीर ने इसे लेकर भी कोई आश्वासन नहीं दिया कि रोहित या कोहली आगे टेस्ट टीम का हिस्सा होंगे या नहीं।

गंभीर ने कहा ,'' अभी इस पर बात करने का समय नहीं है कि पांच महीने बाद हम कहां होंगे। खेल में बहुत कुछ बदलता है। फॉर्म बदलता है, लोग बदलते हैं, तेवर बदलते हैं, सब कुछ बदल जाता है। हमें पता है कि पांच महीने लंबा समय है।''

उन्होंने कहा ,'' इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज (जुलाई) के समय देखेंगे कि क्या होता है, लेकिन जो भी होगा, वह भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ हित में होगा।''

रोहित ने खराब फॉर्म के कारण आखिरी टेस्ट से खुद को बाहर रखने से पहले पांच पारियों में 31 रन बनाए जबकि कोहली नौ पारियों में 190 रन ही बना सके।

## मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम को हराया

**एजेंसी, लंदन**

एर्लिंग हालेंड के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम को 4-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

टीम ने प्रीमियर लीग में अक्तूबर के बाद पहली बार लगातार दो मैच जीते हैं। गत चैंपियन टीम इस बीच छह हफ्तों में नौ मैच में सिर्फ एक ही जीत पाई थी।

नॉर्वे के स्ट्राइकर हालेंड ने 42वें और 55वें मिनट में गोल दागे। वेस्ट हैम की ओर से एक आत्मघाती गोल हुआ जबकि सिटी की ओर से चौथा गोल फिल फोडेन ने किया। वेस्ट हैम की ओर से एकमात्र गोल निकलास फुलक्रूग ने दागा। इस जीत के बावजूद हालांकि सिटी की टीम छठे स्थान पर बरकरार है। अन्य



मुकाबलों में ब्राइटन और आर्सेनल का मैच 1-1 से बराबर रहा जबकि चेल्सी ने भी क्रिस्टल पैलेसे से 1-1 से ड्रॉ खेला।

## दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली।** विक्रांत रविंद्र केनी को 12 जनवरी से श्रीलंका में शुरू होने वाली दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 17 सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया। दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए यह टूर्नामेंट 2019 के बाद पहली बार आयोजित किया जा रहा है। भारत अपने अभियान की शुरुआत पहले दिन पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगा। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद के राष्ट्रीय चयन पैनल ने मुख्य कोच रोहित जलानी के नेतृत्व में जयपुर में ट्रेनिंग शिविर के बाद टीम का चयन किया।

**टीम ।** विक्रांत रविंद्र केनी (कप्तान), रविंद्र गोपीनाथ सैंटे (उप-कप्तान), योगेंदर सिंह (विकेटकीपर), अखिल रेड्डी, राधिका प्रसाद, देपेंद्र सिंह (विकेटकीपर), आकाश अनिल पाटिल, सनी गोयत, पवन कुमार, जितेंद्र, नरेंद्र, राजेश, निखिल मन्हास, आमिर हसन, माजिद मागरे, कुणाल दत्तात्रेय फनासे और सुरेंद्र।

## बीजीटी ट्रॉफी देने के लिए बॉर्डर के साथ बुलाए नहीं जाने पर नाराज गावस्कर

**एजेंसी, सिडनी**



महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अपने और एलेन बॉर्डर के नाम पर दी जाने वाली ट्रॉफी ऑस्ट्रेलियाई टीम को प्रदान करने के लिए बुलाए नहीं जाने पर नाराजगी जताई है। ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें और आखिरी टेस्ट में भारत को छह विकेट से हराकर दस साल में पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) जीती।

बॉर्डर ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को ट्रॉफी प्रदान की जबकि उस समय मैदान पर मौजूद होने के बावजूद गावस्कर को बुलाया नहीं गया। गावस्कर ने बाद में कोड स्पोटर्स से कहा ,'मुझे पुरस्कार वितरण समारोह में जाकर खुशी होती। आखिरकार यह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी है और ऑस्ट्रेलिया तथा भारत से जुड़ी है।'' उन्होंने कहा ,'' मैं मैदान पर ही था। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि ट्रॉफी आस्ट्रेलिया को दी जा रही थी। उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेला और जीते। ठीक है। सिर्फ इसलिये कि मैं एक भारतीय हूं। अपने अच्छे दोस्त एलेन बॉर्डर के साथ ट्रॉफी प्रदान करके मुझे खुशी होती।''

भारतीय टीम अगर जीतती तो गावस्कर को विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करने के लिए बुलाया जाता। भारत और ऑस्ट्रेलिया 1996-97 से बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेल रहे हैं।

